जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

चूरू

Rashtradoot

फोन:- 256906, 256907, फैक्स:- 01562-256908 वर्ष: 14 संख्या: 191 प्रभात चूरू, बुधवार 9 नवम्बर, 2022 पो. रजि. न. चूरू/084/2019-21 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.



## जैसलमेर आया विदेशी गिद्धों का कुनबा

*सर्दी का मौसम शुरु होने के साथ ही प्रवासी मेहमान पक्षियों का आगमन शुरु हो गया है। जैसलमेर में हर बार की तरह इस बार भी प्रवासी पक्षियों के झुंड आए हैं। यूरेशियन ग्रिफन वल्चर व हिमालय ग्रिफन गिद्धों ने भी डेरा जमाना शुरु कर दिया है। राजस्थान में यूरेशियन ग्रिफन वल्चर कज़ाकिस्तान, अफगानिस्तान और बलूचिस्तान से आते हैं। सर्दी के मौसम में जब इन देशों में कड़ाके की ठंड पड़ती है तब इन क्षेत्रों के पक्षी तुलनात्मक रुप से गर्म प्रदेशों का रुख करते हैं। जैसलमेर के धोलिया और भादरिया में इन पक्षियों के समूह देखे जा रहे हैं। दरअसल इन इलाकों में मवेशी भारी तादाद में हैं तथा इन गिद्धों का मुख्य भोजन चूंकि मृत जानवर हैं इसलिए यहां इन्हें भरपूर भोजन मिलता है। ये गिद्ध मार्च, अप्रैल तक जैसलमेर के इन इलाकों में ही विचरण करेंगे। पर्यावरण प्रेमी राधेश्याम पेमानी ने बताया कि, जैसलमेर में गिद्धों का आना पर्यावरण के लिए बहुत ही सुखद है। ये संकटग्रस्त गिद्ध पर्यावरण को शुद्ध रखने में मददगार होते हैं। ये मरे जानवर खाते हैं जिससे प्रदूषण नहीं फैलता। उन्होंने बताया कि, प्रवासी गिद्धों के साथ- साथ स्थानीय रैड हैडेड, व्हाइट रम्पड, लाँग बिल्ड व ईजिप्शियन वल्चर भी नजर आ रहे हैं। इसके अलावा हिमालयन ग्रिफन और यूरेशियन ब्लैक वल्चर भी देखे जा रहे हैं। हिमालय ग्रिफन गिद्ध, हिमालय के उस पार, मध्य एशिया, यूरोप, तिब्बत आदि ठण्डे इलाकों से आते हैं, क्योंकि तेज सर्दी में वहाँ भोजन नहीं मिलता है। जैसलमेर जिले की सर्दी इन पक्षियों के लिए अनुकूल है। जिले में पशुपालन बहुतायत में होता है इसलिए इन्हें भोजन की कमी नहीं होती है। राधेश्याम पेमानी ने बताया कि, इन दिनों इस इलाके में कुत्तों की संख्या बढ़ने से मृत पशु बचते ही नहीं हैं। उन्होंने बताया कि लंपी नामक बीमारी के कारण पशुओं को मौत के बाद ज्यादातर दफनाया गया जिससे मृत पशु नहीं मिल पा रहे हैं। इसलिए इस बार इन संकटग्रस्त गिद्धों को भोजन की समस्या आड़े आ सकती है।*

# चीन के राष्ट्रपति शी यूक्रेन में न्युक्लियर बम के उपयोग की धमकी के खिलाफ खुलकर सामने आये

### जैसा कि विदित ही है, रूस कई बार सार्वजनिक धमकी दे चुका है कि, यूक्रेन के खिलाफ न्युक्लियर बम का सीमित उपयोग कर सकता है

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 नवम्बर। यूक्रेन को काबू में करने के लिए रूस की परमाणु युद्ध की धमकी पर चीन ने रूस को यह स्पष्ट व संक्षिप्त संदेश भेजा है कि वह परमाणु विकल्प का इस्तेमाल करने से परहेज करे। उम्मीद है इससे विश्व की चिंता कुछ कम हुई होगी। चीन के राष्ट्रपति शी ने कहा है कि "परमाणु हथियारों का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए और परमाणु युद्ध नही लड़े जाने चाहिए।"

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की एक रिपोर्ट कहती है कि जर्मनी के चांसलर ओलाफ शुल्ज़ के साथ हुई अपनी मुलाकात में राष्ट्रपति शी ने यूक्रेन में चल रहे वर्तमान युद्ध में परमाणु हथियारों के इस्तेमाल के खिलाफ अपनी स्थिति बिल्कुल स्पष्ट कर दी थी। उनकी टिप्पणियों की भाषा उस संयुक्त शपथ के अनुरूप थी कि परमाणु हथियारों का उपयोग सिर्फ रक्षात्मक उद्देश्य के लिए ही किया जाएगा। यह संयुक्त शपथ एक समझौते में थी, जिसे इस वर्ष के जनवरी माह में चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका द्वारा हस्ताक्षरित किया गया था। ये पांच ही परमाणु शस्त्रों से सुसज्जित देश हैं जिन्हें वर्ष 1968 में

- **यह सख्त टिप्पणी चीन के राष्ट्रपति ने जर्मनी के चांसलर ओलाफ शुल्ज़ से मुलाकात के दौरान की।**
- **रूस इस टिप्पणी के बाद, कुछ रक्षात्मक मुद्रा में आया।**
- **रूस की तरफ से कहा गया कि, राष्ट्रपति शी की सख्त टिप्पणी का रूस व चीन के संबंधों पर कोई गलत असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि राष्ट्रपति शी द्वारा काम में ली गई भाषा बिल्कुल वो ही है, जो हथियार-अप्रसार नीति के संबंध में चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन व अमेरिका की नीतिगत व्याख्या में है।**
- **रूस की ओर से यह समझाया गया कि, रूस का, न्यूक्लियर बम के उपयोग का कभी भी कोई इरादा नहीं था, रूस ने न्यूक्लियर विकल्प के उपयोग की धमकी केवल इसलिये दी थी कि, नाटो संगठन की सेनाएं रूस में प्रवेश करने की हिम्मत न करें।**

हुई नॉन-प्रोलिफरेशन ऑफ न्यूक्लियर वैपन्स संधि से मान्यता प्राप्त हैं।

शी का बयान पुतिन के बयान के एक महीने बाद आया है। पुतिन ने कहा था कि रूस अपने लोगों की सुरक्षा के लिए सभी उपलब्ध संसाधनों का इस्तेमाल करेगा और चुनौतियों से निबटने के लिए उसके पास बड़ी संख्या में परमाणु हथियार हैं।

पुतिन की टिप्पणियों ने पश्चिमी देशों को इसे लेकर चिंता में डाल दिया था कि मॉस्को अपने यूक्रेन आक्रमण में परमाणु हथियारों का प्रयोग कर सकता है, लेकिन पुतिन ने पिछले महीने कहा कि राजनीतिक अथवा सैन्य रूप से परमाणु हथियारों की जरूरत नहीं है।

चीन-रूस संबंधों के विशेषज्ञ कहते हैं कि दोनों देश एक-दूसरे के परमाणु सिद्धान्त को समझते हैं और शी का रूख उनके संबंधों को नुकसान नहीं पहुंचाएगा।

सिन्हुआ यूनिवर्सिटी के सैन्टर फॉर इन्टरनैशनल सिक्योरिटी एण्ड स्ट्रैटजी के एक वरिष्ठ अध्येता झाउ बो के अनुसार शुल्ज़ के समक्ष व्यक्त किया गया शी का बयान परमाणु हथियारों को लेकर चीन की दीर्घकालीन स्थिति को परिलक्षित करता है। यह कुछ ऐसा है जिससे मॉस्को भली भांति परिचित है और इसलिए वह संबंधों को खराब नही करेगा।

झाउ, जो कि पीपल्स लिबरेशन आर्मी के सीनीयर कर्नल भी रह चुके हैं, ने कहा कि "चीन ने रूस अथवा यूक्रेन में से किसी का भी पक्ष नहीं लेने का विकल्प है, लेकिन जब बात परमाणु हथियारों की आती है तो चीजें बिल्कुल अलग हो जाती हैं क्योंकि इसमें मानवता का बने रहना शामिल है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका और नाटो को यूक्रेन में अपने सैनिकों को भेजने से रोकने में परमाणु हथियारों का उपयोग करने की रूस की धमकी को प्रभावी माना जा रहा है।

झाउ ने कहा कि "रूस की सरकार ने प्रत्यक्ष व स्पष्ट रूप से यह कभी नहीं कहा कि वह परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करेगी। उसने कई बार सिर्फ

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

# नीतीश, गुजरात में भारतीय ट्राइबल पार्टी से गठबंधन करने से क्यों कतरा रहे हैं

### हालांकि, गुजरात में 2002 के बाद से नीतीश की पार्टी की स्थिति लगातार गिरती जा रही है, तथा 2017 में तो एक भी सीट नहीं जीत पायी थी

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 नवम्बर। आगामी गुजरात विधानसभा चुनावों में नीतीश कुमार की जे.डी.यू. की तुलना में छोटूभाई वसावा की भारतीय ट्राइबल पार्टी (बी.टी.पी.) का प्रभाव कहीं ज्यादा है, लेकिन बिहार के मुख्यमंत्री को बी.टी.पी. के साथ गठबंधन करने के मामले में कुछ आपत्तियाँ है।

वसावा की इस घोषणा कि जे.डी.यू. के साथ चुनाव-पूर्व गठबंधन तय हो चुका है तथा कुमार बी.टी.पी का प्रचार करेंगे, के चंद दिन बाद ही, जे.डी.यू. के मुख्य प्रवक्ता के.सी. त्यागी ने आज दावे से कहा कि "अभी इस मामले में अंतिम निर्णय नहीं हुआ है।"

हाल ही में, वसावा के नीतीश कुमार तथा जे.डी.यू. अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ लल्लन सिंह से भेंट की थी। लेकिन बिहार के मुख्यमंत्री जिस कारण से बी.टी.पी. के साथ चुनाव-पूर्व गठबंधन करना नहीं चाहते, वह कारण यह है कि वे नहीं चाहते कि उन्हे विपक्षी एकता के हितों के विरूद्ध काम करने वाले के रुप में देखा जाए। चूँकि कांग्रेस तथा अरविन्द केजरीवाल की आप पार्टी भी गुजरात में चुनाव लड़ रही हैं, इसलिये बी.टी.पी. के साथ जे.डी.यू. का गठजोड़ विपक्ष या धर्मनिरपेक्ष दलों के बिखराव का संकेत दे सकता है।

- **गठबंधन से नीतीश की पार्टी को कुछ लाभ मिलता गुजरात में, वोट प्रतिशत बढ़ने से, पर, नीतीश की राष्ट्रीय भूमिका निभाने की महत्वाकांक्षा को जरूर झटका लगता।**
- **कांग्रेस व आप, दोनों गुजरात में गंभीरता से चुनाव लड़ रही हैं, तथा नीतीश द्वारा ट्राइबल पार्टी से गठबंधन करने से विपक्ष की एकता को झटका लगता। नीतीश की महत्वाकांक्षा का आधार ही विपक्ष की एकता है, अतः वे ट्राइबल पार्टी से गठबंधन का प्रस्ताव कैसे कर सकते हैं।**

जे.डी.यू. सूत्रों का कहना है कि पार्टी ने यह विचार जरूर व्यक्त किया था कि बी.टी.पी. जे.डी.यू के साथ अपने विलय के बारे में विचार कर सकती है। इस परिदृश्य में, जे.डी.यू. नेता चुनाव-पूर्व के गठबंधन के लिये कांग्रेस से सम्पर्क में आने की आशा सँजो सकते हैं।

प्रसंगवश बता दें कि वसावा का जे.डी.यू. के साथ 2007 से 2017 तक, 10 वर्षों की छोटी सी अवधि का जुड़ाव रहा है। जहाँ स्वर्गीय समाजवादी नेता मामा बालेश्वर दयाल की विरासत राजस्थान तथा गुजरात के कुछ क्षेत्रों में आज तक कायम है, लेकिन फिर भी,

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

## भारत-फ्रांस के वायुसेना अध्यक्षों ने फाइटर जेट उड़ाए

जोधपुर, 8 नवम्बर (कासं)। फ्रांस के वायुसेना प्रमुख स्टीफन माइल ने भारत का सुखोई फाइटर जेट उड़ाया, वहीं भारतीय वायुसेना के चीफ वी.आर चौधरी ने राफेल में उड़ान भरी। इसके साथ ही युद्धाभ्यास के दौरान स्वदेशी फाइटर जेट तेजस ने भी अपना कौशल दिखाया।

- **जोधपुर एयरबेस पर हो रहे भारत और फ्रांस के संयुक्त युद्धाभ्यास में फ्रांस के वायु सेना प्रमुख स्टीफन माइल ने सुखोई जेट और भारत के वायु सेना प्रमुख वी.आर. चौधरी ने राफेल उड़ाया।**

जोधपुर एयरबेस पर इन दिनों दुनियाभर के देशों की निगाहें टिकी हुई

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

# 'जो नेता खुद को पार्टी से बड़ा समझे, वह पार्टी छोड़कर चला जाए, वर्ना पार्टी उसे गिरा देगी'

### राजस्थान की गुटबाजी पर प्रियंका गांधी के सलाहकार तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पौत्र व राजस्थान में "भारत जोड़ो" यात्रा के प्रभारी, विभाकर शास्त्री ने सभी नेताओं को चेतावनी दी

जयपुर, 8 नवम्बर (का.प्र.)। राजस्थान में कांग्रेस में चल रही गुटबाजी पर भूतपूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के पोते एवं राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा के प्रभारी विभाकर शास्त्री ने कहा है कि "कोई नेता पार्टी से बड़ा नहीं है और जो व्यक्ति अपने आप को पार्टी से बड़ा समझता है तो वह खुद ही पार्टी छोड़ दे। अन्यथा पार्टी उसको गिरा देगी। यह केवल समय की बात है। पार्टी से बड़ा कोई नहीं होता है।" विभाकर शास्त्री कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के सलाहकार भी हैं।

भारत जोड़ो यात्रा के संबंध में तैयारियां देखने आए विभाकर शास्त्री पहले तो राजस्थान को लेकर किए जा रहे सवालों से बचते रहे, लेकिन जब उनसे राजस्थान की गुटबाजी को लेकर बार-बार सवाल किया गया, तो उन्होंने सभी नेताओं को नसीहत देते हुए कहा कि पार्टी से बड़ा कोई नहीं है। कोई नेता खुद को पार्टी से बड़ा समझता है, तो उसे पार्टी छोड़कर चले जाना चाहिए। शास्त्री ने ऐसा कहकर गुटबाजी में लगे नेताओं को एक तरह से आलाकमान की ओर से संकेत देने का भी प्रयास किया है।

- **विभाकर शास्त्री ने यह भी कहा कि, पार्टी से बड़ा कोई नेता नहीं होता। जो व्यक्ति अपने आप को पार्टी से बड़ा समझता है, वह पार्टी छोड़ दे।**

दूसरी ओर राजस्थान सरकार में पावर सैंट्रलाइजेशन, मंत्री और विधायकों की नहीं चलने को लेकर मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास व राजेंद्र गुढ़ा की ओर से दिए जा रहे सार्वजनिक बयानों को लेकर गोविंद सिंह डोटासरा ने चेतावनी देते हुए कहा कि "ऐसे बयान ना दें, जिससे पार्टी का नुकसान होता हो। यह मंत्री, विधायकों की नैतिक

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

## बाल श्रम के आरोपी को सज़ा

जयपुर, 8 नवंबर। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत द्वितीय ने बाल श्रम कराने वाले अभियुक्त मोहम्मद सय्यूम को 14 साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर 72 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत को बताया गया कि, तीस जुलाई, 2015 को मानव तस्करी निरोधक यूनिट ने कोतवाली थाना पुलिस को बाल श्रम की सूचना दी थी। यूनिट की सूचना पर पुलिस ने नींदड रावजी का रास्ता स्थित मकान में दबिश दी थी। यहां पुलिस को दस बच्चे चूडियां बनाते हुए मिले। पूछताछ में बच्चों ने

- **बच्चों से श्रम कराने के आरोपी मोहम्मद सय्यूम को, पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने 14 साल की सज़ा सुनाई और 72,000 रू. जुर्माना भी लगाया।**

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

# कर्नाटक में कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष ने मणि शंकर की भांति कांग्रेस की स्थिति अटपटी की

### जैसा कि विदित है, मणि शंकर अय्यर ने मोदी की, चाय पिलाने का काम करने की अति साधारण स्थिति पर कटाक्ष कर, कांग्रेस को रक्षात्मक मुद्रा में फंसा दिया था

-लक्ष्मण वेंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरा-

नई दिल्ली, 8 नवम्बर। क्या कांग्रेस के लिये मणि शंकर अय्यर के "चायवाला" कटाक्ष वाली स्थिति फिर आ गई है। इस बार यह घटना कर्नाटक में उस समय घटी, जब राज्य के एक वरिष्ठ कांग्रेस ने यह प्रश्न कर दिया कि हमने एक देश के रूप में, फारसी मूल के शब्द "हिन्दू" शब्द को इतना ज्यादा महत्व आखिर क्यों दे रखा है। भाजपा ने कांग्रेस नेता की यह लूज़ बॉल झटक ली है तथा उस पर छक्का लगा रही है। भाजपा ने कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि उसने संपूर्ण हिन्दू समुदाय का अपमान किया हैं।

- **कर्नाटक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष, सतीश जर्कीहोली ने भी अप्रत्यक्ष रूप से "हिन्दू" की परिभाषा की, जो काफी असम्मानजनक मानी जा सकती है।**
- **गुजरात व हिमाचल के चुनाव के पहले, इस टिप्पणी ने कांग्रेस को "हिन्दू विरोधी" होने का तमगा पहना दिया है, और यह हिन्दू व गैर-हिन्दू ध्रुवीकरण, राजनीतिक दृष्टि से भाजपा को बहुत माफिक आ रहा है।**
- **यह समझते हुए कर्नाटक में कांग्रेस के प्रभारी महासचिव सुरजेवाला ने, जर्कीहोली की टिप्पणी से पार्टी की दूरी बनाई और टिप्पणी को दुर्भाग्यशाली बताते हुए, टिप्पणी को रिजैक्ट किया।**
- **कार्यकारी अध्यक्ष जर्कीहोली अडिग रहे और बोले, उन्होंने कोई गलत बात नहीं की, तथा माफी मांगने या टिप्पणी वापस लेने से साफ इंकार किया।**

शीघ्र ही होने जा रहे गुजरात एवं हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों तथा इनके कुछ समय बाद होने वाले कर्नाटक विधानसभा चुनावों से पहले, कर्नाटक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सतीश जर्कीहोली की यह विवादास्पद टिप्पणी कांग्रेस की संभावनाओं को बहुत ज्यादा नुकसान पहुँचा सकती है। मोदी को "चायवाला" कहकर, उनके बचपन की दीनता-हीनता का उपहास करने वाली मणि शंकर अय्यर की टिप्पणी की तरह ही, कांग्रेस नेता सतीश जर्कीहोली की इस विवादास्पद टिप्पणी ने कांग्रेस के नुकसान की एक जबरदस्त गुंजाइश पैदा कर दी है।

कांग्रेस के इस नुकसान को सुनिश्चित करने के लिये, भाजपा, उसके वरिष्ठ नेता एवं प्रवक्ता कांग्रेस को हिन्दू-विरोधी बताते हुये, उस पर निशाना साध रहे हैं तथा उस पर बहुसंख्यक समाज के खिलाफ नफरत फैलाने का आरोप लगाया है।

यह निश्चित रूप से एक ऐसा विवाद है जिसके बिना ऐसे नाज़ुक मौके पर, जब ऐसे विधानसभा चुनाव होने को हैं, जो 2024 के लोकसभा चुनावों के लिये वातावरण-निर्माण करेंगे, कांग्रेस आराम से अपना काम चला सकती थी। इस टिप्पणी के कुछ मिनटों के अन्दर ही, कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व जर्कीहोली के खिलाफ हो गया तथा उनसे उस टिप्पणी को वापस लेने के लिये कह दिया, जो उन्होंने एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुये कही थी। कर्नाटक कांग्रेस के नेता ने कहा था कि हिन्दू नाम दिया ही फारसियों ने है तथा इसका अर्थ अच्छा नहीं होता। विदेशियों

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

## रिज़ल्ट आने के 4 माह बाद भी नहीं मिली अंकतालिका

बीकानेर, 8 नवम्बर (कासं)। राज्य के शिक्षा विभाग में सभी जिलों में संचालित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के माध्यम से जारी कक्षा पांचवीं व आठवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम आने के चार माह बाद भी विद्यार्थियों को अंकतालिका नहीं मिली।

परीक्षा परिणाम 8 जून को घोषित हुआ था। विद्यार्थियों को अभी तक मूल अंकतालिका नहीं मिली है। इस वजह से दूसरे स्कूल में प्रवेश लेने से लेकर विभाग की ओर से मिलने वाली छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने व आधार अपडेशन का कार्य करवाने में अभिभावकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि विद्यार्थियों के पास वर्तमान में केवल ऑनलाइन अंकतालिका की प्रतिलिपि

- **दूसरे स्कूल में प्रवेश लेने, छात्रवृति आवेदन आदि काम अटके हुए हैं।**

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

## विचार बिन्दु

अपना जीवन लेने के लिए नहीं देने के लिए है। –स्वामी विवेकानंद

# डिजिटल आभासी संसार भौतिक जगत को प्रभावित करता है

अब एक डिजिटल संसार है। मानव जिस संसार में रहता है उसे प्रकृति ने इस धरती के भौतिक जगत में रचा। विज्ञान की बड़ी छलांग लगाते हुए मानव ने भौतिक संसाधनों के जरिये डिजिटल संसार रच दिया। यह डिजिटल संसार आभासी दुनिया है जो भौतिक अस्तित्व में नहीं होते हुए भी भौतिक जगत के लिए है। अब जब संसार होगा तो संवाद, अभिव्यक्ति, विरोध और संचार भी होगा। भौतिक संसार में संचार का नियामक समाज रहा है। समाज की ही एक इकाई के रूप में राज्य की भी भूमिका रही है। समाज और राज्य अपने अनुभवों से संचार के नैतिक प्रतिमान बनाते रहे हैं। लोकतान्त्रिक व्यवस्था में सामूहिक समझ से उनका नियमन होता है। मगर समाज और व्यक्ति के बीच खींचतान भी हमेशा चलती रही है। मानव की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता किस सीमा तक स्वीकार्य है और मानव की समाज से अस्वीकृति किस हद तक जा सकती है, यह मुद्दा भी हमेशा बना रहा है। जोधपुर के विलक्षण बुद्धिजीवी हरीश जोशी की आधी सदी से अधिक पहले आई पुस्तक: 'सामाजिक मानव और अमानवीय समाज' ने इसे जिस प्रकार रेखांकित किया वह आज भी प्रासंगिक है क्योंकि यह वैचारिक द्वन्द्व इस समय फिर से सब को झकझोर रहा है। आभासी दुनिया की धमाकेदार उपस्थिति ने इस मुद्दे को और धार दे दी है। उत्पादों के प्रचार के लिए कंप्यूटरों के अंतर्जाल से बनी आभासी दुनिया में बाज़ार को लोक संवाद और जन संचार का कारोबार भी रास आ गया। कारोबारी कंपनियों ने उपयोगकर्ताओं को 'सोशल मीडिया' के मुफ़्त मंच उपलब्ध करा दिए जो अप्रत्याशित रूप से लोकप्रिय हो गये। इन मंचों पर लोग एक दूसरे से जुड़ें, अपनी दिलचस्पियों का साझा करें, अपनी बात कहें, किसी चीज से नाइत्तफ़ाक़ी है तो उसका विरोध करें यह अनुभव सभी को बहुत भाया। दुनिया भर में एक मर्तबा लगा कि सीमाओं की बाधा नहीं होने से कोई भी अधिनायकवादी राज्य लोक की आवाज़ को दबा नहीं सकेगा और क्रांतियां हो जाएगी। इससे राज्य के नियंताओं और अभिव्यक्ति के नये मंचों की कंपनियों के बीच स्वाभाविक ही ठन गई। राज्यों को लगता है कि आभासी दुनिया का सोशल मीडिया भौतिक जगत में लोगों को राजनैतिक, वैचारिक और धार्मिक समूहों में बांट रहा है, उनमें आपस में वैमनस्य बढ़ा रहा है।

वास्तव में आज के डिजिटल समय में कुछ भी निजी नहीं रहा है। वहां जो भी बात होती है वह अंततः सार्वजनिक हो जाती है। तब प्रश्न उठता है कि डिजिटल ज़माने में क्या जनसंचार जैसी कोई चीज होती हैं? यह तो सिर्फ संचार है। यहां हम कभी अपने आप से बात करते हैं, कभी मैसेंजर के माध्यम से किसी दूसरे से बात करते हैं। कभी हम फ़ेसबुक के माध्यम से व्यक्तियों के समूह से बात करते हैं। ट्विटर के जरिये इन सब से आगे जाकर विराट संख्या में लोगों से बात करते हैं। अब क्या बात की जाती है उससे आभासी दुनिया को कोई सरोकार नहीं होता। इंटरनेट पर लिखना और लिखे का साझा करना सरल हो गया है। मगर लेखन की शैली बदल गई है। उत्पाद की तरह ही अपनी बात को बहुतों तक पहुंचने के लिए यहां की वड्र्स लिखने पड़ते है। इससे लिखी बात को, चित्र को या वीडियो को लोकप्रिय या वायरल किया जाता है। सर्च इंजिन ऑपटिमाईजेशन का ध्यान रखा जाता है। यह कारोबार के लिए था जिसका उपयोग करना चतुर राजनेता और समाजकंटक भी सीख गये हैं। यही सब सीखते हुए सोशल मीडिया के पाठ्यक्रम भी विश्वविद्यालयों में आ गये हैं। इन्हीं योग्यताओं से ट्रोलिंग में बेहूदा बातें भी जम कर होती हैं। पीछे पड लिया जाता हैं किसी के। विरोध में तर्क से अपनी बात नहीं राखी जाती बल्कि व्यक्तिगत तरीके से हमला किया जाता है। कोशिश होती है कि सामने वाले की हिम्मत टूट जाए।

यह सच है कि डिजिटल सोशल मीडिया भौतिक मीडिया के विपरीत ऐसा मंच है जहां किसी का नियंत्रण नहीं है। वहां किसी भी रूप, भाषा और शैली में अपनी बात दर्ज करने के लिए हमें किसी संपादक की सहमति की दरकार नहीं होती। सोशल मीडिया के मंच (प्लेटफ़ॉर्म) चलाने वाली कारोबारी कंपनियां यह कह कर अपना पल्ला झाड़ती लेती हैं कि उन्होंने तो केवल जगह दी है वहां कौन क्या करता है उसके लिए वे जिम्मेवार नहीं हैं। क्योंकि आभासी मंचों पर कोई भी सरकार केवल अंतर्जाल के तंत्र को बंद करके ही नियंत्रण कर सकती है इसलिए अनेक सरकारें अनेक मौकों पर इंटरनेट सेवा ही बंद कर देती हैं। ऐसा करने वाले देशों की सूची में भारत का नाम तीसरे नंबर पर आता है। राजस्थान में तो परीक्षाओं के दौरान भी इंटरनेट सेवाओं को बंद कर दिया जाना हमने देखा है। इसी माहौल में इन मंचों को नियंत्रित करने के लिए लिए दुनिया भर में और भारत में भी वैधानिक ढांचा बनाया जा रहा है। हमारे यहां इन प्लेटफ़ॉर्म को चलाने वाली दो बड़ी कंपनियां मेटा (फ़ेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब आदि) और ट्विटर तथा शासन के बीच अदालती लड़ाइयां भी जारी है।

**ट्विटर एक हाइकू की तरह है। यहां आपसे अपेक्षा होती है कि आप संक्षिप्त और प्रभावी तरीके से अपनी बात रखें। सिर्फ अपने विचारों का सारांश प्रस्तुत करें। वे लोग जो बदलते समय के साथ कदम मिलाना चाहते हैं और जानना चाहते हैं कि दुनिया कितनी तेजी से बदल रही है वे इसे अपनाते हैं तो इसी के हो कर रह जाते हैं।**

सोशल नेटवर्क की माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ट्विटर को चलाने वाली कंपनी और उसे खरीदने वाले एलन मस्क अभी खूब चर्चाओं में है। इस प्लेटफ़ॉर्म पर अभिव्यक्ति की निर्बाध आज़ादी को लेकर भी वैचारिक और कानूनी दोनों स्तर पर चर्चाएं गरम हैं। इस सोशल नेटवर्किंग और माइक्रो ब्लॉगिंग साइट के करोड़ों मुरीद हैं। वेब मेट्रिक्स एलेक्सा के आंकड़े कहते हैं कि अमेरिका और जर्मनी के बाद भारत वह तीसरा देश है जहां लोग सबसे ज्यादा ट्विटर पर हैं। जनवरी 2022 में भारत में ट्विटर के कुल दो करोड़ 36 लाख उपयोगकर्ता थे। इंटरनेट पर कारोबार का आकलन करने वाली कंपनी कॉमस्कोर इंक इससे आगे बढ़कर जनकारी देती है। कंपनी का कहना है कि भारत में ट्विटर का इस्तेमाल करने वाले ज्यादातर लोग 15 से 24 साल के बीच के हैं। बेशक, ट्विटर का इस्तेमाल करने वाले ज्यादातर लोग युवा हैं लेकिन ये वे लोग नहीं जो ट्विटर पर सबसे ज्यादा असर छोड़ते हैं। ट्विटर को सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाले लोगों की उम्र 30 साल या उससे ज्यादा है। ये लोग मीडिया, राजनीति और शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। ये वे लोग हैं जिनके विचारों से लोग प्रभावित होते हैं, जिनकी लिखी हुई बातों को लोग पढ़ना चाहते हैं। ट्विटर की खास बात यही है कि यहां आपको कम शब्दों में बहुत कुछ कहना होता है। ट्विटर पर उपयोगकर्ता को स्पेस, फ्रीडम और च्वाइस मिलती है। वहां कोई संपादक नहीं है। यहां राजनीति के खिलाड़ी ही नहीं किसी भी समसामयिक मुद्दे पर जम कर विचार प्रकट करने वाले लोग भी मौजूद हैं।

ट्विटर को यह नाम उसके जन्मदाता जक डोरसी ने इसलिए दिया था क्योंकि उनकी कंपनी चाहती थी कि दुनिया भर की उत्तेजना, व्यग्रता और बेचैनी को कैद किया जा सके। शब्दकोश में ट्विटर का अर्थ है– चिड़ियों की चहचहाहट। इस साइट के लिए यह नाम इसलिए अच्छा था कि एसएमएस टाइप संदेशों के माध्यम से लोग अपनी बात लोगों को पहुंचा सकें– एक समूह में ट्विट कर सकें। उनकी चहचहाहट इंटरनेट की दुनिया में गूंजे। जब ट्विटर की शुरुआत हुई, तब इस पर ट्विट करने वालों का मकसद सिर्फ नेटवर्किंग और दोस्त बनाना था। वे बेमतलब की बातें भी किया करते थे। अब भी फ़िल्म अभिनेत्रियां या सेलेब्रिटीज़ अपनी रोजमर्रा की जिंदगी के बारे में बातें कर लिया करते हैं जो खूब हिट होती हैं क्योंकि उनकी जिंदगी में दिलचस्पी लेने वालों की कमी नहीं। लोगों का कहना है कि शॉर्ट मैसेज, यानी अधिक से अधिक 140 शब्दों में अपनी बात कहने की कला, बहुत प्रभावी होती है। 'ट्विटर आपको बाध्य करता है कि आप अपनी बात टू द प्वाइंट कहें। हालांकि बहुत से लोग जो अपने लंबे लेख साझा करना चाहते हैं वे अपने लेखों के लिंक्स दे कर रास्ता निकाल लेते हैं। किसी ने कहा है कि ट्विटर एक हाइकू की तरह है। यहां आप से अपेक्षा होती है कि आप संक्षिप्त और प्रभावी तरीके से अपनी बात रखें। सिर्फ अपने विचारों का सारांश प्रस्तुत करें। वे लोग जो बदलते समय के साथ कदम मिलाना चाहते हैं और जानना चाहते हैं कि दुनिया कितनी तेजी से बदल रही है वे इसे अपनाते हैं तो इसी के हो कर रह जाते हैं। उन्हें बहुत से फॉलोअर्स मिल जाते हैं जो इसे उनके लिये नशा बना देते हैं।

ट्विटर पर दुनिया के लगभग सभी प्रमुख राजनेताओं की उपस्थिति दर्ज है और अब बड़े राजनेता प्रेस विज्ञिप्तयां जारी करके अपनी बात अपने फॉलोअर्स तथा अन्य तक नहीं पहुंचाते बल्कि इस प्लेटफ़ॉर्म से सीधे ही लोगों तक पहुंचाते हैं। अब तो सरकारें भी अपनी नीतियों तथा कार्यक्रमों की घोषणाएं ट्विटर पर ही करती हैं। परंपरागत मीडिया के संपादकों का दखल और उनका रुतबा इस डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म से समाप्त हो गया है। मीडिया रिपोर्टरों को भी यह बहुत मुफीद आया है। ट्विटर यूजर्स की टिप्पणियां और सवाल, उनकी रिपोर्टों के लिए बहुत उपयोगी होते हैं।

आंकड़े बताते हैं कि अधिकांश ट्विटर उपयोगकर्ता सुपर सक्रिय नहीं होते हैं। इसका मतलब है कि ज्यादातर लोग ट्विटर का इस्तेमाल कुछ देने की बजाय उपभोग करने के लिए कर रहे हैं। उन्हीं के दिमागों को प्रभावित करने के लिए विशेष समूह सक्रिय रहते हैं। डेटा से पता चलता है अमेरिका में 10 प्रतिशत ट्विटर उपयोगकर्ता सभी अमरीकी उपयोगकर्ताओं के 92 प्रतिशत ट्वीट्स के लिए ज़िम्मेदार हैं, जिसका अर्थ है कि उपयोगकर्ताओं का एक विशेष रूप से सक्रिय समूह सामग्री का एक बड़ा हिस्सा वहां डाल रहा है। यही कहानी भारत और अन्य जगहों की है।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# कलम वाले नक्सली, कैसे???

"बन्दूक वाले नक्सली हों या कलम वाले, सबका हल खोजें" यह ,29 अक्टूबर 22 के, जयपुर के एक प्रमुख हिंदी अखबार के प्रथम पेज पर शीर्ष हैडिंग है। प्रधान मंत्री के अनुसार......"नक्सलवाद को खत्म करना होगा वह चाहे बन्दूक वाले नक्सली हो या कलम वाले।"

जयपुर से ही प्रकाशित एक शीर्ष अंग्रेजी अख़बार नें इसे कुछ यों छापा है:–" every form of Naxalism,-- with guns or--with pens, be uprooted to prevent them from misleading the youth.--- warned that such forces are increasing their intellectual shere to pervert the minds of coming generations.-- can not be allowed to flourish for-- unity and integrity --nation."

हर कोई सहमत होगा कि हथियार से मसलों का हल करने वाले अपराधी होते है। हिंसा जब पूरे समाज के बड़े हिस्से को एक साथ, लगातार प्रभावित करने लगे तो यह आतंकवाद है।

लोकतंत्र में सशस्त्र क्रांति की जरूरत नहीं होती। वोट से सरकार बदली जा सकती है। किन्तु यदि सरकार अन्याय पर उतर आए, मनमानी करे अथवा गलत तरीके से वोट लेकर सत्ता हासिल करे तो क्रांति भी हो सकती है लेकिन यह जनक्रांति होनी चाहिए। लोकतंत्र में जनबल ही सरकार को हटा सकता है।

लेकिन कलम से नक्सलवाद कैसे? कलम से तो विचार निकलते है। विचार अच्छे, खराब, हिंसा उकसाने वाले, नफरत फैलाने वाले हो सकते है। खराब, हिंसा, नफरती विचारों से कोई अपराध का रास्ता पकड़ता है तो ऐसे अपराधों से निपटने के लिए कानून बने हुए हैं।

आवश्यकता इन कानूनों के अनुसार शीघ्रता से, सख्ताई से, सही सही, निष्पक्ष कार्यवाही करने की है।

क्या है नक्सलवाद?

क्या अलगाववादी आतंकी और तथाकथित नक्सली एक जैसे ही है?

बंगाल के गांव नक्सलबाड़ी से प्रारम्भ नक्सलवाद, भूमि मालिकों–जमीदारों के खिलाफ भूमि जोतने वालों का आंदोलन था। आंदोलन माओवादी कमन्युस्टों की विचारधारा से प्रभावित था।आंदोलन शांतिपूर्वक नही रहा और हिंसक हो गया। वर्तमान में नक्सली सामान्यत्या सरकारी कर्मचारियों, पुलिस वालों को निशाना बनाते है।

नक्सली सामान्यतः केवल उन अदिवासियों व अन्य नागरिकों को ही निशाना बनाते हैं , जिनके बारे में मुखबिरी करने का संदेह हो । सरकार इस समस्या का समाधान केवल पुलिस व अर्ध सैनिक बलों की गोलियों के माध्यम से ढूंढ रही है।

यक्ष प्रश्न यह है कि क्या गोली से समाधान निकलेगा?

5 दशक का लम्बा समय बीत गया। सैंकड़ों पुलिस वाले व नागरिक इन संघर्षों की भेंट चढ़ गए––समाधान तो निकला नहीं !!

नक्सलवाद और आतंकवाद में भारी अंतर है। नक्सली, साधारणतया नागरिकों के दुश्मन नहीं हैं जबकि आतंकवादी शास्त्रबलों, राज्य के कर्मचारियों के साथ –साथ और मुख्यतया निरपराध जनता में खौफ फैलाने और मारने का काम करते हैं। कुछ आतंकवादी देश से अलगाववाद का रास्ता अपनाते है व कई बार पड़ोसी देशों के उकसावे व अपरोक्ष समर्थन से ऐसा करते हैं।

नक्सलवाद वस्तुतः एक हिंसक वर्ग संघर्ष था और अब भी समय समय पर होने वाली हिंसक घटनाएं की जड़ में वर्ग संघर्ष ही है।

आजादी के बाद पीजेंटरी व खेतिहर मजदूर क्लास को यह उम्मीद थी कि उन्हें उन जमीनों का मालिक बना दिया जाएगा जिस पर वे पीढ़ियों से, राजे, रजवाड़ों, जमींदारों के लिए काम कर रहे थे। किसानों की दिक्कतों को पहचानने वाले माणिक्यलाल वर्मा, बलदेव राम मिर्धा, कुभा राम जी, सरदार हरलाल सिंह व अन्य बहुत से अग्रणी किसान नेता थे। यहां भी किसान आंदोलन हुए। बिजोलिया के आंदोलन से तो सब परिचित है। अन्य कई स्थानों पर भी आंदोलन हुए। डीडवाना का डाबड़ा कांड, झुंझुनू में करणी राम, रामदेव के बलिदान, सीकर का गोठड़ा कांड जैसी कई हिंसक घटनाओं के बावजूद 1948 से 1956 के मध्य अनेक भूमि सुधार कानून बने और शीघ्रता–दृढ़ता–ईमानदारी से लागू हुए। अगर यह कानून लागू नहीं होते तो बहुत मुमकिन है कि यहां भी हिंसक वर्ग संघर्ष होते जैसे बंगाल, बिहार में हुए।



महावीर सिंह

इस समस्या को केंद्र सरकार ने समझा। कृषि भूमि सीलिंग कानून बनाने के लिए राज्यों पर दबाव बनाया और लागू करवाए। यधपि बड़े जमीदारों के विरुद्ध बड़ी मंथर गति से इनका क्रियान्वयन हुआ। कहीं–कहीं, अनेक प्रकार के हथकंडे अपना कर अब भी कई बड़े जमींदार है किंतु वे गिनती के हैं।

**कुछ सुझावः–**

नक्सलियों के संदर्भ में बोले जाने वाले, सो कॉल्ड रेड कॉरिडोर के आदिवादियों और अन्य वनवासियों की भी बहुत ही जायज समस्याएं थी और अब भी है। उनके द्वारा जोती जा रही वन भूमियों पर उन्हें अधिकार देने का काम अनिच्छया व मंथर गति से हो रहा है। इसमें समयबद्ध तरीके से शीघ्र पूर्ण किया जाए बहुत से वन क्षेत्रों के सीमांकन के समय वनों में रहने वालों के जोत के क्षेत्रों व अन्य वन अधिकारों की सही पहचान नही हुई। इस कारण इनका शोषण हुआ और हो रहा है।

**■ वर्तमान में नक्सली सामान्यतया सरकारी कर्मचारियों, पुलिस वालों को निशाना बनाते हैं**

आदिवासी क्षेत्रों में पर्यावरण कानूनों का सही सही पालन हो। बड़े उद्योगों, खनन क्षेत्रों की स्वीकृतियां आनन फानन में नहीं होकर पर्यावरण नुकसान के पूर्ण मूल्यांकन व पुनर्वास योजना के लागू होने के बाद हो।

मिड डे मील योजना के क्रियान्वयन में सुधार–उसका विस्तार हो।वन क्षेत्रों में रहने वालों में से ही स्वास्थ्य कर्मियों, आंगनबाड़ी की सखी–साथिनों की अधिकाधिक नियुक्तियां हों। सरकारी कार्यालयों व व्यवसाय–उद्योंगों में अधिकाधिक अदिवासियों का सद्भावना से (खानापूर्ति के लिए नहीं) नियोजन हो। सरकारी अधिकारियों–कर्मचारियों के अधिक से अधिक दौरे, रात्रि विश्राम भी कॉन्फिडेंस बिल्डिंग के आवश्यक अंग हैं।

चंबल के बीहड़ों में डाकुओं की समस्या थी। गोली से तो समाधान नहीं हुआ। गोली की आड़ में तो कई नए शहरी और कर्मचारी–अधिकारी डाकू पनप गए। समाधान व शांति के लिए गांधीवादियों के प्रयासों को ही सफलता मिली। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी बहुत से लोग–संस्थाए वन क्षेत्रवासियों को मुख्यधारा में लाने के प्रयास कर रहे है। इनके माध्यम से नक्सलियों से वार्ता समाधान का मुख्य रास्ता हो, गोली का रास्ता पीछे रखा जाए। जब कश्मीर समस्या पर वार्ताओं का दौर पर दौर चल सकता है तो फिर नक्सलियों से क्यों नहीं? नक्सली तो कोई अलग देश भी नहीं चाहते।

राज व्यवस्था के एक्शन ही सदैव सही नही माने जा सकते। इतिहास गवाह है हर राजव्यवस्था अपनी असफलताओं, ज्यादतियों, आत्ममुघता के कारण समाप्त होते आई है। तत्कालीन राजव्यवस्थाओं ने तो मुगल शासन के खिलाफ जाटों की बगावत, 1857 के स्वतंत्रता संग्राम को, जलिया वाला बाग, मानगढ़ व अन्याय के विरुद्ध उठे अन्य कई आंदोलन व उनसे उपजी हिंसक घटनाओं को राजद्रोह ही माना था। राजव्यवस्था, उसके द्वारा पोषित वर्ग की ज्यादतियां बढ़ जाती है तो उनकी आवाज बनने वाला कोई गोकुल जाट, कोई मंगल पांडे, कोई वीर शिवाजी प्रगट होते ही रहे हैं।

ओर पीछे जाएं तो, श्री कृष्ण के नए विचारों से ही कंस–जरासंध के अत्याचारी शासनों का अंत हुआ, चाणक्य के नए विचारों से महानन्द के अत्याचारी शासन का अंत हुआ। कंस, जरासन्ध, महानन्द के लिए भी भगवान कृष्ण, चाणक्य तो राजद्रोही ही रहे होंगे। कलम से उपजा यूरोपीय पुनर्जागरण, फ्रांस की क्रांति, समाजवाद–साम्यवाद विचारधाराएं भी तत्कालीन राजव्यवस्थाओं के लिए राजद्रोह ही थी। ईरान में हिजाब को लेकर आजकल जो रहा, उसे राजद्रोह–नक्सलवाद मान सकते हैं क्या? भूतकाल से लेकर वर्तमान तक के अनेक उदाहरण दिए जा सकते हैं। इसलिए कलम से निकले विचार सदैव के लिए आतंक–नक्सलवाद से नही जोड़े जा सकते। आवश्यकता सद्भाव–निरपेक्ष भाव से जनता की समस्याओं को सहानुभूति से समझने और समाधान की है। संकुचित, पूर्वाग्रहों पर आधारित अवधारणाओं और मात्र बलप्रयोग से नक्सलवाद समाप्त नहीं हो सकता।

**महावीर सिंह,**
**पूर्व आईएएस**

# प्रियंका खीचड़ सीओ गाइड परीक्षा में राजस्थान टॉपर



प्रियंका का सीओ गाइड जयपुर ऋतु ने माला पहनाकर स्वागत किया।

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर के तत्वावधान में 20 व 21 अक्टूबर को आयोजित राज्य स्तरीय सीओ गाइड चयन प्रतियोगी परीक्षा में सिरियासर खुर्द निवासी महावीरसिंह की पुत्री प्रियंका खीचड़ ने राजस्थान प्रदेश में सर्वाधिक अंक पाकर सीओ गाइड परीक्षा ऊतीर्ण की । प्रियंका के राजस्थान टॉप करने पर उन्हें राज्य सचिव डॉ. पीसी जैन द्वारा सीकर जिला आवंटित किया गया। मंडल मुख्यालय जयपुर ट्रेनिंग के लिए प्रियंका ने ज्वॉइन कर लिया। ज्वॉइन करने पर सहायक राज्य संगठन आयुक्त जयपुर नीता शर्मा, सीओ गाइड जयपुर ऋतु शर्मा ने माला पहनाकर, मुंह मीठा करवाकर स्वागत किया।

प्रियंका बचपन से ही स्काउट गाइड संगठन से जुड़ी रही। प्राथमिक शिक्षा अपने ननिहाल भारु से पूरी करने के बाद कॉलेज शिक्षा रामादेवी महिला महाविद्यालय नूआं से पूरी की तथा राष्ट्रपति अवार्ड पुरस्कार प्राप्त किया। रामादेवी महिला महाविद्यालय में रहते हुए प्रियंका ने भारतवर्ष का प्रतिनिधित्व करते हुए पाकिस्तान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय शिविर में सहभागिता की उसके बाद जिला मुख्यालय झुंझुनूं पर रेंजर लीडर के रुप में कार्य किया। खीचड़ के चयन पर उनके गांव सिरियासर खुर्द व ननिहाल भारु में खुशी का माहौल है । नवनियुक्त सीओ गाइड प्रियंका ने अपनी सफलता का श्रेय अपने नाना स्वर्गीय जवाहरलाल ईसरवाल, नानी, माता–पिता तथा भाई बहन एवं झुंझुनूं जिले के पूर्व सीओ मान महेंद्र सिंह भाटी तथा वर्तमान सीओ महेश कालावत को दिया। झुंझुनूं जिले के स्काउट गाइड कमिश्नर्स, शिक्षा विभाग के अधिकारियों, स्थानीय संघ के सचिवों तथा अनेक स्काउटर्स, गाईडर्स ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

# पी.डब्ल्यु.डी. मंत्री जाटव के क्षेत्र में ही बन रहीं घटिया सड़कें



घटिया सड़क निर्माण को दिखाते स्थानीय ग्रामीण।

**वैर** (निस) । पी डब्लू डी मंत्री भजन लाल जाटव के विधानसभा इलाके में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा सड़क बनाने का काम चल रहा है । लोगों का कहना है विधानसभा वैर से विधायक भजन लाल जाटव राजस्थान सरकार में पी डब्लूडी मंत्री हैं । जहां बनाई जा रही सड़कों में घटिया क्वालिटी को लेकर स्थानीय लोग विरोध जताने लगे हैं । जिले के कई विधायक अब तक कई बार सवाल उठा चुके हैं । इसके बावजूद भी ठेकेदारों द्वारा घटिया निर्माण सामग्री से सड़कें बनाई जा रही हैं। मंगलवार को विधानसभा मुख्यालय पर भुसावर रोड से सीर सरकार इलाके में रात्रि में ठेकेदार ने घटिया सामग्री से सड़क बनाई । उसे जब सुबह आस–पास के खेतों में काम करने पहुंचे लोगों ने देखा तो जगह –जगह से कुत्तों ने ही सड़क को खोदकर ठेकेदार के निर्माण कार्य की पोल खोल दी । सूचना पर कनिष्ठ अभियंता मनोज धाकड़ ने सड़क का निरीक्षण किया । लोगों ने सड़क की स्थिति बताई तो ठेकेदार के श्रमिकों को फटकार लगाई।

# कार्तिक पूर्णिमा पर देवयानी सरोवर में लोगों ने स्नान कर पूजा–अर्चना की

**सांभरझील,** (निसं)। सभी तीर्थों की नानी के नाम से विख्यात मां देवयानी सरोवर में कार्तिक माह के अवसर पर अब तक हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई।

शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को चंद्रग्रहण होने के कारण सूतक लगने से पहले सैकड़ों की तादाद में महिला श्रद्धालुओं ने सरोवर पर स्थित घाटों पर स्थित अनेक देवी देवताओं के प्राचीन मंदिरों में पूजा अर्चना कर अपने परिवार की खुशहाली के लिए कामना की। यहां पर अनेक जगहों से आकर लोगों ने अपनी दुकानें सजाई जहां पर खरीदारी करने वालों की अच्छी खासी भीड़ मौजूद रही।

प्राप्त जानकारी के अनुसार देवयानी सरोवर के प्राचीन वैभव व उसकी नष्ट होती आभा को बचाने के लिए 2005 से वर्ष 2018 तक केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से अलग–अलग चरणों में अब तक इस पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा चुके हैं। देवयानी के घाटों पर बने विभिन्न मंदिरों के रंग रोशन, जीर्णोद्धार व अनेक विकास कार्यों के नाम पर पर्यटन और पुरातत्व विभाग ने सिर्फ लीपापोती ही की है। धार्मिक स्थलों पर सरकार की ओर से मंजूर किए गए करोड़ों रुपए व करवाए गए विकास कार्यों की सही प्रकार से कोई मॉनिटरिंग हुई।



देवयानी सरोवर में कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने सुबह जल्दी स्नान किया

# यूजीसी नेट व जेआरएफ में देवेंद्र यादव प्रदेश में अव्वल

**खैरथल,** (निसं)। प्रदेश के उद्योग विभाग में सेवारत देवेंद्र कुमार यादव ने यूजीसी नेट व जेआरएफ में 99.06 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राजस्थान में पहला व देश में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। हुलमाणा मुंडावर निवासी स्व. रामकरण यादव के बेटे के अभिभावक खैरथल के आदर्श नगर निवासी इंजीनियर जयसिंह यादव ने बताया कि उनका भतीजा देवेंद्र कुमार यादव प्रारंभ से ही पढ़ाई में होनहार रहा है। उद्योग आयुक्त जयपुर में ड्यूटी कर रहे देवेंद्र कुमार यादव की इस सफलता पर सभी क्षेत्रवासियों द्वारा उन्हें उज्जवल भविष्य की कामना के साथ बधाइयां दी जा रही है।

**■ देवेंद्र कुमार यादव ने यूजीसी नेट व जेआरएफ में 99.06 प्रतिशत अंक प्राप्त किये**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 9 नवम्बर, 2022**

मार्गशीर्ष मास, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2079, कृत्तिका नक्षत्र रात्रि 3:09 तक, वारियान योग रात्रि 9:17 तक, कौलव करण सांय 4:18 तक, चन्द्रमा प्रातः 7:58 से वृष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–तुला, चन्द्रमा–मेष, मंगल–मिथुन, बुध–तुला, गुरू–मीन, शुक्र–तुला, शनि–मकर, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सम्पूर्ण दिन–रात रहेगा। आज अशून्य शयन व्रत है। पदमक योग रात्रि 3:04 तक है। आज तीर्थराज पुष्कर में स्नान दान विशेष महात्त्मय है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ–अमृत सूर्योदय से 9:28 तक, शुभ 10:49 से 12:10 तक, चर 2:53 से 4:14 तक, लाभ 4:14 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:10 से 1:30 तक। सूर्योदय 6:57, सूर्यास्त 5:37

### मेष

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### वृष


नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी।

### मिथुन

आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

### कर्क

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्य के लिए यात्रा संभव है। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

### सिंह

व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। शुभ कार्य में भाग ले सकते हैं। परिवार में सुविधाएं बढ़ेगी।

### कन्या

व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

### तुला

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। व्यावसायिक परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

### वृश्चिक

व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त कार्य करना पड़ सकता है। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

### धनु

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी।

### मकर

व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

### कुंभ

घर–परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। शुभ–मांगलिक कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच–विचार होगा।

### मीन

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों पर नियंत्रण बना रहेगा। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

# रामकुमारपुरा गांव में जंगली जानवर ने किसान की भैंस का शिकार किया

## ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन, वन विभाग ने करवाया पोस्टमार्टम

**खेतड़ी,** (निसं)। उपखंड के रामकुमारपुरा में बीती रात एक जंगली जानवर ने किसान की भैंस का शिकार कर लिया। जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार रामकुमारपुरा तन लालोढा की ढाणी पीपरवाला में किसान घीसाराम शर्मा की भैंस उसके बाड़े में बंधी हुई थी। बीती रात अचानक किसी अज्ञात जानवर ने भैंस के मुंह पर गहरा घाव कर उसे घायल कर दिया। सुबह देखा तो भैंस मृत पड़ी हुई थी। जिस पर रामकुमारपुरा के सरपंच प्रतिनिधि विजय सैनी व अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्होंने प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए किसान को मुआवजा दिलवाने की बात कही। विजय कुमार सैनी ने बताया कि जंगली जानवरों के खुले में घूमने की वजह से आए दिन किसानों के मवेशियों को नुकसान पहुंच रहा है और किसानों को पशुधन का गहरा आघात लग रहा है। उन्होंने बताया कि प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए तथा किसान को मुआवजा देना चाहिए अन्यथा बड़ा आंदोलन किया जाएगा।


मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर किसान को मुआवजा दिलवाने की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि कुछ फुट मार्क है। जिससे लग रहा है कि कोई पैंथर रात्रि में शिकार करके गया है। जिसको लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने इस संबंध में वन विभाग के रेंजर विजय कुमार फगेड़िया को जानकारी दी। तो उन्होंने वन विभाग की टीम मौके पर भेजी। वहीं बीट अधिकारी दिनेश कुमार मीणा व अन्य पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग की तरफ से मौके पर डॉ. मांगीलाल जांगिड़ व उनकी टीम को बुलाया गया। जहां उन्होंने मृत भैंस का पोस्टमार्टम किया। रेंजर विजय कुमार ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिली है कि जंगली जानवर ने भैंस का शिकार किया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पूरी जांच करवाई जा रही है। वहीं वन कर्मियों की विशेष ड्यूटी लगाकर जंगली जानवर पर पूरी निगरानी रखी जा रही है। नियम अनुसार किसान को मुआवजा दिलवाने के लिए उच्च अधिकारियों से बात की जाएगी।

■ **वन कर्मियों की विशेष ड्यूटी लगाकर जंगली जानवर पर पूरी निगरानी रखी जा रही है**

## सॉफ्टबॉल खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

**मुकुंदगढ़,** (निसं)। श्रीमती रमादेवी मुरारका राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में 66वीं जिला स्तरीय सॉफ्टबॉल खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरपालिका चेयरमैन मनीष कुमार चौधरी व विशिष्ट अतिथि सत्यनारायण सैनी ने सांकेतिक खेलकर प्रतियोगिता का आगाज किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा ने की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्री मंडी कमेटी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डूंडलोद मंडी किरण शर्मा, प्रधानाचार्य श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देवगांव नूआं कुलदीप पूनियां, उप प्रधानाचार्य नितिन पूनियां, सोनिया शर्मा, इंदिरा देवी और रामकुमार पार्षद, राजकुमार, महेंद्र दादरवाल, विनोद बिर्ख, सुमित्रा चौबे, शारीरिक शिक्षक महिपाल, श्रीनिवास और स्टाफ सदस्य मौजूद थे। शैलेंद्रनाथ महाराज द्वारा संचालित ट्रस्ट मां कामाक्षा कामधेनु सेवा संस्थान द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए भोजन व्यवस्था की घोषणा की गई। उक्त कार्यक्रम के सफल संचालन में टेंट व्यवस्था उम्मेद घोड़ीवाला, जल व्यवस्था जितेंद्र पोरवाल, ट्रॉफी वितरण व अन्य व्यवस्था में सहयोग दयाशंकर पोरवाल द्वारा किया गया।

## सार-समाचार

### सड़क ठीक करवाने की मांग पर प्रदर्शन



**सादुलपुर,** (निसं)। ब्राहम्ण पंचायत भवन के पास पीएचईडी के ठेकेदार द्वारा पाईप लाईन डालने के दौरान तोडी गई सडक की मरम्मत नहीं करने के विरोध में मोहल्ले वासियों ने विरोध प्रदर्शन कर क्षतीग्रस्त की गई सडक की मरम्मत करवाने की माँग की है। मौहल्लेवासियों ने बताया कि ब्राहम्ण पंचायत भवन जांगिड धर्मशाला के पास के आसपास पिछले 7 महीने पहले पीएचडी ने पाइप लाइन डालने के लिए डालने के लिए मौहल्ले की सडकों को तोडा था, मगर आज तक उसको दुरूस्त नहीं किया गया है। जिसके कारण मोहल्ले वासियों को भारी परेशानी हो रही है। सूत्रो से मिल रही जानकारी के अनुसार पीएचडी के एक्शन को शिकायत करने पर उनका कहना है कि ठेकेदार काम छोड कर चला गया है, ऐसी हालत में तोडी गई सडकों को रिपेयर कौन करेगा, शहर के अधिकांश क्षेत्र में सडको को तोड दिया गया है। विरोध प्रदर्शन के दौरान खेमाराम जांगिड, महावीर प्रसाद जांगीड, छगन लाल जांगिड, मोहन लाल, राजेन्द्र, छगन हलवाई, व राजेश जांगीड आदि सहित अनेक महिला-पुरूष व बच्चे मौजूद रहे।

### प्रतियोगिता में मुकाबले रहे रोचक



**सादुलपुर,** (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खुड्डी में जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता 17/19 वर्ष छात्र/छात्रा खेलों के तीसरे दिन भी कुछ रोचक मुकाबले देखने को मिले।इस अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता में ठाामीण श्री नत्थूराम रंगा सरपंच, विजय सिंह पूनियाँ, राजेंद्र पूनियाँ, लखवीर प्रजापत, प्रताप प्रजापत, पूनियाँ, धर्मपाल सुवटा,विजय शर्मा,भूप पूनियाँ, बलवान सारड़ीवाल तथा खुड्डी स्टाफ के सदस्य श्री रणधीर पूनियाँ, उम्मेद सुनियाँ, सतवीर सिंह आदि उपस्थित रहे तथा निर्णायक की भूमिका कोच संजय पूनियाँ, घमंडीराम और संजीव कुमार,चमेली,बाबूलाल,विनोद पूनियाँ धर्मवीर,अश्वनी शर्मा व्याख्याता, पुरुषोत्तम सहारण वरिष्ठ अध्यापक ने निभाई। प्रधानाचार्य अरविन्द कुमार ने बताया की समापन समारोह 9 नवंबर को प्रातः 9.30 पर होग। जिसमें मुख्य अतिथि अंतराष्ट्रीय जु जित्सु खिलाड़ी विजय दहिया और मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा होंगे।समापन समारोह में सभी विजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया जाएगा।

### गायब महिला को बरामद करने की मांग



**सुजानगढ़,** (निसं)। गत 4 नवम्बर को पति के ननिहाल शादी समारोह में शामिल होने सुजानगढ आई विवाहिता के दो बच्चों के साथ गायब होने के मामले को लेकर सांसी समाज के दर्जनों लोग डीएसपी ऑफिस पहुंचे। समाज के लोगों ने विवाहिता के 5 दिन से गायब होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होने को लेकर नाराजगी जताते हुए डीएसपी रामप्रताप विश्नोई को ज्ञापन देकर दो दिन में विवाहिता सहित दोनों बच्चों को बरामद कर परिजनों को सौंपने की मांग रखी। राष्ट्रीय भान्तु सांसी समाज विकास संघ के युवा प्रदेशाध्यक्ष महेश सांसी ने कहा कि घटना को लेकर समाज में गुस्सा है। अगर दो दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो हमें आंदोलन करने पर मजबूर होना पडेगा। सांसी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष रतनाराम ने कहा कि अगर जल्दी कार्रवाई नहीं हुई तो सांसी समाज द्वारा प्रदेश स्तर पर धरना प्रदर्शन शुरू किया जायेगा। इस दौरान बडी संख्या में महिलाएं भी मौजूद रही। ज्ञापन देने वालों में विवाहिता के पति अनिल कुमार, महेश कुमार, राजूराम, रतनाराम, सोहनलाल, अनिल, रवि मालावत, विनोद कुमार, राजू, प्रह्लाद, अनिल कुमार, पवन सांसी, रामधन, गीता देवी, राजकी, लालकी, सुगना, किस्तूरी, अनीता सहित समाज के अनेक लोग शामिल थे।

### दो बेटियों ने नाम रोशन किया

**सुजानगढ़,** (निसं)। शहर की दो बेटियों ने सीकर में आयोजित जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम दो स्थानों पर काबिज होकर सुजानगढ का नाम रोशन किया है। दीपक कौशिक ने बताया कि रिद्धिमा भोभरिया पुत्री हरीशचन्द्र प्रजापत ने सीकर जिला स्तरीय 66 वीं शतरंज प्रतियोगिता के 17 वर्षीय वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा रिद्धिमा की बहन वैशाली भोभरिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर सुजानगढ एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया है।

# ताइक्वांडो प्रतियोगिता में विजेता रहे खिलाड़ियों का स्वागत किया

**रतनगढ़,** (निसं)। 66 वी जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता केपीएस उच्च माध्यमिक विद्यालय में जारी है। जिसमे संस्था निदेशक ओम प्रकाश गोदारा ने प्रतियोगिता में सहयोग किया।

शिक्षा विभाग से प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक विनोद कुमार सिसोदिया, संस्था प्रधान कपिल चाहर ने आयोजक की भूमिका निभाई। शिक्षा विभाग से प्रतिनियुक्त चयन समिति संयोजक अशोक आलडिया ने बताया 17 आयु वर्ग छात्र-छात्रा वर्ग में महिमा आलड़िया वर्सेस रिया के मध्य मुकाबला हुआ, जिसमें महिमा आलड़िया विजेता रही। 35 किलो में दीक्षा शर्मा वर्सेस दीपिका गोदारा के मध्य मुकाबला हुआ दीक्षा शर्मा विजेता रही। 38 किलो में चारू शर्मा वर्सेस पूजा के मध्य मुकाबला हुआ चारु विजेता रही। 41 किलो में कृतिका आलड़िया वर्सेस डिंपल के मध्य मुकाबला हुआ जिसमें कृतिका विजेता रही। 44 किलो में प्रियंका बारूपाल वर्सेस मोनिका के मध्य मुकाबला हुआ जिसमें प्रियंका विजेता रही। 52 किलो में मालविका वर्सेस सृष्टि के मध्य मुकाबला हुआ जिसमें मालविका विजेता रही। 48 किलो में रेणुका शर्मा वर्सेस शिक्षकांवर के मध्य मुकाबला हुआ जिसमें रेणुका शर्मा विजेता रही।

56 किलो में महिमा कंवर वर्सेस निदिता शर्मा के मध्य मुकाबला हुआ जिसमें महिमा विजेता रही। 60 किलो में भूमिका गोठवाल वर्सेस सोफिया खान के मध्य मुकाबला हुआ जिसमें भूमिका विजेता रही। अंकिता वर्सेस साक्षी के मध्य मुकाबला हुआ जिसमें अंकिता विजेता रही। निर्णायक मंडल में जिला ताइक्वांडो संघ चूरू सचिव सुमन राठौड़, हेमंत भाटी, अमित वंशिका, विनीता, श्रवण कुमार, शैलेंद्र, पवन शर्मा, सीमा, सरोज व विद्यालय के स्टाफ ने आयोजक की भूमिका निभाई।


66 वीं जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता केपीएस उच्च माध्यमिक विद्यालय में जारी है।

## सुरेश वर्मा भाजपा के जिला मंत्री बने

**सरदारशहर,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी चुरू की घोषित कार्यकारिणी में सरदार शहर के निवर्तमान पार्षद सुरेश वर्मा को जिला मंत्री बनाया गया है।

उल्लेखनीय है कि वर्मा छात्र राजनीति से ही अखिल भारतीय विधार्थी परिषद में सक्रिय भूमिका निभाई है,बचपन से राष्टीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक बने। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया के सानिध्य में विधार्थी परिषद, तत्पश्चात युवा मोर्चा में कार्य करते हुए अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई। वर्मा के जिला मंत्री बनने पर सरदार शहर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड गई। पूर्व पालिका उपाध्यक्ष मुरलीधर सैनी ,गौरीशंकर शर्मा सरपंच, दिनेश सोनगरा, युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास टाक, बाबूलाल प्रजापत, मदन ओझा, विनोद जोशी, सतीश मूंधडा, गोविंद सैनी, अजय भाटी, दीपक बैद, अमिताभ चांवरिया, अजीज गौरी, अमरचंद बैद सहित सैकडों कार्यकर्ताओं ने वर्मा को बधाई प्रेषित की।

# संत समागम व विशाल भंडारा 12 नवंबर को

■ **मुकुंदगढ़ में 11 नवंबर को होगा कॉलेज भवन का शिलान्यास**

**नवलगढ़,** (निसं)। नगरपालिका के सभागार हॉल में सोमवार को डॉ. राजपाल शर्मा ने प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि 11 नवंबर को मुकुंदगढ़ के बाकरे वाला स्टेडियम के पास में महिला कॉलेज के भवन का शिलान्यास होगा।

सीएम सलाहकार व विधायक डॉ. राजकुमार शर्मा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। जिला कलेक्टर लक्ष्मणसिंह कुड़ी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। पालिका चेयरमैन मनीष चौधरी, नवलगढ़ प्रधान दिनेश सुंडा, उप प्रधान ललिता जोया, वाइस चेयरमैन शहजाद चोबदार कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे। वहीं 12 नवंबर को नवलगढ़ के रामदेवरा चौक में रामसापीर की असीप कृपा से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भंडारा सुबह 11 बजे रामसापीर के प्रसादी लगाने के साथ में शुरू होगा। जो कि देर रात्रि तक चलेगा। वहीं 12 नवंबर को रात्रि में संतों का समागम होगा और रात्रि को संगीतमय भजन संध्या का आयोजन होगा। संत समागम के लिए शेखावाटी के प्रसिद्ध संत रतिनाथ महाराज, सांगलिया धूणी के ओमदास महाराज, प्रसिद्ध भजन गायक व गौ भक्त प्रकाशदास महाराज, विकासनाथ महाराज, चैतन्यनाथ महाराज, शैलेंद्रनाथ महाराज, जीतनाथ महाराज सहित एक दर्जन से अधिक संतों को आमंत्रित किया गया।

वहीं सीएम सलाहकार विधायक डॉ. राजकुमार शर्मा के जन्मोत्सव के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिसमें हर बार 14 नवंबर से रक्तदान शिविरों का आगाज किया जाता है। लेकिन गुजरात चुनावों की व्यस्तता के चलते इस बार रक्तदान शिविरों का आगाज 13 नवंबर को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डूमरा व स्काईवे पैलेस बसावा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के साथ में होगा।

# उप राष्ट्रपति धनखड़ का खेतड़ी दौरा हुआ तय

■ **विवेकानंद संदेश यात्रा समारोह का करेंगे उद्घाटन**

**खेतड़ी,** (निसं)। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का संभावित दौरा 19 नवंबर को तय हो गया है। इस संबंध में उप राष्ट्रपति कार्यालय से पत्र जारी कर कार्यक्रम की रूपरेखा समारोह में होने वाली गतिविधियों की जानकारी मांगी गई हैं।

रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी आत्मानिष्ठानंद महाराज ने बताया कि 19 नवंबर से राजस्थान के सभी जिलों में स्वामी विवेकानंद संदेश यात्रा का संचालन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ 19 नवंबर सुबह 9 बजे खेतड़ी के रामकृष्ण मिशन आश्रम अजीत विवेक संठाहालय से किया जाएगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कार्यक्रम में शामिल होकर विवेकानंद संदेश यात्रा का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. स्वतंत्र शर्मा व अशोकसिंह शेखावत ने बताया कि आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के अंतर्गत देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में भारत सरकार के सांस्कृतिक मंत्रालय द्वारा विवेकानंद संदेश यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड कार्यक्रम में सपत्निक उपस्थित होकर यात्रा का शुभारंभ करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के संबंध में उप राष्ट्रपति कार्यालय में सूचना प्रेषित की गई थी। जिसके जवाब में उप राष्ट्रपति के निजी सचिव सुजीत कुमार ने विवेकानंद कन्याकुमारी के प्रांत प्रमुख भगवान सिंह को पत्र जारी कर उप राष्ट्रपति के कार्यक्रम के होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा व कार्यक्रम की गतिविधियों को प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। पत्र में बताया गया है कि उप राष्ट्रपति का खेतड़ी रामकृष्ण मिशन आश्रम में 40 मिनट का कार्यक्रम होगा। इसके लिए राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव, राज्यपाल के सचिव, मुख्यमंत्री सचिव सहित सहित अन्य विभागों को पत्र जारी कर उप राष्ट्रपति के दौरे की सूचना प्रेषित की गई है।

## मिनी मैराथन का आयोजन किया

**रतनगढ़,** (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार मंगलवार को अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति ऋषि कुमार एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कन्हैया लाल पारीक के निर्देशन में तहसील की लूछ गांव में डोर स्टेप प्री काउंसलिंग कैंप एवं मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। तालुका रतनगढ़ के पैनल अधिवक्ता लक्ष्मण प्रजापत एवं गौतम नाथोलिया ने बताया कि आगामी 12 नवंबर को रतनगढ़ मुख्यालय पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसके अंतर्गत सभी प्रकार के राजीनामा योग्य प्रकरणों का निस्तारण किया जाएगा। लोक अदालत के दिन सभी विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। अधिवक्ता लक्ष्मण प्रजापत एवं गौतम ने बताया कि इस बार गांव-गांव जाकर मध्यस्थता के जरिए प्रकरणों का निस्तारण किया जा रहा है।" न्याय आपके द्वार" के तहत हम पैनल अधिवक्ता आपके ठााम पंचायत पर आकर आपके विवादों मैं मध्यस्थता करेंगे एवं राजीनामे का प्रयास करेंगे। इसके साथ ही ठाामीण क्षेत्रों में बाल विवाह की रोकथाम एवं कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुरीतियों के संबंध में लोगों को जागरूक किया जाएगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत 12 नवंबर को, झुंझुनूं शहर में हुई मिनी मैराथन



मिनी मैराथन को डालसा सचिव दीक्षा सूद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झुंझुनू के तत्वावधान में मंगलवार को स्वर्ण जयंती जिला स्टेडियम झुंझुनूं से पुलिस लाइन झुंझुनूं तक मिनी मैराथन का आयोजन किया गया।

मिनी मैराथन को डालसा सचिव दीक्षा सूद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जिला खेल अधिकारी झुंझुनूं, न्यायिक अधिकारी, न्यायिक कर्मचारी, पैरा लीगल वालंटियर तथा पैनल अधिवक्ता मौजूद रहे। सूद ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन में विधिक सेवा के विभिन्न आयामों की जागरूकता फैलाना तथा आमजन तक विधिक सहायता विधिक जागरूकता को और आसान तरीके से पहुंचाना रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए आवश्यक है कि विद्यार्थी पढ़ाई के साथ साथ खेल आदि में भी रुचि लेने साथ ही वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप जहां भी उन्हें ऐसे व्यक्ति जो पीड़ित अथवा जरूरतमंद है को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करें विद्यार्थियों से अपील है की 12 नवंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में यदि उनके आसपास ऐसे कोई भी व्यक्ति हैं। जिनके मध्य किसी प्रकार का मनमुटाव है अथवा कोई प्रकरण न्यायालय में लंबित है तो उन व्यक्तियों को राष्ट्रीय लोक अदालत की महत्व समझाते हुए अपने प्रकरणों को आपसे समझा इसके माध्यम से निस्तारित करवाने के लिए जागरूक करें। मैराथन के दौरान जिला खेल अधिकारी, न्यायिक अधिकारी, पैरा लीगल वालंटियर, पैनल अधिवक्ता व पुलिस प्रशासन मौजूद रहे।

# राजस्थान पब्लिक स्कूल में खेलों का रोमांच जारी

**झुंझुनूं।** स्थानीय राजस्थान पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय गणपति नगर में चल रही 66वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में मगलवार को शतरंज, कुडो, ताइक्वांडो खेल प्रतियोगिताओं में विभिन्न विद्यार्थियों ने बाजी मारी।

प्रतियोगिता संयोजक प्रधानाचार्य शुभकरण खीचड ने बताया कि मंगलवार को शतरंज खेल की व्यक्तिगत प्रतियोगिता में 17 वर्षीय छात्र वर्ग में प्रथम स्थान राघव झुंझुनूं एकेडमी विद्यालय, द्वितीय सार्थक दिल्ली पब्लिक स्कूल झुंझुनूं, तृतीय अस्तित्व मनकौरी देवी स्कूल चिड़ावा तथा 17 वर्षीय छात्रा वर्ग में प्रथम हिमांशी गुरू कृपा स्कूल पब्लिक स्कूल घोडीवारा, द्वितीय भूमिका राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जेजूसर, तृतीय सोनम प्रिंस एकेडमी चनाना, तथा 19 वर्षीय छात्र वर्ग में मंजीत जानकी देवी मंडेलिया स्कूल पिलानी, द्वितीय हर्षित महला सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय छावसरी, तृतीय चिराग राजस्थान पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय झुंझुनूं व 19 वर्षीय छात्रा वर्ग स्पर्द्धा में रिशा तिलक पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय पिलानी, द्वितीय ज्योति जांगिड राजस्थान पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय झुंझुनूं, तृतीय लक्ष्मी मीणा राजस्थान पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय झुंझुनूं विजेता रहे। ताइक्वांडो 17 वर्षीय छात्रा वर्ग में आराध्या व अपेक्षा 32 व 35 किलोग्राम वजन में प्रथम प्रिंस इंटरनेशन स्कूल झुंझुनूं, मेहुल 38 किलोग्राम सोफिया सैकेंडरी स्कूल खेतड़ी नगर, दीपिका सोनी 41 किलोग्राम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पिलानी, लक्ष्मी कालिया 44 किलोग्राम वजन टैगोर उच्च माध्यमिक विद्यालय पिलानी, कीर्तिका शेखावत 48 किलोग्राम वजन गुढा इंटेनेशनल, खुशबू चाहर 52 किलोग्राम वजन महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रिजाणी, शैली राव 56 किलोग्राम वजन व नेहा 60 किलोग्राम वजन इंडियन पब्लिक स्कूल झुंझुनूं, विदिशा कुमार 60 किलोग्राम वजन लिटिल फ्लॉवर स्कूल झुंझुनूं प्रथम व द्वितीय स्थान पर निधि 48 किलोग्राम वजन श्रीमती जमुना मिश्रा एकेडमी पिलानी, तनु 52 किलोग्राम वजन प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल, मेघा 56 किलोग्राम वजन श्रीमती जमुना मिश्रा एकेडमी पिलानी, तृतीय स्थान पर रेणू वर्मा 52 किलोग्राम वजन में श्रीमती जमुना मिश्रा एकेडमी पिलानी रहे।


विभिन्न प्रतियोगी खिलाड़ियों के साथ विद्यालय का स्टाफ।

ताइक्वांडो 17 वर्षीय छात्र वर्ग में वरूण 35 किलोग्राम इंडियन पब्लिक स्कूल झुंझुनूं, हरजित अवाना 38 किलोग्राम प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल झुंझुनूं, रोहित 41 किलोग्राम प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल झुंझुनूं, चेतन जांगिड़ 44 किलोग्राम गंगा पब्लिक स्कूल कुहाडवास, रूद्राक्ष प्रताप सिंह 48 किलोग्राम प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल झुंझुनूं, यक्ष 52 किलोग्राम प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल झुंझुनूं, नवदीप 56 किलोग्राम डिफेंस स्कूल झुंझुनूं, दीपक पूनियां 60 किलोग्राम द साउथ पब्लिक स्कूल, सुमित 64 किलोग्राम गुढा इंटरनेशनल गुढा, कुनाल 64 किलोग्राम एसएस विद्या मोदी विद्या विहार प्रथम रहे व द्वितीय स्थान पर गणेश कालिया 41 किलोग्राम जागृति पब्लिक स्कूल पिलानी, यशवंत 48 किलोग्राम विज्डम शिक्षण संस्थान झुंझुनूं, अमन 56 किलोग्राम प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल झुंझुनूं, आयुष जांगिड़ 56 किलोग्राम डिफेंस पब्लिक स्कूल झुंझुनूं, आदित्य कुमार 64 किलोग्राम विज्डम शिक्षण संस्थान झुंझुनूं, वहीं तृतीय स्थान पर दुष्यंत पूनियां 41 किलोग्राम इंडियन पब्लिक स्कूल झुंझुनूं, हरदयांश कुलहरि 56 किलोग्राम इंडियन पब्लिक स्कूल झुंझुनूं, मयंक 64 किलोग्राम इंडियन पब्लिक स्कूल झुंझुनूं रहे।

# विधायक मोदी ने गणेश्वर में सामुदायिक स्वास्थ्य भवन का शिलान्यास किया

**पाटन,** (निसं)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत गणेश्वर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत होने पर नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी ने नए भवन का शिलान्यास किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का नया भवन 5 करोड़ 50 लाख रुपए की राशि से तैयार होगा।

शिलान्यास समारोह में उपस्थित लोगों ने विधायक मोदी को साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया। विधायक मोदी ने सीएचसी गणेश्वर के निर्माण कार्य की जानकारी देते हुए बताया कि इस भवन निर्माण के सिविल कार्य 4 करोड़ 41 लाख की लागत से होगा। इसके अलावा अन्य राशि का उपयोग अस्पताल में बिजली, पानी सहित अन्य सुविधाओं के विस्तार में करवाया जाएगा। इस भवन निर्माण कार्य में डिस्पेन्सरी (मय एम.ओ.टी., ड्रेसिंग, इन्जेक्शन एवं शल्य कक्ष), स्वागत कक्ष (मय रिकॉर्ड रूम, मेडिकल ओपीडी, पेडिट्रिक्स एवं ईमुनिजेशन कक्ष), एक्सरे रूम, लेबर रूम मय टॉयलेट्स, लेबोरेट्री, महिला वार्ड मय टॉयलेट्स, पुरूष वार्ड मय टॉयलेट्स, ऑपरेशन थियेटर एवं कार्यालय कक्ष मय मेडिकल स्टोर, होम्योपैथी एवं आयुर्वेदिक कक्ष आदि सुविधाएं आमजन को मिल सकेंगी। भवन निर्माण का कार्य अगले एक साल में पूरा करवाया जाएगा। इस मौके पर गणेश्वर सरपंच प्रतिनिधि घासीलाल अठावाल, आगरी सरपंच प्रतिनिधि मामराज अठावाल, गणेश्वर पंचायत समिति सदस्य अवतार गुर्जर, जिला परिषद सदस्य संतोष मीणा, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक यादव, डॉक्टर प्रदीप शर्मा, बंशीधर, गोकुल गुर्जर, विजय शर्मा, रामजीलाल गुर्जर, ग्यारसीलाल यादव, श्याम सुन्दर शर्मा, हरिसिंह, सुमेर सिंह, बोदूराम, मूंगाराम, कल्याण सिंह आगरी, अंकित सिंह, सुलतान गुर्जर, रिद्धि करण अठावाल सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


शिलान्यास करते विधायक सुरेश मोदी ( शिलापट्ट के पास )।

# बालोतरा में प्रदर्शनकारियों पर चढ़ाई गाड़ी, आक्रोशित भीड़ ने दो गाड़ियों को फूंका

## अब तक मामला दर्ज नहीं, एचपीसीएल कम्पनी में रोजगार की मांग कर रहे स्थानीय लोग

**बालोतरा,** (निसं)। बालोतरा उपखंड क्षेत्र के पचपदरा रिफाइनरी के गेट नंबर तीन पर मंगलवार को प्रदर्शनकारियों पर गाड़ियां चढाकर कुचलने का प्रयास किया गया। इसके बाद लोगों ने दो बोलेरो कैंपर पर लाठियों से तोड़फोड़ कर आग के हवाले कर दिया। इस दौरान बदमाशों ने तीन राउंड हवाई फायरिंग भी की। प्रदर्शनकारी और अधिकारी जान बचाकर मौके से भागे। घटना के बाद बदमाश मौके के फरार हो गए।

दरअसल, स्थानीय लोग सुबह 11 बजे रोजगार और ठेके देने की मांग को लेकर धरना देने पहुंचे थे। गेट नंबर 3 पर शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे। उनकी मांग थी कि तहसीलदार मौके पर पहुंचकर समस्या सुनें, इसी दौरान ज्ञापन दिया जाएगा। सूचना के बाद करीब 12 बजे सरपंच डालूराम तथा तहसीलदार इमरान खान मौके पर पहुंचे। तभी काले शीशे वाली करीब 7 बोलेरो गाडियों में बदमाश सवार होकर आए। अधिकारियों और भीड को कुचलने का प्रयास किया।

घटना के बाद अधिकारी और प्रदर्शनकारी आपस में भिड़ गए। पत्थरबाजी भी की गई। मामला बढता देख पचपदरा पुलिस उप अधीक्षक मदनलाल मीणा और बालोतरा एएसपी नीरज कुमारी शर्मा मौके पर पहुंचे। उग्र प्रदर्शनकारियों को शांत करने के लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया। मामले के संबंध में एडीएम अश्विनी के पंवार और उपखंड अधिकारी विवेक व्यास प्रदर्शनकारियों से वार्ता कर रहे हैं। वहीं, शांति व्यवस्था को देखते हुए पुलिस जाप्ता तैनात किया गया है।



आक्रोशित लोगों के आग लगाने के बाद गाड़ियां धू-धू कर जलने लगी।

दरअसल, पचपदरा में रिफाइनरी का कार्य निर्माणाधीन है। बाहर की कंपनियां एचपीसीएल रिफाइनरी में कार्य कर रही है। जहां रोजगार पाने के लिए स्थानीय लोग अथक प्रयास कर रहे हैं। बार-बार रोजगार देने की मांग की जा रही है, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल रहा है।

एएसपी नीतेश आर्य ने बताया कि पचपदरा रिफाइनरी में गेट नंबर 3 पर तहसीलदार एक पक्ष का ज्ञापन ले रहे थे। इस दौरान करीब 7 गाड़ियों में सवार होकर आए बदमाशों ने लोगों पर गाडी चढाने का प्रयास किया। विवाद बढने के बाद अज्ञात लोगों ने दो कैंपर गाड़ियों में लाठियों से तोडफोड की और आग के हवाले कर दिया।

तहसीलदार इमरान खान ने बताया कि स्थानीय 36 कौम के लोग रोजगार की मांग को लेकर मेरे पहुंचने

- **बदमाशों ने तीन राउंड हवाई फायरिंग भी की**

से पहले शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे। जो स्थानीय लोगों को प्राथमिकता से रोजगार देने और ठेका देने की मांग कर रहे थे। इस दौरान पीछे करीब 7 बोलेरो गाड़िया आई, जिनके काले शीशे थे। भीड के साथ हमें भी कुचलने का प्रयास किया गया।

रिफाइनरी में शुरू से ही स्थानीय लोग रोजगार की मांग कर रहे हैं। पहले भी कई बार रोजगार देने की मांग उठी तो बाहर से आई कंपनियों ने स्थानीय कुछ लोगों को रोजगार दिया था। राजस्थान सरकार की संयुक्त परियोजना हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) और राजस्थान सरकार की संयुक्त परियोजना के तहत बाडमेर के पचपदरा में 450० एकड जमीन पर रिफाइनरी कम पेट्रो कैमिकल्स का निर्माण किया जा रहा है। परियोजना में एचपीसीएल की हिस्सेदारी 74 फीसदी और राजस्थान सरकार की 26 फीसदी है।

# डी.एल.एड. आवेदन में रही कमियों को दूर कर सकते हैं कैंडिडेट्स

## संशोधन केवल कैटेगरी और जेण्डर में किया जा सकेगा

**बीकानेर,** (कासं)। शिक्षा विभाग ने डीएलएड एडमिशन के लिए आवेदन कर चुके केंडिडेट्स को अपने फॉर्म में संशोधन के लिए कल तक का समय दिया है। पचास रुपए फीस देकर केंडिडेट्स सभी तरह की त्रुटियों को सुधार सकते हैं। नए सिरे से आवेदन भर सकते हैं।

अधिकृत वेबसाइट से प्री-डीएलएड परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन में रही त्रुटियों को 9 नवंबर तक सुधारने का मौका दिया गया है। प्रदेश के 372 डीएलएड कॉलेजों में परीक्षा करवाई गई थी। जिसका रिजल्ट एक नवंबर को घोषित किया जा चुका है। अभ्यर्थियों की मांग पर शिक्षा विभाग ने ऑनलाइन काउंसलिंग का प्रोसेस शुरू करने से पहले आवेदन पत्र में रही गलतियों को सुधारने का एक अंतिम अवसर दिया है।

- **देना होगा पचास रुपए शुल्क**
- **नौ नवंबर के बाद किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा**

शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 50 रुपए टोकन शुल्क देखकर अभ्यर्थी स्वयं के लॉगइन आईडी में पासवर्ड के जरिए 9 नवंबर रात 12 बजे तक संशोधन कर सकेंगे। संशोधन केवल कैटेगरी और जेण्डर में किया जा सकेगा।

प्रदेश के डीएलएड कॉलेजों में एडमिशन के लिए अभ्यर्थियों को ऑनलाइन काउंसलिंग के लिए करीब 10 दिन का समय दिया जाएगा। ऑनलाइन काउंसलिंग का प्रोसेस 15 नवंबर के आस-पास शुरू होने की संभावना है। इधर, शिक्षा विभाग में डीएलएड द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं 10 नवंबर से शुरू होंगी जो 22 नवंबर तक चलेंगी। परीक्षा एक पारी में सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक होगी।

नीरू भारद्वाज, पंजीयक, शिक्षा विभागीय परीक्षाएं राजस्थान बीकानेर का कहना है कि ऑनलाइन आवेदन में संशोधन का अभ्यर्थियों को अंतिम मौका दिया गया है। 9 नवंबर के बाद किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

# रात के समय बिजली सप्लाई का किसानों ने विरोध किया

## रात के समय 11 बजे से सुबह 4 बजे तक बिजली दी जाती है



सेफरागुवार जीएसएस का घेराव कर बैठे किसान।

**खेतड़ी,** (निसं)। किसानों द्वारा रात के समय सिंचाई के लिए बिजली सप्लाई देने का विरोध शुरू हो गया है। देर रात को खेतड़ी इलाके के सेफरागुवार जीएसएस पर किसान धरने पर बैठे रहे और रात के समय बिजली सप्लाई देने का विरोध किया। किसानों ने रात को सेफरागुवार जीएसएस पर बिजली कर्मचारियों को बाहर निकाल कर ताला लगा दिया और रात 1 बजे तक किसान धरने पर बैठे रहे। धरने पर बैठे किसानों ने बताया कि सिंचाई के लिए दिन के समय ही बिजली दी जाए। अब डिस्कॉम की ओर से रात के समय सिंचाई के लिए बिजली दी जा रही है।

- **सेफरागुवार जीएसएस पर बिजली कर्मचारियों को बाहर निकाल किसानों ने ताला लगाया**

किसान दिनभर बुवाई में लगा रहता है। इसके बाद रात को सिंचाई के लिए बिजली सप्लाई देने से किसान की परेशानियां बढ़ जाती हैं। किसानों ने बताया कि रात के समय 11 बजे से सुबह 4 बजे तक बिजली दी जाती है। जीएसएस पर तालाबंदी और धरने की सूचना के बाद सहायक अभियंता मोहनलाल स्वामी ने किसानों से बातचीत की और दिन में विद्युत सप्लाई सुचारू करवाने का आश्वासन दिया। इसके बाद किसानों ने जीएसएस पर पर लगाई तालाबंदी हटा दी और कर्मचारियों को जीएसएस के अंदर प्रवेश करने दिया।

# पत्रकार की शिकायत पर एफ.आई.आर. दर्ज

**कानपुर,** (निसं)। पत्रकार की शिकायत पर माननीय न्यायालय के आदेश पर रसूलाबाद के तत्कालीन थाना प्रभारी, निजी नर्सिंग होम संचालक व उसमें काम करने वाले लगभग आधा दर्जन कर्मचारियों के खिलाफ गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं पीड़ित पत्रकार ने आशंका व्यक्त की है कि आरोपी पुलिस अधिकारी के पद पर रहते मामले की जाँच प्रभावित हो सकती है क्योंकि वो जिले में ही तैनात है।

- **न्यायालय के आदेश पर कोतवाल व नर्सिंगहोम संचालक के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा**

गौरतलब हो कि रसूलाबाद क्षेत्र के मनावा निवासी विशाल सिंह गौतम, पेशे से पत्रकार हैं और एक समाचारपत्र में क्षेत्रीय समाचारों के संकलन का कार्य करते हैं। विशाल ने बताया कि बिगत 27 जून 2022 को वह रसूलाबाद क्षेत्र स्थित एस0 एस0 जी0 हेल्थकेअर में हंगामा की खबर बना रहे थे। इसी दौरान नर्सिंग होम संचालक डॉ0 स्वप्निल सिंह ने अपने कर्मचारियों के बल पर पत्रकार का मोबाइल छीन लिया था और मारपीट करते हुए जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया था। इस कृत्य में तत्कालीन थानाप्रभारी शिव ठाकुर ने मनमाफिक रवैया अपनाते हुए नर्सिंग होम संचालक डॉ0 स्वप्निल सिंह का साथ देकर, मनगढ्न्त तहरीर बनवाकर दबाव बनाने के लिये विशाल के खिलाफ एक कूटरचित मुकदमा उसके खिलाफ दर्ज करवा दिया था।

पीड़ित पत्रकार विशाल ने अपनी व्यथा जिले के उच्चाधिकारियों सहित माननीय न्यायालय के समक्ष रखी और बताया कि उसे फर्जी फंसाया गया है। इतना ही नहीं उसके मोबाइल के संकलित सूबूत पुलिस ने मिटा दिये हैं। विशाल के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए माननीय स्पेशल जज एस0 सी0 एस0 टी0 कानपुर देहात ने उक्त मामले की एफ आई दर्ज करने का आदेश दिया। स्पेशल जज के आदेश पर तत्कालीन रसूलाबाद थाना प्रभारी शिव ठाकुर, एस एस जी हेल्थकेयर की संचालक डॉ0 स्वप्निल सिंह व 5-6 अज्ञात कर्मचारियों के खिलाफ थाना रसूलाबाद में मामला दर्ज किया गया है।

पीड़ित पत्रकार विशाल सिंह ने यह आशंका व्यक्त की है कि पुलिस अधिकारी शिव ठाकुर वर्तमान में जिले में ही सिकन्द्रा में तैनात हैं और उनके पद पर रहते मामले की जाँच प्रभावित की जा सकती है। ऐसे में मुझे क्या न्याय मिल पायेगा ?

# बीकानेर में 19 नए रोगी मिले, 473 पर पहुंचा आंकड़ा

**बीकानेर,** (कासं)। डेंगू के नए रोगी मिलने का सिलसिला थम नहीं रहा है। आज 19 नए रोगी पीबीएम हॉस्पिटल में रिपोर्ट हुए हैं। इनमें से आठ भर्ती हैं। पीबीएम में अब तक 473 डेंगू पॉजिटिव रिपोर्ट हो चुके हैं, जिनमें से 251 का भर्ती कर इलाज किया गया। बीते सप्ताह भर से डेंगू का प्रकोप बढ़ रहा है।

इस बार डेंगू सबसे ज्यादा बच्चों, स्कूल-कॉलेज वाले किशोरों और कामकाजी युवाओं को अपनी चपेट में ले रहा है। बीकानेर में इस वर्ष के उपलब्ध 462 रोगियों का डेटा एनालिसिस करने पर सामने आया कि बुजुर्गों को डेंगू सबसे कम हो रहा है। डेंगू पीड़ितों में सबसे ज्यादा 50.21 प्रतिशत रोगियों की उम्र 16 से 35 वर्ष के बीच है। इसके बाद 15 वर्ष तक के बच्चे 22.07 प्रतिशत और 36 से 50 वर्ष तक वाले रोगी 14.28 प्रतिशत हैं। सबसे कम डेंगू रोगी 70 से अधिक उम्र वाले हैं। इनका प्रतिशत 2.38 है। स्कूल-कॉलेज के स्टूडेंट और कामकाजी लोगों के इस बीमारी की चपेट में ज्यादा आने की एक वजह यह है कि डेंगू फैलाने वाला मच्छर एडिज इजिप्टाई डे-बाइटर यानी दिन में काटने वाला है। यह मच्छर सूर्योदय के बाद कुछ घंटों तक और शाम को सूर्यास्त से पहले कुछ घंटों तक सबसे ज्यादा सक्रिय रहता है। स्कूली बच्चे, कॉलेज स्टूडेंट और कामकाजी युवा सुबह-शाम जाते-आते वक्त इस बीमारी की चपेट में आते हैं।

डॉ.संजय कोचर,(मलेरिया-डेंगू पर सालों से रिसर्च कर रहे मेडिसिन विभागाध्यक्ष) का कहना है कि एडिज इजिप्टाई मच्छर डे-बाइटर है। सबसे ज्यादा सुबह-शाम सक्रिय रहता है। बंद कमरों की बजाय खुले में ज्यादा बाइट करता है। साफ दिखने वाले पानी में अंडे देता है।

# फिजिकल टीचर्स के इंटरव्यू शुरू

**बीकानेर,** (कासं)। प्रदेश के सभी संभाग मुख्यालयों और शिक्षा विभाग के डिविजनल मुख्यालयों पर नए स्पोर्ट्स काम्पलेक्स शुरू किए जा रहे हैं। इन केंद्रों पर अनेक खेलों की ट्रेनिंग दी जाएगी। ऐसे में प्रदेशभर में फिजिकल टीचर्स को भी इन केंद्रों पर पदस्थापित किया जा रहा है। यहां बीकानेर में शाला क्रीडा संगम केंद्रों के लिए इंटरव्यू शुरू हो गए हैं।

बीकानेर के अलावा चूरू, अजमेर, जोधपुर, भरतपुर, जयपुर, कोटा, पाली और उदयपुर में ये केंद्र जल्द ही शुरू हो जाएंगे। इन केंद्रों पर बड़ी संख्या में फिजिकल टीचर्स का पदस्थापन किया जाएगा। ऐसे में जो फिजिकल टीचर इन शहरों में अपना पदस्थापन करवाना चाहते हैं, वो आवेदन कर रहे हैं। बीकानेर स्थित शिक्षा निदेशालय में इन टीचर्स के इंटरव्यू हो रहे हैं, जिसके बाद इनका चयन होगा।

- **संभाग और शिक्षा विभाग के डिविजनल मुख्यालयों पर शुरू होंगे नए स्पोर्ट्स काम्पलेक्स**


ऐसे में बड़ी संख्या में ग्रेड थर्ड, ग्रेड सेकंड फिजिकल टीचर्स को इधर-उधर होने का अवसर भी मिल रहा है। शिक्षा विभाग ने पिछले दिनों में जो बड़ी संख्या में नए खेल भी स्कूल स्तर पर शुरू कर दिए हैं। इनके प्रशिक्षण की व्यवस्था भी इन केंद्रों पर रहेगी। बीकानेर सहित सभी जिलों में पहले से ऐसे केंद्र चल रहे हैं और नए केंद्र खुलने से खिलाड़ियों को प्रशिक्षण मिलेगा, वहीं अपने जिलों से बाहर बैठे फिजिकल टीचर्स को भी अवसर मिलेगा।

# लापता युवक का कंकाल गटर की कुई में मिला

**खाटूश्यामजी,** (निसं)। थाना अंतर्गत मंडा ग्राम से 12 जुलाई को लापता हुए युवक का शव ग्राम के ही पास में स्थित शंकर अग्रवाल के बंद गटर की कुई में मिला।

थानाधिकारी सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि लापता श्रवण सिंह शेखावत पुत्र मेघ सिंह की तलाश की जा रही थी। लापता की आस-पास के क्षेत्र में मोबाइल लोकेशन पूछताछ में संदिग्ध एक महिला सहित चार लोग सामने आए। संदिग्ध कैलाश अग्रवाल , महेंद्र सिंह शेखावत, विकास नायक व सुनीता अग्रवाल से गहनता से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि लापता युवक श्रवण सिंह को अधिक शराब पिलाकर शंकर अग्रवाल के घर पर ही उसे मार कर पीछे बने बंद गटर की कुई में डालकर उसके ऊपर नमक और मिट्टी डाल दी गई जिससे किसी को कोई शक ना हो।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव



सिविल डिफेंस सीकर की टीम ने कंकाल को कुई से निकाला।

निकालने के लिए सिविल डिफेंस सीकर को सूचना दी। मौके पर पहुंची टीम ने मृतक के रिश्तेदार भाई जितेंद्र सिंह को कुई के अंदर उतारा गया। शव के बजाय मृतक के कंकाल हड्डी व अन्य सामान मिला। पुलिस शव को कब्जे में लेकर जैसे ही सीकर के लिए रवाना होने लगे तो मृतक की पत्नी रीटा कंवर के नेतृत्व में सैकडों ग्रामीणों ने पुलिस को घेर लिया और मौके पर ही

- **संदिग्ध लोगों से पूछताछ में हुआ खुलासा**

धरने पर बैठ गए।

सूचना पर जनप्रतिनिधि पूर्व विधायक अमराराम, गजानंद कुमावत, महावीर कुमावत, हनुमान सिंह शेखावत व गोडावास के सरपंच प्रभु सिंह गोगावास, अरोरा के पूर्व सरपंच मूल सिंह ने धरने पर पहुंचकर विरोध जताया।

एसडीएम व पुलिस के आला अधिकारियों दवारा समझाइश करने पर परिजनों ने मृतक के 5 वर्षीय पुत्री व 2 वर्षीय पुत्र को सरकारी नौकरी देने के साथ एक करोड रुपए का आर्थिक सहायता की मांग की। काफी समझाइश की गई लेकिन परिजनों व धरना स्थल पर बैठे ग्रामीण नहीं माने।

# मां से झगड़ा करने पर बड़े भाई की हत्या

**अनूपगढ,** (निसं)। मां से झगड़ा करने पर छोटे ने बड़े भाई को रोका गुस्से में सिर पर गंडासी से मार दिया। इससे बड़े भाई की इलाज के दौरान रात को मौत हो गई। पुलिस ने मृतक की पत्नी की रिपोर्ट पर दो देवर और सास के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है।

मामला श्रीगंगानगर के अनूपगढ़ की रावला मंडी के गांव 8 केडी का है। मारपीट में घायल करण कुमार विश्नोई (25) पुत्र महादेव ने बीकानेर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस उपाधीक्षक जयदेव सियाग ने बताया कि करण कुमार (25) पुत्र महादेव अपनी मां के साथ झगड़ा कर रहा था। तब छोटे भाई सुनील कुमार(22) ने करण को रोका, लेकिन वह नहीं माना। इस पर दोनों भाइयों में झगड़ा हो गया। गुस्से में आकर सुनील कुमार ने बड़े भाई करण के सिर में गंडासी से वार कर दिया।

- **छोटे भाई ने सिर में गंडासी मारी, पुलिस ने हिरासत में लिया**

घटना में करण गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को रावला से गंभीर हालत में बीकानेर रैफर कर दिया। इलाज के दौरान युवक ने रात दम तोड़ दिया। पुलिस ने मंगलवार को आरोपी छोटे भाई सुनील को राउंडअप किया है।

मृतक करण की पत्नी मनीता (22) ने रावला पुलिस थाने में देवर सुनील (22) और सुधीर (20) और सास बेदी देवी(63) व दो अन्य ने जान के खिलाफ मामला दर्ज कराया। करण कुमार के 7 महीने की बेटी है। करण अपने 2 भाइयों के साथ एक ही घर में रहता था।

# मौसम का बदला मिजाज



श्रीमाधोपुर में शाम चार बजे बाद बारिश का दौर शुरू हुआ।

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। क्षेत्र में नवंबर के दूसरे सप्ताह के शुरूआत में मंगलवार शाम 4 बजे मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। शाम चार बजे ही अंधेरा सा छा गया और और वाहन चालकों को वाहनों की लाइट जलानी पड़ी।

इसके बाद तेज हवा और बादलों की गर्जना के साथ शाम 4.45 बजे बारिश का दौर शुरू हो गया। मौसम विभाग के अनुसार नए पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिर्स्टबेंस) के चलते मौसम में बदलाव के साथ रात के तापमान में 5 डिग्री तक गिरावट दर्ज की जा सकती है। सीकर के कृषि अनुसंधान केंद्र फतेहपुर पर सोमवार रात का पारा 19 डिग्री दर्ज किया गया है। इससे पहले यहां रविवार रात का पारा 13.5 डिग्री और शनिवार रात का पारा भी 13.5 डिग्री दर्ज किया गया था।

# स्विमिंग पूल में छात्र की डूबने से मौत

**बौंली,** (निसं)। निवाई रोड स्थित जयगढ़ पैलेस स्विमिंग पूल बौंली उपखंड मुख्यालय पर अपने साथियों के साथ नहाने गए एक छात्र की डूबने से मौत हो गई। बौंली सर्किल इंस्पेक्टर कुसुम लता मीणा ने बताया कि अमृत लाल मीणा उम्र 16 वर्ष 11वीं कक्षा में जय बजरंग विद्यालय में अध्ययनरत था जो अपने 8-10 साथियों के साथ स्विमिंग पूल में 9:30 पर नहाने गया था।

इसी दौरान सभी छात्र मित्र नहाने में मस्त थे और वह अंदर पानी में छलांग लगाकर कूदा जिससे वह बाहर नहीं निकल पाया। काफी समय बाद जब उसके अन्य साथियों ने उसे नहीं देखा तब उसे बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। छात्र अमृत लाल मीणा उम्र 16 वर्ष निवासी खाट कला सूरवाल यहां हॉस्टल में रहकर बजरंग विद्यालय में अध्ययन कर रहा था। पुलिस ने बौंली चिकित्सालय में मृतक छात्र का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

# स्वास्तिक कॉ-ऑपरेटिव सोसायटी ने दर्जनों महिलाओं को ठगा

## दस-दस हजार रुपए देकर चार से पांच गुना की वसूली

**चूरू,** (कासं)। स्वास्तिक क्रेडिट कॉ ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड चूरू ने दर्जनों महिलाओं को ठगी का शिकार बनाया है। स्वास्तिक क्रेडिट कॉ ऑपरेटिव सोसायटी ने दर्जनों महिलाओं को दस-दस हजार रुपए का ऋण देकर चार से छह गुना तक राशि वसूल कर ली है। उसके बाद भी उनकी पूर्ति नहीं हुई है। यहां वार्ड नम्बर 24 की 2 सगी बहनों स्नेहा सेन व दीया सेन ने स्वास्तिक क्रेडिट कॉ ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड चूरू से 17 नवम्बर 2017 को दस-दस हजार रुपए लिए थे।

दीया ने बताया कि 3 जुलाई 2020 तक 37800 रुपए नगद जमा करवा दिया। इसके अलावा छह हजार रुपए की कोई रसीद ही नहीं दी गई। इसी प्रकार स्नेहा ने भी 33 हजार से अधिक रुपए जमा करवा दिए और अपना ऋण चुकता कर दिया। उसके बाद दोनों बहनों की विवाह हो गया। दीया सेन ने बताया कि गत सप्ताह स्वास्तिक क्रेडिट कॉ ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड चूरू की मैडम किरण उनके ससुराल लक्ष्मणगढ़ पहुंच गई और जेल भिजवाने की धमकी देने लगी। किरण इतने में ही नहीं मानी और उसने कहा कि वह फिर आएगी और घर के आगे नोटिस चिपकाकर जाएगी। किरण की धमकी के बाद दोनों बहनें मानसिक रूप से परेशान हैं। ससुराल वालों के सामने भी बेवहज नीचा देखना पड़ रहा है।

इसी प्रकार स्वास्तिक क्रेडिट कॉ ऑपरेटिव सोसायटी ने मीरा से 57625 रुपए, जाहिदा से 42670 रुपए, नीलू से 27800 रुपए वसूल लिए हैं। उसके बाद भी और रुपए मांग रहे हैं। नसीम, किरण आदि सहित दर्जनों अन्य महिलाएं भी स्वास्तिक क्रेडिट कॉ ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड चूरू की ठगी का शिकार हो चुकी हैं। यहां महिलाओं ने बताया कि स्वास्तिक क्रेडिट कॉ ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड वाले धमकाने के लिए लोगों को भेजते हैं। इससे उनका जीना मुश्किल हो गया है। इस संबंध में राजस्थान महिला आयोग की अध्यक्ष रेहाना रियाज को भी अवगत करवाएंगे। उसके बाद भी स्वास्तिक क्रेडिट कॉ ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड चूरू को पाबंद नहीं किया गया तो न्यायालय का सहारा लिया जावेगा। पीड़ित महिलाओं ने दोषी स्वास्तिक क्रेडिट कॉ ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड के खिलाफ उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

- **दो बहनों को ससुराल जाकर दी जेल भेजने की धमकी**
- **सोसायटी के खिलाफ उच्च स्तरीय जांच की मांग**

# 2019 की सोलर नीति के अनुसार ही व्यवसायियों को इलैक्ट्रिसिटी ड्यूटी में राहत दें : हाईकोर्ट

## अदालत ने राज्य सरकार तथा जयपुर विद्युत वितरण निगम को फटकार लगाते हुए कहा कि व्यवसायियों ने 2019 की नीति के तहत ही छतों पर सोलर पावर प्लांट लगाने के लिये निवेश किया था

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने इमारतों की छत पर (रूफ टॉप) सोलर पैनल लगाकर व्यवसायिक उपयोग के लिये बिजली उत्पादन करने से जुड़ी कंपनी इमामी एग्रोटेक लिमिटेड को राहत देते हुए आदेश दिये हैं कि राज्य सरकार अपनी 2019 की सोलर नीति के अनुसार इस कंपनी से बिजली उत्पादन के लिये इलैक्ट्रिसिटी ड्यूटी ना वसूलें और ना ही कोई अवपीड़क कार्यवाही ना करें।

मुख्य न्यायाधीश पंकज मिथल और न्यायाधीश एम.एन. श्रीवास्तव की खंडपीठ ने यह आदेश 20 अक्टूबर को दिये थे जिसकी आदेश की प्रतिलिपि अभी हाल ही में प्राप्त हुई है।

इस मामले में याचिकाकर्ता इमामी एग्रोटेक लिमिटेड की ओर से

- **जैसा कि विदित है कि इस नीति के तहत व्यवसायियों को सात साल तक इलैक्ट्रिसिटी ड्यूटी देने से राहत दी गई थी परंतु राज्य सरकार अपनी ही नीति के विरूद्ध जाते हुए व्यवसायियों से ड्यूटी वसूल रही थी और इसके एवज में बिल भी जारी कर रही थी**
- **हाईकोर्ट ने ड्यूटी वसूले जाने पर अंतरिम रोक लगाई है और कंपनियों के खिलाफ कोई भी उत्पीड़क कार्यवाही करने पर भी रोक लगाई**

एडवोकेट अनंत कासलीवाल और उनके सहायक वकील वैभव कासलीवाल और शशांक कासलीवाल पेश हुए थे।

उल्लेखनीय है कि 2019 में राज्य सरकार ने अपनी सोलर एनर्जी पॉलिसी जारी की थी जिसकी धारा 16.4 के तहत सोलर पावर प्रोजेक्ट लगाने वाली कंपनियों पर आने वाले सात वर्ष तक राजस्थान सरकार और जयपुर विद्युत वितरण निगम इलैक्ट्रिसिटी ड्यूटी नहीं लगाएंगे। परंतु अपनी ही नीति के विरूद्ध जयपुर विद्युत वितरण निगम कई बिजली उत्पादकों से इलैक्ट्रिसिटी ड्यूटी वसूल रही थी और बिल भी जारी कर रही थी। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021-22 में राज्य सरकार ने छत पर सोलर प्लांट के नये प्रोजेक्ट के लिये यह छूट हटा दी है।

परंतु हाईकोर्ट के समक्ष ऐसे कई मामले दायर किये गये जिनमें कंपनियों ने 2019 की नीति के तहत छत पर सोलर प्लांट लगाये थे। इन याचिकाकर्ताओं का कहना था कि राज्य सरकार नये आने वाले प्रोजेक्टों के लिये तो छूट हटा सकती है पर जो 2019 की नीति के तहत ये लगाये गये हैं उन पर यह छूट लागू रहेगी। ऐसा ही एक याचिका एपीएम इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा दायर की गई थी जिसमें सीनियर अधिवक्ता संदीप जौहरी और उनके सहायक अधिवक्ता शुभंकर जौहरी पैरवी के लिये पेश हुए थे। हाईकोर्ट ने इस मामले में कहा था कि राज्य सरकार अपनी ही नीति के विरूद्ध कार्य नहीं कर सकती और इन कंपनियों से इलैक्ट्रिसिटी ड्यूटी नही वसूल सकती।

राजस्थान सोलर एसोसियेशन ने भी इस वर्ष हाईकोर्ट के समक्ष सरकार की 2019 की नीति के विरूद्ध इलैक्ट्रिसिटी ड्यूटी वसूले जाने के कई मामले दर्ज किये गये थे। जिनमें हाईकोर्ट ने अंतरिम रोक लगाई थी।

हाईकोर्ट ने एपीएम इंडस्ट्रीज राहत देते हुए उन पर लगाई जा रही ड्यूटी पर अंतरिम रोक लगाई थी। इन मामलों की तर्ज पर हाईकोर्ट ने इमामी एग्रोटेक को भी राहत दी है और उन पर लगाई जा रही ड्यूटी पर भी अंतरिम रोक लगाई जा रही है।



**पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने लाहौल स्पीति में कांग्रेस उम्मीदवार रवि ठाकुर के समर्थन में प्रचार किया।**



**मंगलवार को चन्द्रग्रहण के तुरंत बाद ही राजधानी जयपुर में तीव्र हवाओं के साथ बारिश होने लगी जो देर रात तक रूक-रूक कर चलती रही। इससे शहर में सर्दी बढ़ने से लोग गर्म कपड़े पहने नजर आये।**

## ईडब्ल्यूएस आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत

**जयपुर।** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को 10 प्रतिशत आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का ब्राहमण समाज राजस्थान ने स्वागत किया है। प्रदेशाध्यक्ष अंबिका प्रकाश पाठक ने इस निर्णय को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय ने केन्द्र की मोदी सरकार के उस फैसलें पर मोहर लगा दी है जिसके तहत केन्द्र सरकार ने आर्थिक रूप से पिछड़ों को आरक्षण दिया था। इस निर्णय के खिलाफ कई पार्टियों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की लेकिन जीत आखिरकार सत्य की हुई और गरीब व कमजोर सवर्ण को भी संबल मिला है। इस आरक्षण पाने के लिये लगभग दो दशकों तक संघर्ष किया और केन्द्र सरकार ने आरक्षण से वंचित सवर्ण जातियों को भी ईडब्ल्यूएस कैटेगरी में आरक्षण दिया।

# प्रदेश में 31 नए करोना संक्रमित मिले मंगलवार को

## जोधपुर में सर्वाधिक 6 नए मरीज सामने आए हैं

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर।** प्रदेश में नए करोना संक्रमितों की संख्या में फिर वृद्धि हुई है। इस दौरान मंगलवार को 31 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं 18 रोगियों के ठीक होने से एक्टिव केस बढ़कर 343 हो गए हैं। हालांकि राहत की बात यह है कि राज्य में पिछले सात दिनों से करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है।

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में 10 जिलों में 31 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले सोमवार को 23 रोगी पाए गए थे। इधर आज सबसे ज्यादा

- **राज्य में फिर रिकवरी में कमी आने से एक्टिव केस बढ़कर 343 हो गए हैं।**

6 नए संक्रमित जोधपुर में सामने आए हैं। इसके अलावा पाली में 5, जयपुर व अलवर में 4-4, बीकानेर व सीकर में 3-3, प्रतापगढ़ और अजमेर में 2-2 तथा भरतपुर और सवाई माधोपुर में एक-एक नया संक्रमित मिला है। इस बीच राज्य में 5708 जांचे की गई।

प्रदेश में मंगलवार को केवल 18 ही संक्रमित ठीक हुए हैं। इसके साथ ही फिर एक्टिव केस बढ़कर 343 हो गए हैं। राजधानी जयपुर में पिछले चौबीस घंटों में कोई भी मरीज रिकवर नहीं होने से एक्टिव केस बढ़कर 106 हो गए हैं। प्रदेश में मंगलवार को भी करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि राज्य में अब तक इस बीमारी से 9646 लोगों की मौत हो चुकी है। राजधानी जयपुर में मंगलवार को गोपालपुरा, कोटपूतली, मालवीय नगर और मानसरोवर में 1-1 नया संक्रमित मिला है।

# स्वरोजगार से ही भारत आत्मनिर्भर बनेगा : कश्मीरी लाल

**जयपुर।** स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय संगठक कश्मीरी लाल ने कहा है कि स्वदेशी वस्तुओं को प्रोत्साहन देने और स्वरोजगार से ही भारत आत्मनिर्भर बनेगा। कश्मीरी लाल स्वदेशी जागरण मंच की प्रांत बैठक को राजापार्क स्थित आदर्श विद्या मंदिर में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग व युवाओं के स्वरोजगार के प्रति जागृत होने से देश भर में एक सकारात्मक माहौल बना है। संघ की प्रेरणा से चल रहे स्वदेशी स्वावलंबन अभियान से देश के युवाओं में एक नई चेतना जागृत हुई है। उसी का परिणाम है कि अब युवा सरकारी नौकरी के बजाय स्वयं का रोजगार शुरू कर लोगों को नए रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं।

उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि देश में आज स्वदेशी, स्वरोजगार व स्वावलंबन का भाव उत्पन्न हुआ है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक डॉ शैलेंद्र ने कहा कि आज स्वदेशी का स्वावलंबन अभियान पूरे देश में जोर पकड़ रहा है और अब लोग वस्तुओं को खरीदने से पहले स्वदेशी और विदेशी वस्तुओं

- **स्वदेशी जागरण मंच की प्रांत बैठक एवं दीपावली स्नेह मिलन समारोह**

का आंकलन करने लगे हैं। मंच के प्रांत संयोजक देवेंद्र भारद्वाज ने प्रांत कार्यकारिणी में राजेश शर्मा को कोष प्रमुख एवं धर्मेंद्र शर्मा को सह संपर्क प्रमुख के पद पर नियुक्त किया साथ ही स्वावलंबन के क्षेत्र में कार्य कर रहे युवा उद्यमियों को मंच पर बुलाकर स्वदेशी का दुपट्टा देकर सम्मानित कराया और उनके स्टार्टअप्स को राष्ट्र की उन्नित में अधिक भागीदारी निभाने की शुभकामनाएं देकर उनका उत्साहवर्धन किया। महिला कार्य प्रमुख अर्चना मीणा ने स्वावलंबी भारत अभियान के डिजिटल प्लेटफार्म माय एसबीए में अधिकाधिक युवाओं को जोड़ने का आव्हान किया। मंच के अखिल भारतीय सह प्रचार डॉ धर्मेंद्र दुबे ने कहा कि स्वरोजगार करने वाले युवाओं की छोटी-छोटी कहानियां भी प्रेरणा के रूप में समाज के बीच लाई जानी चाहिए। मंच के क्षेत्र संयोजक डॉ.सतीश आचार्य ने कहा कि स्वदेशी को लेकर देशभर में एक सकारात्मक व अनुकूल माहौल का निर्माण हुआ है। प्रांत प्रचार प्रमुख डा धर्मवीर चंदेल ने बताया कि इस अवसर पर प्रांत संगठक मनोहर शरण का स्थानांतरण गुजरात होने पर उन्हें सभी कार्यकर्ताओं ने भावभीनी विदाई दी।

## बम ब्लास्ट मामले में सुनवाई पूरी

**जयपुर।** शहर में 13 मई, 2008 को हुए सिलसिलेवार बम धमाकों के मामले में चार अभियुक्तों को मिली फांसी की सजा को लेकर हाईकोर्ट में राज्य सरकार के डेथ रेफरेंस और अभियुक्तों की ओर से पेश कुल 28 अपीलों पर सुनवाई पूरी हो गई है। अदालत ने दोनों पक्षों को लिखित बहस पेश करने को कहा है। लिखित बहस के बाद कोर्ट अपना आदेश सुनाएगी। जस्टिस पंकज भंडारी और समीर जैन की खंडपीठ ने इस मामले में सुनवाई की है।

# धर्मांतरण का राज्य सरकार को संरक्षण : डॉ. पूनिया

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने जयपुर में धर्मांतरण के मामले पर बयान देते हुए कहा कि राजस्थान कितना असुरक्षित है, इसका नमूना धर्मान्तरण है, राज्य में लव जेहाद और लैण्ड जेहाद की घटनाएं होती रही हैं, आवाज उठाने पर धर्मान्तरण थोड़े दिन के लिये रुका था, लेकिन अब फिर से हो रहा है, जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार सोती रही, कमज़ोर लोगों को सुनियोजित तरीके से टार्गेट किया जाता है, धर्मांतरण के मामलों में भोले, आर्थिक कमजोर और निर्बल लोगों को टार्गेट कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत गृह मन्त्री भी हैं और उनकी नाक के नीचे यह हो रहा। इससे भी बड़ी चौंकाने वाली बात यह है कि धर्मांतरण के खिलाफ आवाज उठाने वाले लोगों को पुलिस द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है, जबकि धर्मांतरण करवाने वाले लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है, इससे यह इनकार नहीं किया जा सकता कि धर्मांतरण को राज्य सरकार का संरक्षण प्राप्त है, कांग्रेस की तुष्टिकरण और वोट बैंक की सियासत के तार भी इससे जुड़े हो सकते हैं, इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, जिससे भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति ना हो।

# कॉलेज शिक्षा आयुक्त बताए क्यों नहीं की आदेश की पालना?

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने निजी कॉलेज को सत्र 2020-21 की स्थाई एनओसी जारी करने के अदालती आदेश के बावजूद एनओसी जारी नहीं करने पर नाराजगी जताई है। इसके साथ ही अदालत ने कॉलेज शिक्षा आयुक्त को 28 नवंबर को पेश होकर इस संबंध में अपना स्पष्टीकरण देने को कहा है। अदालत ने कहा कि यदि आदेश की पालना हो जाती है तो कॉलेज आयुक्त को पेश होने की जरूरत नहीं है। जस्टिस प्रकाश गुप्ता की एकलपीठ ने यह आदेश जामिया मदरसा एजुकेशन सोसायटी की अवमानना याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता आत्माराम मीणा ने

- **हाईकोर्ट के आदेश के वाबजूद निजी कॉलेज को स्थाई एनओसी जारी नहीं करने पर नाराजगी जताई**

अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता ने कॉलेज शिक्षा विभाग में वर्ष-2020-21 की स्थाई एनओसी के लिए आवेदन किया था। विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं करने पर याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में याचिका पेश की थी। जिस पर गत वर्ष 2 दिसंबर को सुनवाई करते हुए अदालत ने विभाग को आदेश दिए थे कि वह याचिकाकर्ता के प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए एक माह में एनओसी जारी करे। अवमानना याचिका में कहा गया कि अदालती आदेश के करीब 11 माह बीतने के बाद भी विभाग ने अब तक एनओसी जारी नहीं की है।

ऐसे में अदालती आदेश की पालना कराई जाए और अवमानना कर्ता अफसरों को दंडित किया जाए। वहीं याचिका में जवाब पेश करने के लिए अतिरिक्त महाधिवक्ता ने दो सप्ताह का समय मांगा। इस पर अदालत ने 28 नवंबर तक आदेश की पालना नहीं होने पर कॉलेज शिक्षा आयुक्त को पेश होकर अपना स्पष्टीकरण देने को कहा है।

# मुख्य सचिव सहित अन्य को अवमानना नोटिस

- **शिक्षक की लंबित विभागीय जांच के संबंध में दिये आदेश की पालना नहीं करने पर जवाब मांगा**

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने शिक्षक की लंबित विभागीय जांच के संबंध में दिए आदेश की पालना नहीं करने पर मुख्य सचिव, शिक्षा निदेशक और जिला शिक्षाधिकारी सहित अन्य को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जस्टिस प्रकाश गुप्ता की एकलपीठ ने यह आदेश ममता की अवमानना याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता योगेश टेलर ने अदालत को बताया कि हाईकोर्ट ने गत नौ मार्च को आदेश दिए थे कि याचिकाकर्ता के खिलाफ लंबित विभागीय जांच को छह माह में निस्तारित किया जाए। इसके बावजूद विभाग ने याचिकाकर्ता के खिलाफ संशोधित आरोप पत्र पुनः जारी कर दिया और विभागीय कार्रवाई जारी कर रखी है। इसके साथ ही याचिकाकर्ता को वेतन का भुगतान भी नहीं किया जा रहा है। याचिकाकर्ता को विभागीय अधिकारी मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। याचिका में कहा गया कि अदालती आदेश की पालना में याचिकाकर्ता की विभागीय जांच को निस्तारित किया जाए और अदालत अवमाननाकर्ता अफसरों पर कार्रवाई करे। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

# टैंकर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जयपुर** (कासं)। रामनगरिया इलाके में सोमवार देर रात एक पानी के टैंकर ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं, मृतक के परिजनों की रिपोर्ट पर टैंकर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है।

थानाधिकारी राजेश शर्मा ने बताया घटना अक्षयपात्र मंदिर के पास की सोमवार रात करीब 9:30 बजे की है। यहां एक टैंकर चालक ने लापरवाही पूर्वक सामने से आ रहे बाइक सवार को कुचल दिया। बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद चालक टैंकर लेकर फरार हो गया। मृतक की शिनाख्त

- **रामनगरिया इलाके में अक्षयपात्र मंदिर के पास सोमवार देर रात हुआ हादसा**

मीठालाल मीणा (25) पुत्र नैनूराम निवासी चंदवाडा की ढाणी थाना लवाण जिला दौसा के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया मृतक मीठालाल मीणा इलाके स्थित एक वर्कशॉप पर बाइक रिपेयरिंग का काम करता था। वह रिपेयरिंग के लिए आई बाइक को सोमवार रात अक्षयपात्र मंदिर के पास चेक कर रहा था। इस दौरान टैंकर ने उसे कुचल दिया। पुलिस ने मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया, जबकि टैंकर चालक की तलाश शुरू की है।

## मकानों-गाड़ियों पर पथराव करने वाले बदमाशों को ढूंढ रही पुलिस

**जयपुर** (कासं)। राजधानी के चित्रकूट इलाके में सोमवार रात बदमाशों ने गाड़ियों और मकान पर पथराव कर दिया। बदमाशों ने एक के बाद एक कई गाड़ियों में तोड़फोड़ की। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक बदमाश फरार हो चुके थे। घटना के बाद स्थानीय लोगों में दहशत है। अब पुलिस फुटेज के आधार पर बदमाशों को चिन्हित कर गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

एसीपी (वैशाली नगर) आलोक कुमार सैनी ने बताया कि डीसीएम स्थित विद्युत नगर ए में सोमवार रात गाड़ियों में तोड़फोड़ की वारदात हुई है। दर्जनभर से अधिक बदमाश अलग-अलग बाइकों पर लाठी-डंडे लिए कॉलोनी में घुसे। बदमाशों ने लग्जरी कार और पास ही स्थित एक मकान पर हमला बोल दिया। बदमाशों ने जिस मकान में धावा बोला, उसमें कुछ छात्र रहते हैं, लेकिन वारदात के समय वे वहां नहीं थे। फिलहाल पुलिस वीडियो और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है।

# गुरु नानक देव ने सम्पूर्ण मानवता को भाईचारे का संदेश दिया : राज्यपाल



**गुरू नानक जयन्ती के अवसर पर राज्यपाल कलराज मिश्र ने राजा पार्क गुरुद्वारे में आयोजित विशेष कीर्तन में भाग लिया।**

**जयपुर,** (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने श्री गुरु नानक देव जी के 553वें प्रकाश पर्व गुरु नानक जयन्ती के अवसर पर मंगलवार को राजा पार्क गुरुद्वारे में विशेष कीर्तन दिवान आयोजन में भाग लिया।

राज्यपाल ने सभी को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी ने सामाजिक कुरीतियों, अंधविश्वास और छुआछूत को दूर करने के लिए कार्य किया। उन्होंने मानवता के कल्याण के लिए पूरे देश में घूम-घूम कर भाईचारे एवं प्रेम के मार्ग पर चलने के लिए सभी को प्रेरित किया। हमें उनके संदेशों के अनुसार अपने आचरण एवं व्यवहार को ढालते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर राजस्थान राज्य समाज कल्याण बोर्ड अध्यक्ष अर्चना शर्मा, सांसद रामचरण बोहरा, स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, विधायक सतीश पूनिया, कालीचरण सराफ, आरसीए अध्यक्ष वैभव गहलोत, राजस्थान सिख समाज के अध्यक्ष सरदार अजयपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में सिख धर्मावलंबी एवं अनुयायी उपस्थित रहे।

# स्कूल बस से फिसलकर सड़क पर गिरे छात्र की दर्दनाक मौत

**जयपुर** (कासं)। मुहाना इलाके में एक नौवीं कक्षा के छात्र को उसी के स्कूल की बस ने कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद सड़क पर खून बिखर गया। सूचना पर मौके पर पहुंची ने मृतक छात्र के शव को जयपुरिया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। बुधवार सुबह शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। वहीं, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

थानाधिकारी लखन सिंह खटाना ने बताया घटना डिग्गी रोड स्थित रिंग रोड के पास स्लिप लाइन मंगलवार दोपहर करीब 3:30 बजे की है, जहां स्कूल बस से एक छात्र अचानक नीचे गिर गया। सिर में गंभीर छोटे लगने से

- **मुहाना इलाके में डिग्गी रोड पर रिंग रोड के नजदीक हुआ हादसा**

उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त मनीष शर्मा (15) पुत्र मुकेश कुमार शर्मा निवासी बड़ वाली ढाणी, मुहाना के रूप में हुई है।

दरअसल, मनीष प्रताप पब्लिक स्कूल, बालावाला में नौवीं कक्षा का छात्र है। यह स्कूल के परिवार का ही है। वह रोजाना की तरह स्कूल से छुट्टी होने के बाद बस में बैठ कर घर आ रहा था। इस दौरान वह घर नजदीक आते समय बस के गेट पर आकर खड़ा हो गया। जैसे ही बस डिग्गी रोड पर रिंग रोड के पास स्लिप लाइन पर चढ़ी तो मनीष बस से नीचे जा गिरा। वह सिर के बल गिरा, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आने की वजह से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस ने बताया मुकेश शर्मा के दो बेटों में मनीष छोटा था, इससे बड़ा राहुल है। हादसा घटित करने वाली बस भी इनके परिवार की ही बताई जा रही है। फ़िलहाल घटना को लेकर कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। वहीं मृतक के शव को जयपुरिया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है, जहां बुधवार को उसका पोस्टमार्टम कराया जाएगा। हालांकि, पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**जयपुर।** मुरलीपुरा इलाके में एक सडक़ हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार नानू नगर, मुरलीपुरा निवासी विश्वजीत 6 नवंबर की रात करीब 12 बजे बाइक से घर लौट रहा था। इस दौरान नाड़ी के फाटक के पास एक लोडिंग टेम्पो ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। गंभीर हालत में विश्वजीत को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया, जबकि मृतक के पिता सतेंद्र सिंह की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है।

उधर हरमाड़ा इलाके में सोमवार सुबह 14 नंबर रोड स्थित चौकटी पर एक व्यक्ति की लाश मिलने से सनसनी फ़ैल गई। फ़िलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हुई है। पुलिस ने मृतक का शव सवाई मान सिंह अस्पताल की मोर्चरी में रखवाई है।

# बेजुबान पीड़ित पशुओं का उपचार करने में गंभीर नहीं चूरू का पशुपालन विभाग

**चूरू, (कासं)।** पशुपालन विभाग चूरू के सहायक निदेशक डॉक्टर अशोक शर्मा पीड़ित पशुओं का उपचार करवाने की बजाय बचकानी बातें कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार हाउसिंग बोर्ड चूरू की गली नंबर 9 में पिछले 1 माह से जिम्मी नाम का एक श्वान गंभीर रूप से घायल है। गली व आसपास के लोग उसकी देखभाल कर रहे हैं। इस गली इन दिनों में चार श्वानों की मौत हो चुकी है।

यहां पत्रकार शिवनंदन शर्मा ने एक माह पहले जिम्मी नामक श्वान को गंभीर रूप से घायल अवस्था में देखा। उन्होंने अपने स्तर पर उसका उपचार शुरू किया और उसके खाने पीने की व्यवस्था की। जिम्मी के एक पांव में गहरा घाव है। जीव प्रेमी हिमांशु चौधरी ने तीन सौ रुपए की दवा आदि मंगवा कर दी। भंवरलाल मेघवाल ने दर्द निवारक विदेशी तेल लगाया। उसके बाद भी श्वान के पांव में लगी चोट को कोई फायदा नहीं हुआ। चार दिन पहले शिवनंदन शर्मा ने पशुपालन विभाग चूरू के सहायक निदेशक डॉ अशोक शर्मा को दूरभाष पर



**हाउसिंग बोर्ड चूरू की गली नंबर 9 में पिछले एक माह से जिम्मी नाम का एक श्वान गंभीर रूप से घायल है।**

- **हाउसिंग बोर्ड चूरू की गली नंबर 9 में पिछले एक माह से जिम्मी नाम का एक श्वान गंभीर रूप से घायल है**
- **पशुपालन विभाग चूरू के सहायक निदेशक पीड़ित पशुओं का उपचार करवाने की बजाय करते हैं बचकानी बातें!**
- **पशुपालन विभाग और नगर परिषद ने कोई उचित कदम नहीं उठाया तो घायल श्वान जिम्मी को कलैक्टर सिद्धार्थ सिहाग के कक्ष में छोड़कर आएंगे**

जिम्मी की पीड़ा व्यक्त की। पशुपालन विभाग चूरू के सहायक निदेशक डॉ अशोक शर्मा ने बचकाना जवाब देते हुए कहा कि किसी बच्चे को पशु चिकित्सालय भेज दीजिए और मेरी बात करवा देना मैं दवा दिलवा दूंगा। मजे की बात है कि उसके बाद पशुपालन विभाग के सहायक निदेशक डॉ अशोक शर्मा ने फोन ही अटेंड नहीं किया। जबकि पशुपालन विभाग के सहायक निदेशक को तत्काल किसी चिकित्सक को भेजना चाहिए था। सरकार उन्हें तनख्वाह देती है, दवा देती है, इसके अलावा बहुत बड़ा बजट देती है, वह कहां जाता है सब। दूसरी तरफ शिवन्दन शर्मा ने बताया कि जिम्मी ने उनके कमरे में ही शरण ले रखी है। बदबू आती है लेकिन क्या करें, जीव को इस स्थिति में बाहर नहीं निकाल सकते हैं। पशुपालन विभाग के सहायक निदेशक तनख्वा किस बात की लेते हैं। अब बच्चा कहां से लाएं। इतना ही नहीं वार्ड नंबर 1 की पार्षद के पति राजकुमार सैनी को भी अवगत करवाया लेकिन दुर्भाग्य इस बात का है कि नगर परिषद ने भी कोई तवज्जो नहीं दी। यहां हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की गली नंबर 9 के निवासियों का कहना है कि यदि पशुपालन विभाग और नगर परिषद ने कोई उचित कदम नहीं उठाया तो वे घायल श्वान जिम्मी को लेकर कलेक्ट्रेट जाएंगे और उसे कलेक्टर सिद्धार्थ सिहाग के कक्ष में छोड़कर आएंगे।

# सुबह छाया कोहरा, रात्रि को गिरी आकाशीय बिजली

**सादुलपुर, (निसं)।** राजगढ़ क्षेत्र में सोमवार को मौसम में बदलाव नजर आया है और सुबह-सुबह हल्की बारिश भी हुई है। इस कारण वातावरण में कुछ ठंडक भी बढ़ी है तथा सुबह-सुबह कोहरा भी छाया रहा। इससे पूर्व रात्रि को बिजली कड़कड़ाती रही बादल गरज रहे। ढंढाल रोड पर बावरियों के एक कच्चे मकान पर बिजली भी गिर गई। मिली जानकारी के अनुसार राकेश बावरी मलवास के झोपड़े व कच्चे मकानात पर आकाशीय बिजली गिरी है। गनीमत की बात यह रही कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। हालांकि झोपड़ा व अन्य सामग्री जलकर राख हो गई। इसके अलावा कुछ भेड़ बकरियां भी मर गई तथा एक पेड़ भी बिजली से स्वाहा हो गया।

**मेग गर्जना के साथ छिटपुट बूंदाबांदी :-** उपखंड के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में सोमवार रात्रि पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिला। सोमवार देर रात्रि 9:00 बजे उपखंड के ग्रामीण इलाकों में कहीं-कहीं तेज मेग गर्जना हुई एवं कहीं छिटपुट बूंदाबांदी हुई। वहीं मंगलवार अल सुबह 5:30 बजे एक



**बिजली गिरने से झोपड़ी व अन्य सामग्री जलकर राख हो गई।**

बार फिर मेघ गर्जना होने लगी तथा हल्की बूंदाबांदी का दौर शुरू हुआ। जो कुछ देर पश्चात दोबारा से 9:15 हल्की वर्षा के रूप में रिमझिम का दौर आधे घंटे तक चला।

इस दौरान पड़ोसी राज्य हरियाणा के अलावा निकटवर्ती सुधीवास, बीरान, बालाण, कामाण, भोजाण, जीराम, बास भाकरां, खैरू बड़ी, राधा बड़ी, राधा छोटी व थान मठुई आदि गांवों में कहीं हल्की एवं कहीं रिमझिम तथा कहीं छिटपुट बारिश के समाचार हैं। अचानक अंचल में हुए मौसम बदलाव एवं बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे।


# 1100 दीपकों की रोशनी से सवाई सागर बालाजी धाम जगमगाया

**चूरू, (कासं)।** सवाई सागर बालाजी धाम के स्थापना दिवस एवं देव दिवाली के अवसर पर सोमवार देर शाम को 1100 दीपकों की रोशनी से बालाजी धाम को सजाया गया।

धाम के महंत संतनाथ महाराज ने बताया कि करीब 100 से अधिक महिला व पुरुषों ने एक घंटे में 1100 से अधिक दीपक जलाकर सवाई सागर बालाजी धाम को रोशनी से

- **श्रद्धालुओं ने भजन सरिता में आकण्ठ गोते लगाए**

जगमग कर दिया। बाबुलाल पुजारी के सानिध्य में दीपक जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। एक टीन घी से 1100 दीपकों की रोशनी की गई। इसके अलावा महनसरिया परिवार की ओर से सवाई सागर धाम में अलग से दीपक जलाए गए। पुजारी महेंद्र सारस्वत ने विधिवत् आरती कर देव दिवाली पर पूजा अर्चना की। शास्त्रों के अनुसार इस दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर राक्षस का वध किया था। त्रिपुरासुर के वध की खुशी में देवताओं ने काशी में दीये जलाए थे। यही कारण है कि हर साल कार्तिक पूर्णिमा पर



**सवाई सागर बालाजी धाम के स्थापना दिवस एवं देव दिवाली के अवसर पर 1100 दीपकों की रोशनी से बालाजी धाम को सजाया गया।**

काशी सहित अन्य जगह दीवाली मनाई जाती है। क्योंकि ये दीवाली देवताओं ने मनाई थी, इसलिए इसे देव दिवाली कहा जाता है। पूर्णिमा को इस बार मंगलवार को चंद्रग्रहण होने के कारण एक दिन पहले ही सोमवार को देव दिवाली मनाई गई।

यहां श्रीसवाई सागर बालाजी धाम के स्थापना दिवस की 23वीं वार्षिकी पर गणेश पूजन, सुन्दर काण्ड के बाद श्रद्धालुओं ने भजन सरिता में आकण्ठ गोते लगाए। सालासर धाम बालाजी परिवार के मुख्य सत्संगी बाबूलाल पुजारी, झारिया धाम के सन्त आकाशनाथ, फतेहपुर के भजनानन्दी गिरीश भोजक व धाम के महन्त सन्तनाथ महाराज के सानिध्य में अपार मातृशक्ति, पुरूष श्रद्धालुओं ने भक्ति-भजन का रसपान किया। पुजारी महेन्द्र सारस्वत ने आभार व्यक्त किया।

## बॉल बैडमिंटन में नैणासर विजेता

**सरदारशहर, (निसं)।** निरंकारी चिल्ड्रन उच्च माध्यमिक विद्यालय कल्याणपुरा में चल रही 66 वी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में बॉल बैडमिंटन 19 वर्ष छात्र एवं छात्रा दोनों वर्गों में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नैणासर विजेता रहा ,वहीं 17 वर्ष छात्रा वर्ग में उपविजेता रहा। इसी प्रकार बॉल बैडमिंटन 17 वर्ष छात्र वर्ग में श्री भारतीय आदर्श विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय सरदारशहर विजेता, आदर्श क्रेटिव उपविजेता एवं बेसिक पब्लिक स्कूल तृतीय स्थान पर रहे। छात्रा वर्ग में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सरदारशहर विजेता, नैणासर उप विजेता व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देराजसर तृतीय स्थान पर रहे। बॉल बैडमिंटन 19 वर्ष छात्र वर्ग में देराजसर उपविजेता व बेसिक पब्लिक स्कूल सरदारशहर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार छात्रा वर्ग में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामसरा ताल राजगढ उपविजेता रहे। सभी विजेता खिलाडियों को प्रतियोगिता पर्यवेक्षक जयश्री वर्मा, संयोजक रतीराम पूनिया, राजस्थान शारीरिक शिक्षक संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष रामलाल, प्रधानाध्यापक विनोद, प्राध्यापक श्रवण कुमार जाखड एवं प्रभु राम जाखड ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता में सुखप्रीत सिंह, कमल सिंह, भीकमचंद जाडीवाल, योगेश खींची, सुभाषचंद्र शर्मा ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

# महर्षि दयानंद कॉलेज की छात्राओं ने विश्वविद्यालय टॉप किया

**झुंझुनूं, (निसं)।** हाल ही में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर द्वारा जारी एमएससी प्रीवियस परीक्षा परिणाम में महर्षि दयानंद बालिका विज्ञान पीजी महाविद्यालय झुंझुनूं की छात्राओं ने विश्वविद्यालय टॉप किया है।

एमएससी प्रथम वर्ष की भौतिकी विज्ञान की छात्रा कल्पना पुत्री मनफूल

- **विद्यालय परिवार ने किया छात्राओं का सम्मान**

एवं सपना पुत्री विजय सिंह दोनों ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, प्रीति कुमारी पुत्री धर्मेन्द्र ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा ज्योत्सना कुमारी पुत्री प्यारेलाल ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। एमएससी प्रथम वर्ष गणित की छात्रा साक्षी चाहर पुत्री सुनील कुमार ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, मोनिका पुत्री मनरूप ने 92.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा हर्षिता पुत्री होशियार सिंह व प्रियंका पुत्री विनोद कुमार दोनों ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। एमएससी प्रथम वर्ष की



**कॉलेज स्टॉफ के साथ विश्वविद्यालय टॉप करने वाली छात्राएं।**

रसायन विज्ञान की छात्रा पूजा कुमारी पुत्री दयानंद सिंह ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, मुस्कान बानो पुत्री अलीशेर अली ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा शोभना पुत्री मेवा सिंह ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। एमएससी प्रथम वर्ष की वनस्पति विज्ञान की छात्रा चंचल पुत्री हरिकृष्ण कुमावत ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, अंकिता पुत्री राजवीर ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा अंकिता बलौदा पुत्री ओमप्रकाश ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। एमएससी प्रथम वर्ष की जन्तु विज्ञान की छात्रा प्रीति सैनी पुत्री पवन कुमार ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, अनामिका सिहाग पुत्री सुभाषचंद्र ने 84.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा अंकिता पारिक पुत्री अशोक कुमार ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर संस्था संरक्षक डॉ. घासीराम वर्मा, संस्था सचिव डॉ. हनुमान प्रसाद, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रामस्वरूप जाखड़, कार्यकारिणी सदस्य एवं महाविद्यालय स्टाफ ने सभी छात्राओं को हार्दिक बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।

## आगजनी से पेड़-पौधे नष्ट

**सादुलपुर, (निसं)।** क्षेत्रिय वन विभाग के अधिकारियों की अनदेखी एवं लापरवाही के परिणाम स्वरूप कस्बे में स्थित रिको एरिया के पास 5० हैक्टेयर भूमि में आगजनी के कारण अनेक पेड-पौधे नष्ट हो गये है। जबकि विभाग द्वारा लाखों रूपये खर्च कर पर्यावरण सरक्षंण के लिए पौधारोपण कर एवं अधिकाधिक पौधारोपण करने का प्रचार-प्रसार कर करोडो रूपये खर्च किये जा रहे है। लेकिन वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी इस ओर लापरवाह बने हुए है। हांलाकि वन विभाग के द्वारा पेड-पौधो की सुरक्षा एवं पानी डलवाने के लिए कार्मिकों की नियुक्तियां भी की गई है, लेकिन 5० हैक्टेयर भूमि में दीपावली पर्व एवं गत दो रोज पूर्व अज्ञात असामाजिक तत्वों की हरकतों के कारण काफी आगजनी की घटना घटित होने के कारण कई पेड-पौधे आगजनी की भेंट चढ गये है। हांलाकि आगजनी की घटना के बाद मौके पर फायर बिग्रेड को बुलाकर आग पर काबू पाने का प्रयास भी किया गया है, लेकिन उसके बावजूद भी अधिकारियों की लापरवाही एवं अनदेखी के कारण क्षेत्रिय वन विभाग राजगढ के द्वारा लगाये गये छोटे-छोटे पेड-पौधों के साथ-साथ बडे पेड भी आग की लपटो में झूलस गये हैं, जो कि विभाग की लापरवाही एवं अनदेखी का परिणाम है।

## बैठक को लेकर तैयारियां जोरों पर

**झुंझुनूं, (निसं)।** भाजपा मिशन 2023 की तैयारियों को लेकर रणनीति बनाने में जुट रही हैं। इसको लेकर झुंझुनूं में 12 नवंबर से होने वाली दो दिवसीय भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को लेकर तैयारियां जोरों पर है। झुंझुनूं में लगातार प्रदेश नेतृत्व का दौरा जारी है। प्रदेश महामंत्री मदन दिलावर और प्रदेश मंत्री श्रवण सिंह बगड़ी और किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां ने सांसद कार्यालय में भाजपा पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में झुंझुनूं सांसद नरेंद्र कुमार और जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया भी मौजूद रहे। प्रदेश मंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने बताया कि झुंझुनूं में 12 नवंबर से कार्यसमिति की बैठक आयोजित होगी। 12 नवंबर को प्रदेश पदाधिकारी जिला अध्यक्षों और जिला प्रभारियों की बैठक होगी। वहीं 13 को कार्यसमिति की बैठक आयोजित होगी। जिसमें प्रदेश के सभी सांसद, विधायक, प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य, पदाधिकारी मोर्चों के प्रदेशाध्यक्ष, महामंत्री, संयोजक बैठक में भाग लेंगे।

# सीए दंपती का स्कूल में सम्मान किया, बच्चों से मिले, बांटे अनुभव

**झुंझुनूं, (निसं)।** झुंझुनू प्रगति संघ मुंबई द्वारा संचालित चूणा चौक रानी सती रोड स्थित आदर्श बाल निकेतन स्कूल में मंगलवार को झुंझुनूं प्रगति संघ मुंबई के अध्यक्ष झुंझुनूं निवासी मुंबई प्रवासी सीए कृष्ण मुरारी तुलस्यान अपनी धर्म पत्नी के साथ पधारे।

विद्यालय आगमन पर तुलस्यान दंपत्ति का स्कूली छात्राओं द्वारा तिलकार्चन कर स्वागत किया गया। उन्होंने स्कूल प्रांगण में स्थापित सरस्वती प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा विद्यालय सचिव परमेश्वर हलवाई, स्कूल निदेशिका डॉ. अंशु लीला, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. डीएन तुलस्यान, सीए पवन केडिया एवं संजीव मोदी ने तुलस्यान दंपत्ति का माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए सरस्वती का प्रतीक चिह्न उन्हें भेंट किया। सीए तुलस्यान ने पूरी स्कूल बिल्डिंग, कंप्यूटर लैब,



**विद्यालय में अपनी धर्म पत्नी के साथ सीए कृष्ण मुरारी तुलस्यान।**

क्लासरूम एवं स्कूल में स्थापित झूलों इत्यादि का अवलोकन कर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि स्कूल में आकर उन्हें बहुत अच्छा लग रहा है। उन्होंने अपनी तरफ से किसी भी प्रकार के स्कूल से संबंधित विकास कार्य के लिए सहयोग करने की इच्छा प्रकट की। स्कूल प्रगति के संबंध में रिजल्ट एवं विद्यार्थियों की संख्या इत्यादि के बारे में जानकारी लेकर स्कूल स्टाफ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि झुंझुनू प्रगति संघ मुंबई आदर्श बाल निकेतन स्कूल के विकास के लिए कृत संकल्पित है। हमेशा सहयोग को तत्पर रहीं है और भविष्य में भी रहेगी।

## ग्रहण पर सुंदरकांड का पाठ किया

**चूरू, (कासं)।** सब्जी मंडी स्थित बागला बालाजी मंदिर में मंगलमयी वीर हनुमान सुंदरकांड समिति द्वारा चंद्रग्रहण पर सुंदरकांड का पाठ किया गया। श्रवण कुमार बागला ने बताया कि जब चंद्र ग्रहण, सूर्य ग्रहण होता है तब-तब मनुष्य पर कष्ट आता है। उस संकट से बचने के लिए हम भगवान को भजनों के माध्यम से याद करते हैं। इसी के तहत आज मंदिर में सुंदरकांड का पाठ व भजन कीर्तन कर भगवान को याद किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्य सुनील पीथिसरिया, पवन ठठेरा, राजेश सुरेका, रामगोपाल कुदाल, राजेश शर्मा, अंकित पीथिसरिया, अनिल भावसिंका, मुरलीधर शर्मा, तेजपाल पंडित, पुजारी मुकुंद हारित आदि ने मंगलमय सुंदरकांड का पाठ किया। श्रवण कुमार बागला ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर चूरू के सुभाष चौक स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर रामगढ़िया दरवाजा स्थित बालाजी मंदिर राम मंदिर सहित चूरू के अनेक मंदिरों में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी दहिया का खुड्डी विद्यालय में सम्मान आज

**सादुलपुर, (निसं)।** अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी छोटू राम दहिया वर्ल्ड जुजित्सु प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में अंगोला के खिलाडी रिकार्डो डी ब्रिटो ब्रिटो के साथ खेलते हुए चोटिल हो गए होने के कारण क्वार्टर फाइनल मुकाबले में वर्ल्ड प्रतियोगिता से बाहर होने के बाद पहुँचे अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी छोटू राम दहिया का ०9 नवम्बर 2022 को खुड्डी विद्यालय में सम्मान किया जायेगा। उक्त जानकारी उम्मेद सुणिया ने दी।

गौरतलब है कि अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी छोटू राम दहिया खेलते हुए गिरने व आर्म बार तकनीक का इस्तेमाल करते हुए अंगोला के खिलाडी ने दहिया को चोटिल कर दिया है। जिसकी वजह से उनके कोहनी में चोट लगी। चोट की वजह से कोहनी डिस्लोकेशन हो गई है तथा मैच में हार



**अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी छोटुराम दहिया**

का सामना करना पडा। जिस कारण दहिया काफी निराश हो गए थे, जबकि

- **खिलाडी छोटू राम दहिया वर्ल्ड जुजित्सु प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में खेलते हुए चोटिल होने के कारण प्रतियोगिता से बाहर हो गये थे**

वो फाइनल जितने का सपना लेकर गए थे। ज्ञातव्य है कि यूनाइटेड अरब अमीरात की राजधानी अबु धाबी के जायेद स्पोर्टस सिटी के जुजित्सु एरीना में चल रहे वर्ल्ड जुजित्सु प्रतियोगिता में अंगोला रिकार्डो डी ब्रिटो ब्रिटो के साथ क्वार्टर फाइनल में अंतराष्ट्रीय खिलाडी छोटुराम दहिया को चोट लगी, जिसकी वजह से उनको हार का सामना करना पडा।

# न्यू राजस्थान कॉलेज में टॉपर्स का सम्मान किया

**झुंझुनूं, (निसं)।** स्थानीय गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान बालिका पीजी महाविद्यालय में एमएससी पूर्वार्द्ध की होनहार छात्राओं को सम्मानित किया गया। रीना कुमारी बाबल पुत्री सतीश कुमार बाबल ने 90.92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान एवं रीना कुमारी पुत्री सुमेर सिंह ने 87.84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

जंतू विज्ञान में संगीता धोलपुरिया पुत्री रतनलाल धोलपुरिया ने 80.12 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान एवं अंशु पुत्री महेन्द्र सिंह ने 78.37 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वनस्पति विज्ञान में रजनी पुत्री शीशराम बारुपाल ने 83.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान एवं आयना कुमारी पुत्री रामनिवास ने 73.44 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गणित में पूजा कुमारी पुत्री सुमेर सिंह ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान एवं प्रिया कुमारी पुत्री वेद प्रकाश ने 78.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भूगोल में शिवानी महरिया पुत्री सुभाष ने 80.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान एवं



**स्थानीय गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान बालिका पीजी महाविद्यालय में एमएससी पूर्वार्द्ध की होनहार छात्राओं को सम्मानित किया गया।**

श्यालू पुत्री पन्ना लाल ने 77.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री मदन दिलावर, प्रदेश मंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया, जिला उपाध्यक्ष इंजी. प्यारेलाल ढूकिया, जिला मंत्री प्रभु सिंह बारेठ, जिला परिषद सदस्य बनवारीलाल सैनी, सेवानिवृत अधिक्षण अभियंता श्रवण सिंह शेखावत ने छात्राओं को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और

- **अतिथियों ने छात्राओं को सम्मानित किया और शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरित किया**

शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरित किया।

भाजपा प्रदेश महामंत्री मदन दिलावर ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर द्वारा धोषित परीक्षा परिणाम में महाविद्यालय की छात्राओं के परीक्षा परिणाम को देख कर यह लग रहा है कि कॉलेज उच्च कोटि की शिक्षा प्रदान कर रहा है। रीना बाबल ने प्रोफेसर एवं प्रशासनिक कार्यों में जाने की इच्छा प्रकट की। महाविद्यालय उप प्राचार्या पिंकेश ने तिलकार्चन एवं माल्यार्पण कर मिठाई खिलाई। संस्था सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया ने भी छात्राओं को शुभकामनाएं देकर हौंसला बढ़ाया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रागंण में एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. शिखा सहाय, अभिभावक संगीता एवं समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# हत्या मामले में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**सादुलपुर, (निसं)।** बैरासर छोटा गांव में लगभग एक सप्ताह पूर्व लाठियों से पीटकर युवक की हत्या मामले में आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग कर मंगलवार को पीड़ित परिवार तथा गांव के लोगों ने डीएसपी ब्रजमोहन असवाल को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

गांव के हरदीप बनवारी लाल,

- **बैरासर छोटा गांव में लगभग एक सप्ताह पूर्व लाठियों से पीटकर युवक की हत्या मामले**

सुरेश मान, कृष्ण कुमार दरिया सिंह, उमेद सिंह, राज कुमार विकास कुमार आदि सहित एक दर्जन से अधिक ठाामीणों ने ज्ञापन में बताया कि 30 अक्टूबर 2022 को बैरासर छोटा गांव में सुनील धायल की लाठियों से पीट कर हत्या कर दी गई थी। लेकिन आज



**लोगों ने डीएसपी ब्रजमोहन असवाल को ज्ञापन सौंपा।**

तक मामला दर्ज होने के बावजूद मामले नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। ज्ञापन में बताया कि पुलिस ने मात्र एक आरोपी को गिरफ्तार करके आगे कार्रवाई कुछ भी नहीं कर रही है तथा जांच कार्रवाई भी सही नहीं की जा रही है।

ज्ञापन में हत्या मामले में शामिल अन्य आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की गई है। साथ ही चेतावनी दी है कि कार्रवाई नहीं हुई मजबूरन आंदोलन शुरू करने को मजबूर होना पड़ेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी।



अगर आप अब तक टूर्नामेंट को देखें तो मुझे लगता है कि उपमहाद्वीप के खिलाड़ी, सूर्यकुमार जैसे खिलाड़ी जो बीच के ओवरों से अंतिम ओवरों तक खूबसूरत खेल दिखा रहे हैं, उनमें चारों तरफ शॉट खेलने की क्षमता है और अपने खेल में नयापन लाकर वे खतरा बन गए हैं। - मैथ्यू हेडन

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी, सूर्य कुमार यादव को लेकर।




**आज का खिलाड़ी**

## मिताली राज



भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज अगले साल होने वाली महिला आईपीएल टूर्नामेंट में खिलाड़ी, मेंटोर (मार्गदर्शक) या टीम की मालिक बनने के लिए अपने विकल्पों को खुला रख रही हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने हाल ही में घोषणा की थी कि महिला आईपीएल के शुरुआती सत्र को अगले साल मार्च में आयोजित किया जायेगा, जो पुरूषों के आईपीएल से पहले होगा। मिताली ने साक्षात्कार में कहा, मैं इस लीग के लिए अपनी भूमिका को लेकर विकल्पों को खुला रख रही हूं, यह चाहे एक खिलाड़ी के रूप में हो या एक फ्रेंचाइजी में किसी तरह से जुड़ाव के तौर पर।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट इतिहास के 1877 में सबसे पहले टैस्ट में खेलने वाले एडवर्ड ग्रेगरी, उनके पुत्र सिड ग्रेगरी और उनके भतीजे जैक ग्रेगरी ने अपने टैस्ट जीवन की शुरुआत शून्य (0) से की।

# सेमीफाइनल के लिए आज भिड़ेंगे पाकिस्तान और न्यूजीलैंड

सिडनी, 8 नवंबर। मेहनत से ज्यादा किस्मत की बदौलत टी-20 विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंची बाबर आजम के नेतृत्व वाली पाकिस्तान की टीम बुधवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगी।

दोनो टीमो के बीच पहला सेमीफाइनल मुकाबला नौ नवंबर को दोपहर 1.30 बजे से खेला जायेगा। आंकड़ो के लिहाज से पाकिस्तान का पलड़ा भारी दिखता है मगर विश्वकप में अब तक शानदार प्रदर्शन कर रही न्यूजीलैंड के खिलाफ उसकी राह कतई आसान नहीं होगी। दोनो टीमो के बीच अब तक खेले गये सभी टी-20 विश्वकप में यह सातवीं भिड़ंत होगी। टी-20 विश्वकप मुकाबलों में अब तक कीवी टीम के खिलाफ पाकिस्तान के सिर चार बार जीत का सेहरा बांधा है जबकि दो बार उसे हार का सामना करना पड़ा है।

मौजूदा टी-20 विश्वकप से ठीक पहले न्यूजीलैंड को उसके घर में हरा कर त्रिकोणीय श्रृखंला जीतने वाली बाबर की टीम पहले ही मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल कर चुकी है। सेमीफाइनल में पाक टीम इसका फायदा उठाने की पुरजोर कोशिश करेगी। शनिवार शाम तक पाकिस्तान के सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावनाये काफी क्षीण बनी हुयीं थी मगर रविवार की सुबह उनके लिये आशा भरी किरण लेकर आयी जब नीदरलैंड ने जबरदस्त उलटफेर करते हुये मजबूत दक्षिण अफ्रीका को 13 रन से हरा दिया। अब पाकिस्तान के लिये सेमीफाइनल में पहुंचने के लिये सिर्फ बांग्लादेश को हराना था और महत्वपूर्ण मैचों में जीत की आदत रखने वाली बाबर आजम की टीम ने इसे संभव कर दिखाया। पाकिस्तान की मौजूदा विश्वकप अभियान की शुरूआत बेहद निराशाजनक थी जब टीम अपने चिर प्रतिद्वंदी भारत से हारने के बाद कमजोर जिम्बाव्वे से भी पिट गयी थी जिसके बाद विश्वकप की रेस से उसके बाहर होने की संभावनायें गहरा गयी थी मगर टीम ने अगले तीन मुकाबले जीत कर जबरदस्त वापसी की। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पाक टीम को अब खिताब का प्रबल दावेदार माना जाने लगा है। वहीं अब तक चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में महती भूमिका अदा करने वाले मध्यक्रम के बल्लेबाज शान मसूद, इफ्तिखार अहमद और शादाब खान पर एक बार फिर प्रशंसको की उम्मीदें टिकी होंगी।

## पाकिस्तान के खिलाफ गेंदबाजी ही रहेगी हमारा मुख्य हथियार : विलियम्सन



सिडनी, 8 नवंबर। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन ने मंगलवार को कहा कि आस्ट्रेलिया में मौजूदा टी-20 विश्व कप में अब तक उनकी पूरी टीम खासकर गेंदबाजों की भूमिका अहम रही है और उम्मीद है कि पाकिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में भी गेंदबाजों का उत्कृष्ट प्रदर्शन टीम की जीत का मार्ग प्रशस्त करेगा। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में बुधवार को पाकिस्तान के खिलाफ खेले जाने वाले टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल मुकाबले की पूर्व संध्या पर विलियम्सन ने कहा वे हमारे लिए अनुभवी खिलाड़ी हैं। उन्होंने हमारे लिए लंबे समय तक खेला है, चाहे वह विकेट लेना हो या विशेष रूप से उन परिस्थितियों में तालमेल बैठाना जो निश्चित रूप से हमें विश्व कप जैसे बड़े आयोजनों में आने के लिए चाहिए। कल हम एक और टीम के खिलाफ उतरेंगे और हमें उन समायोजनों को फिर से करना होगा। न्यूजीलैंड ने इस विश्व कप में पांच गेंदबाजों को लेकर उतरा है जिनमें तीन का इकॉनमी रेट सात से कम है। टिम साउदी ने 6.35, मिशेल सेंटनर ने 6.43 और ईश सोढ़ी ने 6.78 की इकानमी के साथ शानदार प्रदर्शन किया है हालांकि लॉकी फर्ग्यूसन (8.13) और ट्रेंट बोल्ट (7.18) थोड़े महंगे साबित हुये हैं। एससीजी को लेकर विलियम्सन ने कहा मुझे लगता है कि यह दिलचस्प है, हमने यहां पहला मैच खेला, विकेट बहुत अच्छा था और फिर दूसरी बार जब हम यहां खेले तो यह बदल गया था। कभी-कभी आप शायद वह ले सकते हैं जिसकी आप उम्मीद कर रहे थे कि विकेट ऐसा होगा। पहले गेम में और लगता है कि यह उसी तरह से व्यवहार करेगा।

## हेडन को उम्मीद, खास पारी खेलेंगे बाबर

सिडनी, 8 नवंबर। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के मेंटर (मार्गदर्शक) मैथ्यू हेडन ने टी20 खराब लय में चल रहे कप्तान बाबर आजम का समर्थन करते हुए उम्मीद जतायी कि वह मौजूदा विश्व कप के नॉकआउट चरण में 'कुछ खास' करेंगे। पिछले टी20 विश्व कप के बाद से इस प्रारूप में सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की सूची में चौथे स्थान पर काबिज बाबर मौजूदा टूर्नामेंट में बल्ले से पूरी तरह से विफल रहे है। इस टी20 विश्व कप में बांग्लादेश के खिलाफ 33 गेंदों में 25 रनों की पारी पिछले पांच मैचों में उनकी सर्वश्रेष्ठ पारी रही है। हेडन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार को खेले जाने वाले सेमीफाइनल मैच की पूर्व संध्या पर संवाददाता सम्मेलन में कहा, " आपने अगर अब तक शानदार खेल नहीं देखा है तो आश्चर्यचकित होने की जरूरत नहीं क्योंकि बेहतरीन खिलाड़ियों को ज्यादा समय तक खामोश नहीं रखा जा सकता।"

## अभ्यास के दौरान रोहित को लगी चोट



एडिलेड, 8 नवंबर। इंग्लैंड के खिलाफ एडिलेड में टी-20 विश्वकप के सेमीफाइनल मैच खेलने की तैयारी कर रहे भारत के कप्तान रोहित शर्मा नेट प्रैक्टिस के दौरान चोट खा बैठे। क्रिकइंफो के अनुसार रोहित थ्रोडाउन विशेषज्ञ की गेंदो को खेल रहे थे कि इस बीच एक गेंद उनके हाथ पर लगी जिसके बाद वे दर्द से कराह उठे।

टीम के फीजियो ने उनका हल्का उपचार किया जिसके बाद भारतीय कप्तान दोबारा अभ्यास के लिये नेट पर लौटे मगर एक गेंद खेलने के बाद उन्होने बल्ला किनारे कर लिया। वेबसाइट द्वारा जारी वीडियो में रोहित एक आइस बाक्स पर बैठ गये जहां चोटिल रोहित से मेंटल कंडीशनिंग कोच पैडी अप्टन ने बात की। गौरतलब है कि दस नवंबर को भारत टी-20 विश्वकप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगा जबकि नौ नवंबर को पहले सेमीफाइनल में पाकिस्तान की टक्कर न्यूजीलैंड से होगी।

## बीडब्लूएफ रैंकिंग : लक्ष्य करियर की सर्वश्रेष्ठ छठी पायदान पर

कुआलालंपुर, 8 नवंबर। भारतीय स्टार शटलर लक्ष्य सेन बीडब्ल्यूएफ द्वारा जारी ताजा विश्व रैंकिंग में दो स्थान की छलांग के साथ पुरुष एकल वर्ग में छठी पायदान पर पहुंच गये हैं जो उनके करियर में अब तक का सर्वश्रेष्ठ है।

पिछली जनवरी में इंडिया ओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट और मार्च में प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैंड ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में रजत पदक जीतने के बाद सेन ने इस साल की शुरुआत में शीर्ष 10 में अपनी जगह बनायी थी। बीडब्लूएफ की मंगलवार को जारी पुरूष एकल रैंकिंग में किदांबी श्रीकांत 11वें और फार्म में चल रहे एचएस प्रणय 12वें स्थान पर हैं।

महिलाओं में पीवी सिंधु एकल वर्ग में पांचवें स्थान पर रही, जबकि सात्विकसाईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ विश्व नंबर सात का रूतबा हासिल किया है। साईराज और चिराग ने फ्रेंच ओपन खिताब जीतने के बाद सुपर 750 टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय युगल टीम बनकर इतिहास रच दिया है। महिला युगल में, अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी की अनुभवी जोड़ी दुनिया में 21वें नंबर पर बनी हुई है। गायत्री गोपीचंद और त्रेसा जॉली की उभरती युवा जोड़ी पांच पायदान चढ़कर दुनिया की 23वें नंबर की खिलाड़ी बन गई है। मिश्रित युगल में तनीषा क्रास्तो और ईशान भटनागर दो पायदान के फायदे से 28वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## गर्सिया ने जीता डब्ल्यूटीए फाइनल्स का एकल खिताब

फोर्ट वर्थ, 8 नवंबर। फ्रांस की कैरोलिन गर्सिया ने आर्या सबलेंका को 7-6 (4), 6-4 से हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल चैंपियनशिप का एकल खिताब जीत लिया है। 29 वर्षीय गर्सिया ने इस साल खेले गए सभी फाइनल जीते हैं। सबलेंका के खिलाफ हालांकि पहले सेट में उन्हे कड़ा संघर्ष करना पड़ा मगर दूसरा सेट उन्होने आसानी से अपने नाम कर लिया। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में गर्सिया ने कहा यह निश्चित रूप से बहुत बड़ी खुशी है। पूरे साल हमने जो काम किया, उस पर वास्तव में गर्व है। यह एक शानदार मैच था। मैं अपना सबसे बड़ा खिताब जीतकर वास्तव में खुश हूं।

## मनन के गोल से जगुआर ने सिटी को हराया

दिल्ली, 8 नवंबर। फुटबाल दिल्ली सीनियर डिवीजन लीग में खेले गए मैच में मंगलवार को नेहरू स्टेडियम पर जगुआर एफसी ने सिटी फुटबाल क्लब को मनन बलूनी के एकमात्र गोल से हरा कर पूरे अंक अर्जित किए। उतार चढ़ाव वाले मुकाबले में जगुआर के गोल कीपर यश कुलकर्णी ने कई सुंदर बचाव किए। पुरस्कार स्वरूप यश को मैन आफ द मैच आंका गया। विजेता टीम ने पांच मैच खेल कर पहली जीत अर्जित की है। तीन हार और एक ड्रॉ के साथ जगुआर ने चार अंक जुटाए हैं। सिटी ने छह मैचों में दो जीत और तीन हार के साथ सात अंक बनाए हैं। लीग मुकाबले आधे से ज्यादा सफर तय कर चुके हैं ,जिनमें सीआईएसएफ प्रोटेक्टर चार जीत, एक ड्रॉ और एक हार के साथ 13 अंक जुटा कर सबसे आगे है। गढ़वाल डायमंड ने पांच में से चार मैच जीते और एक हार मिली है। गढ़वाल के 12 अंक हैं। दिल्ली टाइगर्स और शास्त्री ने छह छह मैच खेले हैं और क्रमशः 12 और 10 अंक जोड़े हैं।

## रियाल मैड्रिड को मिली स्पेनिश लीग में पहली हार

मैड्रिड, 8 नवंबर। रियाल मैड्रिड को स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा के वर्तमान सत्र में अपनी पहली हार का सामना करना पड़ा जिससे वह शीर्ष पर पहुंचने से चूक गया। रायो वालेकाना ने 3-2 से जीत दर्ज करके रियाल मैड्रिड के छह मैचों से चला आ रहे विजय अभियान पर रोक लगाई। इस हार से रियाल का फिर से शीर्ष पर पहुंचने का सपना भी चकनाचूर हो गया । रियाल मैड्रिड अब अपने चिर प्रतिद्वंदी बार्सिलोना से दो अंक पीछे दूसरे स्थान पर है। रियाल मैड्रिड की यह वर्तमान सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में केवल दूसरी हार है। इससे पहले उसे चैंपियंस लीग के ग्रुप चरण में लिपजिग से हार का सामना करना पड़ा था। रियाल मैड्रिड ने इस सत्र में जो पहले 19 मैच खेले थे उनमें से 15 में उसने जीत दर्ज की थी जबकि तीन मैच ड्रा रहे थे। रायो ने पूरे मैच के दौरान बेहतर खेल दिखाया तथा रियाल मैड्रिड पर 21 मैचों में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। इससे पहले उसने 2019 में रियाल मैड्रिड को हराया था।

## हरमनप्रीत ने कहा, हमें कार्ड लेने से बचना होगा

नयी दिल्ली, 8 नवंबर। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को खुशी है कि एफआईएच प्रो लीग के मैचों में मजबूत प्रतिद्वंद्वियों के सामने गलतियां करने के बावजूद उनकी टीम ने संयम बनाए रखा लेकिन उन्होंने कहा कि उनके खिलाड़ियों को कार्ड लेने से बचना होगा। भारतीय टीम ने पिछले सप्ताह भुवनेश्वर में प्रो लीग के मैचों में ठोस प्रदर्शन किया। उसने न्यूजीलैंड को 7-4 से करारी शिकस्त दी जबकि स्पेन को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हराया। इस टूर्नामेंट में भारत की अगुवाई करने वाले हरमनप्रीत ने कहा कि आगामी विश्वकप से पहले कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जिनमें टीम सुधार कर सकती है। विश्व कप अगले साल 13 जनवरी से भुवनेश्वर और राउरकेला में खेला जाएगा। हरमनप्रीत ने हॉकी इंडिया की विज्ञिप्त में कहा," टीम ने इन मैचों में अच्छा प्रयास किया लेकिन हम कार्ड हासिल करने से बच सकते हैं। क्योंकि इससे हम एक खिलाड़ी को गंवा देते हैं और ऐसे में अन्य खिलाड़ियों को अतिरिक्त प्रयास करने होते हैं।" उन्होंने कहा," एक खिलाड़ी के कम होने पर हम अपनी टीम का संयोजन कैसे तैयार करें इसको लेकर हम अभ्यास करते हैं। इसलिए कार्ड मिलने के बावजूद हमने अच्छी तरह से बचाव किया लेकिन फिर भी कार्ड लेने से बचना महत्वपूर्ण है।"

## सबलेंका को हराकर गर्सिया ने जीता डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब

फोर्ट वर्थ, 8 नवंबर। कैरोलीन गर्सिया ने आर्यना सबलेंका को सीधे सेटों में हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट का एकल खिताब जीता। गर्सिया को पहले सेट में जूझना पड़ा लेकिन आखिर में उन्होंने सबलेंका पर 7-6 (4), 6-4 से जीत दर्ज की। छठी वरीयता प्राप्त गर्सिया सत्र की आखिरी प्रतियोगिता को जीतने वाली दूसरी फ्रांसीसी खिलाड़ी बन गई है। उनसे पहले 2005 में एमेली मौरेस्मो ने यह चैंपियनशिप जीती थी। वह इससे पहले आखिरी साल था जब अमेरिका में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इससे पहले वेरोनिका कुद्रमेतोवा और एलिस मर्टेंस ने मौजूदा चैम्पियन बारबोरा क्रेजिसिकोवा और कटरीना सिनियाकोवा को 6-2, 4-6, 11-9 से हराकर युगल खिताब जीता। कुद्रमेतोवा और मर्टेंस टाईब्रेकर में एक समय 7-2 से पीछे चल रही थी लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार छह अंक बनाकर खिताब अपने नाम किया। क्रेजिसिकोवा और सिनियाकोवा ने इस साल जिन तीन ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था उनमें उन्होंने खिताब जीता था लेकिन वह अपने सत्र का शानदार अंत नहीं कर पाए।

## नीदरलैंड के स्टीफन मायबर्ग ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया सन्यास

एडिलेड, 8 नवंबर। टी-20 विश्वकप में दक्षिण अफ्रीका को सेमीफाइनल की रेस से बाहर करने वाली नीदरलैंड टीम के सलामी बल्लेबाज स्टीफ़न मायबर्ग ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है।

मायबर्ग ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में लिखा, ' हैंगिंग अप द बूट्स...। ईश्वर महान है। मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि मैं विश्व कप में अपना करियर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जीत के साथ समाप्त करूंगा। यह याद हमेशा ताजा रहेगी। मैं केएनबीसी क्रिकेट और नीदरलैंड का आभारी हूं। जीसस,दोस्त, परिवार, प्रायोजक और सभी समर्थकों को मैं केवल धन्यवाद कह सकता हूं।

उन्होने कहा कि मैने अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने के लिए सन्यास का मन बनाया है। हालांकि वह क्लब स्तर पर खेलते रहेंगे। गौरतलब है कि पिछले रविवार को टी-20 विश्वकप के अपने अंतिम लीग मैच में नीदरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को जबरदस्त उलटफेर करते हुये 13 रन से हरा दिया था। इस मैच में 38 वर्षीय मायबर्ग ने मात्र 30 गेंदों में 37 रन बना कर अपनी टीम को मजबूत आधार दिया जिसकी बदौलत नीदरलैंड चार विकेट पर 158 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा कर सकी थी। प्रिटोरिया में जन्मे मायबर्ग ने 2011 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया और अपने करियर में 22 वनडे और 45 टी-20 मैच खेले हैं। उन्होने इस साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के बाद वनडे से संन्यास ले लिया था। मायबर्ग ने अपने टी-20 करियर में 21.78 के औसत और 114.51 के स्ट्राइक रेट से 915 रन बनाये हैं। वह मैक्स ओडॉव और बेन कूपर के बाद टी-20 इंटरनेशनल में नीदरलैंड के लिए तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

## एमआई केपटाउन 'एसए20' लीग के शुरुआती मैच में पार्ल रॉयल्स की मेजबानी करेगा

केपटाउन, 8 नवंबर। एमआई केपटाउन की टीम एसए20 लीग (दक्षिण अफ्रीका की नयी घरेलू टी20 लीग) में 10 जनवरी को यहां के न्यूलैंड्स क्रिकेट मैदान में खेले जाने वाले शुरुआती मैच में पार्ल रॉयल्स के खिलाफ अपने अभियान को शुरू करेगी। दक्षिण अफ्रीका की इस शीर्ष टी20 लीग के शुरू होने से दो महीने पहले छह स्थानों पर खेले जाने वाले 33 मैचों के पूर्ण मैच कार्यक्रम की घोषणा मंगलवार को की गई। अंतरराष्ट्रीय सितारों से सजी एमआई केपटाउन अपने घरेलू मैदान न्यूलैंड्स में दर्शकों को लुभाने की कोशिश करेगा। इस टीम में स्थानीय दिग्गज कागिसो रबाडा, अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान, बड़े शॉट खेलने वाले इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टोन और दक्षिण अफ्रीका के उभरते हुए खिलाड़ी डेवाल्ड ब्रेविस जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। रॉयल्स की टीम में भी सितारों की कमी नहीं है। इंग्लैंड के सीमित ओवरों के प्रारूप के कप्तान जोस बटलर के अलावा 2019 विश्व कप विजेता टीम के साथी जेसन रॉय और इयोन मोर्गन रॉयल्स का हिस्सा है। पूर्व खिलाड़ी जेपी डुमिनी इस टीम के मुख्य कोच है जिसमें डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी और तबरेज शम्सी की स्थानीय तिकड़ी भी मौजूद है। इस लीग के सभी मैच भारत में वायाकॉम 18 स्पोर्ट्स पर प्रसारित होंगे। लीग आयुक्त ग्रीम स्मिथ ने कहा, एसए20 के शुरूआती सत्र के लिए कार्यक्रम की घोषणा करना हम सभी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।"

## एआईएफएफ की 80,000 रुपये मासिक वेतन पर 50 पेशेवर रेफरी रखने की योजना

नयी दिल्ली, 8 नवंबर। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) देश में रेफरी के स्तर को ऊपर उठाने के उद्देश्य से अनुबंध के आधार पर 50 रेफरी नियुक्त करने और उन्हें मासिक वेतन के रूप में 'अच्छी' राशि का भुगतान करने की तैयार कर रहा है। एआईएफएफ की कोशिश है कि रेफरी को आजीविका के लिए किसी और काम का सहारा ना लेना पड़े। एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा कि रेफरी के स्तर में तभी सुधार किया जा सकता है जब भारतीय रेफरी अपने परिवार को चलाने के लिए पर्याप्त कमाई कर सके और इस पेशे को पूर्णकालिक काम की तरह करे।

इंडियन सुपर लीग टीमों के विदेशी कोच भारतीय रेफरी की उनकी 'त्रुटियों' के लिए आलोचना करते रहे हैं। चौबे ने मंगलवार को पीटीआई-भाषा से कहा, "आईएसएल, आई-लीग या संतोष ट्रॉफी जैसे बड़े टूर्नामेंटों में रेफरी के गलत फैसले से जुड़ी शिकायतें मिलती रही है। इससे टीमों का प्रदर्शन प्रभावित होता है।"

उन्होंने बताया, मौजूदा समय में रेफरी का पारिश्रमिक बहुत कम है। राज्य लीग में एक रेफरी को 2500 से 5000 रुपये और राष्ट्रीय लीग में 8000 से 10,000 रुपये तक मिलते हैं। यह सालाना ढाई लाख रुपये से तीन लाख रुपये होते हैं जो आजीविका चलाने के लिए काफी कम हैं। "

उन्होंने कहा, हमने इस मुद्दे को सुलझाने के लिए तय किया है कि 50 रेफरी नियुक्त किए जाएंगे और उनमें से प्रत्येक को 50,000 से 80,000 रुपये प्रति माह का वेतन दिया जाएगा, जो एक रेफरी के लिए अपने परिवार के खर्चों को चलाने के लिए पर्याप्त होगा।" उन्होंने कहा कि ऐसा होने पर रेफरी पूरी तरह से अपने काम पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं।

## चंद्रपॉल, कादिर और एडवर्ड्स आईसीसी हाल ऑफ फेम में शामिल

दुबई, 8 नवंबर। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को गुजरे जमाने के तीन महान खिलाडियों शिवनारायण चंद्रपॉल, चार्लोट एडवर्ड्स और अब्दुल कादिर को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया है। आस्ट्रेलिया के सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2022 के पहले सेमीफाइनल में खेल शुरू होने से पहले तीनो खिलाडियों को सम्मानित किया जायेगा। इनमे से पाकिस्तान के अब्दुल कादिर को मरणोपांत यह सम्मान दिया जायेगा। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस ने कहा, आईसीसी हॉल ऑफ फेम उन प्रतिष्ठित व्यक्तियों का जश्न मना रहा है जिन्होंने क्रिकेट के इतिहास को आकार दिया है। शिवनारायण, चार्लोट और अब्दुल के स्थायी योगदान को याद करना अद्भुत है। क्रिकेट के इन तीन दिग्गजों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर जबरदस्त सफलता मिली और वे आईसीसी हॉल ऑफ फेमर्स के रूप में अपनी स्थिति के बड़े पैमाने पर हकदार हैं।

## भारतीय फुटबॉल को आगे बढ़ाने के लिए जमीनी स्तर पर निवेश एकमात्र तरीका : भूटिया

बेंगलुरू, 8 नवंबर। भारत के पूर्व फुटबॉल कप्तान बाइचुंग भूटिया का मानना है कि देश में खेल को आगे ले जाने के लिए जमीनी स्तर पर विकास में निवेश ही एकमात्र रास्ता है। भूटिया ने कहा कि देश में सभी उम्र के फुटबॉलरों को अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए पर्याप्त प्रतिस्पर्धी मैच खेलने का मौका मिलना चाहिए।

भूटिया ने मंगलवार को एक कार्यक्रम के इतर से कहा, "आपको युवाओं, जमीनी स्तर के विकास में निवेश करने की जरूरत है और फिर इससे खिलाड़ियों और क्लब को फायदा होगा। इसी तरह देश में फुटबॉल का विकास होता है। अगर आप भारत में फुटबॉल को वास्तव में आगे ले जाना चाहते हैं तो यही एकमात्र तरीका है।"

उन्होंने कहा, "हमें ग्रामीण इलाकों, जिलों और राज्य स्तर पर बच्चों तक पहुंचना होगा। दुख की बात है कि हम उन्हें प्रतिस्पर्धा का मौका नहीं दे रहे। बच्चे अपने स्वयं के आयु वर्ग के भीतर प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम नहीं हैं। यह सबसे बड़ी चुनौती है।" अपने जमाने के दिग्गज स्ट्राइकर भूटिया ने यूरोपीय क्लबों द्वारा अपनाए जाने वाले फॉर्मूले को अपनाने की भी वकालत की जो युवा प्रतिभाओं में निवेश करते हैं और उन्हें स्तरीय खिलाड़ी बनने के लिए तैयार करते हैं।

उन्होंने कहा, "इस मॉडल को भारतीय फुटबॉल क्लबों द्वारा अपनाया जाना चाहिए। इस तरह आप जमीनी स्तर पर निवेश करते हैं। अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका में बहुत सारे क्लब जमीनी स्तर से युवा प्रतिभा को अपने साथ जोड़ते हैं, उन्हें प्रशिक्षित करते हैं और फिर उन्हें यूरोप के बड़े क्लबों में बेचते हैं। वे वापस जाते हैं और अपने देश के लिए खेलते हैं और यहीं से देश को भी प्रतिभा का लाभ मिलता है।" भूटिया ने कहा, "इस तरह फुटबॉल बढ़ता है।

# सूर्यकुमार ने लंबा सफर तय किया, उम्मीदों से बेहतर कर रहा : एबी डिविलियर्स

नयी दिल्ली, 8 नवंबर। ऑस्ट्रेलिया में खेले जा रहे टी20 विश्व कप के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक सूर्यकुमार यादव ने '360 डिग्री' बल्लेबाज के तौर पर एबी डिविलियर्स से अपनी तुलना को अपरिपक्व कहा था लेकिन दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज ने इसे उचित करार दिया। क्रिकेट में मैदान के हर तरफ शॉट लगाने की काबिलियत के कारण डिविलियर्स को मिस्टर 360 डिग्री के उपनाम से जाना जाता है। सूर्यकुमार ने मौजूदा विश्व कप के पांच मैचों में 225 रन बनाये हैं जिसमें उन्होंने तीन अर्धशतकीय पारियां खेली हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 193.97 का रहा है। उन्होंने मैदान के हर कोने में शॉट लगाने की अपनी क्षमता से विशेषज्ञों और प्रशंसकों को आश्चर्यचकित किया है। इस 32 साल के खिलाड़ी ने बल्लेबाजी के लिए मुश्किल परिस्थितियों में भी मन मुताबिक रन बटोरे।सूर्यकुमार ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पर्थ में ऐसी ही पारी खेली थी। डिविलियर्स से अपनी तुलना को खारिज करते हुएसूर्यकुमार ने कहा था कि सिर्फ एक ही खिलाड़ी 'मिस्टर 360 डिग्री' जैसे तमगे का हकदार है लेकिन दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ऐसा नहीं मानते। उन्होंने कहा, मैं सूर्यकुमारके लिए बहुत खुश हूं। मुझे लगता है कि वह बहुत लंबा सफर तय कर चुका है। मुझे उम्मीद नहीं थी की वह इतना बेहतर करेगा।" डिविलियर्स ने कहा, "वह शुरुआत में



संभल कर खेलने के बाद गेंदबाजों पर दबदबा बनाता है। यह देखना दिलचस्प है और उसका भविष्य शानदार है।" डिविलियर्स से जब पूछा गया कि क्या समय आ गया है जब सूर्यकुमार यादव की तुलना उनसे की जाये तो उन्होंने कहा, "हां, वह मेरी तरह ही खेलता है। उसे सिर्फ अपने प्रदर्शन में निरंतरता पर ध्यान देना होगा। उसे अगले पांच-दस साल तक ऐसा ही करना होगा।" इस 38 साल के पूर्व खिलाड़ी ने कहा कि टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में चार सर्वश्रेष्ठ टीमें पहुंची है लेकिन अंतिम चार के फैसले के लिए और अधिक मैच खेले जाने चाहिए थे। भारत, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान की टीमें सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं। इस टूर्नामेंट में कई उतार-चढ़ाव देखने को मिले। क्वालीफाइंग चरण के बाद बारह टीमों ने सुपर 12 चरण का गठन किया जिन्हें छह-छह टीमों के दो ग्रुप में बांटा गया। लीग चरण में टीमों ने पांच मैच खेले और डिविलियर्स के लिए यह संख्या के पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि दुनिया की शीर्ष चार टीमें विश्व कप के सेमीफाइनल में हैं। मै यह भी मानता हूं कि इसे तय करने के लिए और अधिक मैच खेले जाने चाहिए थे।" उन्होंने कहा कि मुख्य चरण में हर टीमों को एक दूसरे का सामना करने का मौका मिलना चाहिए था और फिर आईपीएल की तर्ज पर अंतिम चार का आयोजन होना चाहिये। उन्होंने कहा, "मेरे मुताबिक यह सही होगा। इससे 99 प्रतिशत बार आप सर्वश्रेष्ठ टीम को फाइनल में पहुंचते देखेंगे।"

# ई.डब्ल्यु.एस. कोटे पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को चुनौती देंगे स्टालिन

## तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के स्टालिन ने अन्य पार्टियों का समर्थन पाने के लिए 12 नवम्बर को सर्वदलीय बैठक बुलाई

■ मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा है कि, कोर्ट के इस फैसले से 100 सालों से लड़ी जा रही लड़ाई को बहुत बड़ा आघात पहुंचा है, और इसके कारण सामाजिक समरसता को नुकसान पहुंचेगा।

चेन्नई, 8 नवंबर (वार्ता)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं सत्तारूढ़ द्रविण मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एम.के.स्टालिन ने 12 अक्टूबर को सभी विधायक दल के नेताओं की बैठक बुलाई है जिसमें इकोनॉमिकली वीकर सैक्शंस (ई.डब्ल्यू.एस.) को आरक्षण को लेकर आगे की कार्रवाई पर चर्चा होगी।

स्टालिन ने उच्चतम न्यायालय द्वारा ईडब्ल्यूएस के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण को बरकरार रखने के एक दिन बाद यह बैठक बुलाने का निर्णय लिया है।

मंगलवार को जारी आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि, बैठक 12 नवंबर को पूर्वाह्न 10.30 बजे राज्य सचिवालय के नमक्कल कविनार मालिगई में होगी।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि चूंकि यह आरक्षण सामाजिक न्याय और समानता को बनाए रखने और सामाजिक न्याय की नीति के खिलाफ है, इसलिए 12 अक्टूबर को सभी विधायक दलों के नेताओं की एक बैठक बुलाई गई है, ताकि आगे की कार्रवाई पर चर्चा की जा सके। मुख्यमंत्री ने सभी विधायक दलों के नेताओं को बैठक के लिए आमंत्रित करने के लिए पत्र भेज दिया है। बैठक में प्रत्येक पार्टी के दो प्रतिनिधियों को बैठक में भाग लेने की अनुमति है।

उल्लेखनीय है कि शीर्ष अदालत ने सोमवार को ईडब्ल्यूएस के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण को बरकरार रखने का फैसला किया है। इस फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए स्टालिन ने इसे सामाजिक न्याय को बनाए रखने के लिए सदियों पुराने संघर्ष के लिए एक झटका करार दिया।

स्टालिन ने कहा कि द्रमुक 2019 में अगड़ी जातियों को ईडब्ल्यूएस को 10 फीसदी आरक्षण की सुविधा देने वाले केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए कानून के खिलाफ कानूनी लड़ाई का नेतृत्व कर रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में आज दिए गए फैसले को सामाजिक न्याय को बनाए रखने के लिए सदियों पुराने संघर्ष के लिए एक झटका माना जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ईडब्ल्यूएस के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण के खिलाफ हमारी लड़ाई को आगे बढ़ाने के लिए अगला कदम पूरे फैसले का अध्ययन करने और कानूनी विशेषज्ञों के परामर्श के बाद तय किया जाएगा।

## झारखण्ड इनकम टैक्स छापे में 100 करोड़ रु. की सम्पत्ति बरामद हुई

नई दिल्ली, 8 नवंबर (वार्ता)। आयकर विभाग ने झारखंड में दो राजनेताओं और उनके सहयोगियों के यहां की गयी छापेमारी में दो करोड़ रुपये से अधिक की नकदी जब्त करने के साथ ही 100 करोड़ रुपये से अधिक के बेहिसा लेनदेन और निवेश किये जाने का पता लगाया है।

विभाग ने आज यहां जारी बयान में यह जानकारी देते हुये कहा कि गत चार नंबवर को यह कार्रवाई की गयी थी। दो राजनेताओं और उनके सहयोगियों के कोयला कारोबार, परिवहन, ठेका, लौह अयस्क खनन और कच्चे लौहे के उत्पादन से जुड़े कारोबार को लेकर यह छापेमारी की गयी। विभाग ने एक साथ रांची, गोड्डा, बेरमो, दुमका, जमशेदपुर, झाईबासा, पटना, गुरूग्राम और कोलकाता स्थित 50 परिसरों पर छापेमारी की।

इस दौरान जो साक्ष्य मिले उससे पता चला है कि इन समूहों ने कर चोरी के लिए विभिन्न तरीकों को अपनाया और व्यय को बहुत बढ़ा चढ़ा कर दिखाया।

# राजेश शर्मा को राष्ट्रीय ब्राह्मण शिरोमणि अवॉर्ड




*राष्ट्रदूत के सम्पादक राजेश शर्मा जी को सर्व ब्राह्मण महासभा ने राष्ट्रीय ब्राह्मण शिरोमणि अवॉर्ड से सम्मानित किया।*

■ सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा नई दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित कार्यक्रम में, निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज ने यह अवॉर्ड दिया।

■ सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, हाई कोर्ट की पूर्व जस्टिस ज्ञान सुधा मिश्रा भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

नई दिल्ली, 8 नवम्बर (कासं)। सर्व ब्राह्मण महासभा की ओर से नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित राष्ट्रीय ब्राह्मण अधिवेशन में दैनिक राष्ट्रदूत समाचार पत्र के संपादक राजेश शर्मा को राष्ट्रीय ब्राह्मण शिरोमणि अवॉर्ड से नवाजा गया।

समारोह में मुख्य अतिथि निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि महाराज ने यह अवॉर्ड भेंट किया।

इस मौके पर विशिष्ट अतिथि कानूनविद् एडवोकेट एच.सी. गणेशिया, उच्चतम न्यायालय की पूर्व न्यायाधिपति जस्टिस ज्ञान सुधा मिश्रा, सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा, संयोजक राकेश के. शुक्ला और मेहंदीपुर बालाजी ट्रस्ट के शिक्षा सचिव सुदीप तिवाड़ी मौजूद थे।

इस राष्ट्र स्तरीय समारोह का संचालन जानी-मानी कलाकार रमा पाण्डे और आचार्य राजेश्वर तथा पं. अभिषेक अवस्थी ने किया। महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह में देशभर से 25 राज्यों के प्रतिनिधि शरीक हुए।

जिनमें आईएएस, आईपीएस, फिल्म निर्माता, कानूनविद, चिकित्सा, ज्योतिष, संगीत-साहित्य, गौ सेवा और पत्रकारिता सेवा से जुड़े लोग भी शामिल थे।

## रिज़ल्ट...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

है जिससे सभी कार्य नहीं हो पा रहे हैं। अभिभावक बार- बार स्कूलों में जाकर जानकारी लेते हैं लेकिन स्कूलों के संस्था प्रधानों से संतोषजनक जबाब नहीं मिल पा रहा है। कक्षा पांचवीं में 14 लाख व 53 हजार और कक्षा आठवीं में 12 लाख 63 हजार विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। अंकतालिका कब तक आयेगी इसके बारे मे कोई जानकारी नहीं है। राज्य में इतना समय तो कक्षा 10 व 12वीं की अंकतालिका आने में भी नहीं लगता है। शिक्षक संघ रेसटा के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद का कहना है कि राज्य के लाखों विद्यार्थियों को समय पर अंकतालिका नहीं मिलना खेद का विषय है। इससे विद्यार्थियों को मिलने वाली योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। शिक्षक संघ रेसटा की राज्य के शिक्षा मंत्री व निदेशक से मांग है कि इस मामले में तुरंत संज्ञान लेते हुए स्कूलों में अंकतालिकाएं भिजवाई जाएं।

## चीन के राष्ट्रपति शी यूक्रेन में न्युक्लियर बम...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

यही इंगित किया है कि वह परमाणु हथियारों का प्रयोग कर सकती है।''

''इसके साथ ही उसने कई बार यह भी कहा है कि वह परमाणु हथियारों का प्रयोग नहीं करेगा। अत: इस मामले में रूस की स्थिति स्पष्ट नहीं है, लेकिन वह फिर भी चिन्ताजनक है। आप परमाणु हथियार को खिलौने की जैसे इस्तेमाल नही कर सकते।'' अमेरिका ने कहा है कि ऐसा कोई संकेत नहीं है कि रूस परमाणु हथियारों के उपयोग की तैयारी कर रहा है, लेकिन उसने मॉस्को की परमाणु हथियारों की बात को भयाक्रांत करने वाला बताते हुए उसकी आलोचना की। वॉशिंगन और ग्रुप 7 के अन्य देशों ने भी मॉस्को के इस दावे को खारिज किया है कि कीव ने उसकी भूमि पर ''डर्टी बम'' का प्रयोग करने की योजना बनाई थी। डर्टी बम एक रेडियोएक्टिव विस्फोटक होता है जिसका उद्देश्य भारी जनहानि करने के बजाए प्रदूषण फैलाना होता है।

व्लादिवोस्तोक स्थित फार ईस्टर्न फैडरल यूनिवर्सिटी में इन्टरनेशन स्टडीज़ के एक एसोसिएड प्रोफेसर ऑर्टोम ल्यूकिन झाउ की इस बात से सहमत हैं, कि यूक्रेन में परमाणु हथियारों को लेकर शी के विरोध के बावजूद रूस के साथ चीन के संबंध खराब नही होंगे। उन्होंने कहा कि ''रूस ने अपने पूर्व उन अन्तर्राष्ट्रीय बयानों से कभी कि नारा नहीं किया कि परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कभी नहीं करना चाहिए और यह कि परमाणु युद्ध कभी नहीं जीते जा सकते तथा इन्हें कभी नहीं लड़ा जाना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि इसलिए शुल्ज़ को दिया गया शी का बयान मॉस्को की स्थिति के अनुरूप है, लेकिन रूस ने नाटो को सैनिक भेजने से डराने के लिए पश्चिमी देशों के खिलाफ इन हथियारों के संभावित प्रयोग का इशारा किया था और वह अब भी इनके इस्तेमाल की धमकी दे रहा है। ईस्ट चाहना नॉर्मल यूनिवर्सिटी के सैन्टर फोर रशियन स्टडीज़ के एक एसोसिएट प्रोफेसर वॉन क्विनसांग ने भी कहा कि परमाणु हथियारों के इस्तेमाल के प्रयोग का विरोध करने से दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध खराब नहीं होंगे क्योंकि परमाणु हथियारों के संचालन नियमों को तय कने में रूस की भी भूमिका थी।

## 'जो नेता...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जिम्मेदारी है। अगर वे अपनी नैतिक जिम्मेदारी नहीं निभाते हैं तो समय किसी का गुलाम नहीं है। जब समय आएगा तो अपने आप फैसला होगा। पार्टी अब भी हर बात को नोट कर रही है। चाहे प्रदेश कांग्रेस कमेटी हो या फिर ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी। गलत बयानबाजी करने वाले हर नेता की बात नोट की जा रही है। चाहे मंत्री हो या विधायक इस तरह नहीं बोलना चाहिए, क्योंकि अगर जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग कुछ बोलकर पार्टी नुकसान करते हैं तो जनता और कार्यकर्ता उन्हें माफ नहीं करेंगे।''

## भारत-फ्रांस के...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

हैं। यहां के आसमान में गूंजती राफेल, सुखोई और तेजस जैसे एडवांस्ड फाइटर जेट की आवाजें दुश्मनों को डराने के लिए काफी हैं। गौरतलब है कि इन दिनों यहां भारत और फ्रांस की एयरफोर्स के बीच गरुड़-7 युद्धाभ्यास किया जा रहा है।

करीब दस दिन से जारी इस युद्धाभ्यास में आज दोनों देशों के एयर चीफ ने भी फाइटर जेट्स में करीब एक घंटे तक उड़ान भरी। इस अभ्यास में हवा में फ्यूल भरने से लेकर वैपन सिस्टम के नए सिरे से यूज करने की प्रैक्टिस की गई। मंगलवार को एक साथ 10 फाइटर जेट और एक ट्रांसपोर्टर एयरक्राफ्ट ने एयरबेस से उड़ान भरी। ये सभी फाइटर जेट हवा में प्रैक्टिस करते रहे, वहीं ट्रांसपोर्टर एयरक्राफ्ट ने हवा में विमानों में फ्यूल भरने की प्रैक्टिस की।

मंगलवार को सुबह 11 बजकर 20 मिनट पर जोधपुर एयरबेस से राफेल, सुखोई और तेजस फाइटर जेट ने उड़ान भरी। खास बात यह भी रही कि इस युद्धाभ्यास में भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर चौधरी ने राफेल और फ्रांसीसी एयरफोर्स फ्रेंच आर्मी डे एयर के चीफ जनरल स्टीफन ने सुखोई में को-पायलट के तौर पर उड़ान भरी।

ये दूसरा मौका है जब जोधपुर एयरबेस पर गरुड़ युद्धाभ्यास के दौरान दोनों देशों के चीफ ने एक दूसरे के फाइटर उड़ाए। इससे पहले साल 2014 में गरुड़ के 5वें संस्करण के दौरान भारतीय वायुसेना के तत्कालीन चीफ अरूप राहा और फ्रांसीसी चीफ डेनिस मेर्सियर ने उड़ान भरी थी।

जोधपुर में भारत और फ्रांस की एयरफोर्स का संयुक्त युद्धाभ्यास 26 अक्टूबर से शुरू हुआ। यह 12 नवंबर तक चलेगा। इस वॉर प्रैक्टिस के जरिए दोनों देशों की एयरफोर्स के पायलट्स एक-दूसरे के साथ अपने अनुभव साझा कर रहे हैं। दोनों देशों की एयरफोर्स के बीच गरुड़ सीरिज के पहले छह युद्धाभ्यास हो चुके हैं, उनमें से तीन भारत में और तीन फ्रांस में हुए हैं। इससे पहले वर्ष 2014 में जोधपुर में यह युद्धाभ्यास हो चुका है।

## नीतीश, गुजरात...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

गुजरात में एक राजनैतिक ताकत के रूप में जे.डी.यू. पतनोन्नमुखी रही है। 2002 में, जे.डी.यू. ने गुजरात की 29 सीटों पर चुनाव लड़ा था तथा केवल 2 सीटें जीती थीं, जबकि उसके 27 उम्मीदवारों की जमानतें जब्त हो गई थीं। 2007 में, पार्टी ने 35 सीटों पर अपने प्रत्याशी खड़े किये थे तथा केवल 1 सीट जीती थी। 2017 के चुनावों में जिन 28 सीटों पर उसने चुनाव लड़ा था, उनमें से एक भी सीट वह नहीं जीत पायी थी।

पिछले वर्षों में, वसावा ने विभिन्न राजनैतिक दलों की तरफ मित्रता का हाथ बढ़ाया है। 2017 के गुजरात चुनावों में, उन्होंने कांग्रेस के साथ गठबंधन किया था, जिसने बी.टी.पी. को 5 सीटें आवंटित की थीं।

इनमें से बी.टी.पी. दो सीटों पर जीती थी- डेडिया पाड़ा से महेश वसावा तथा भरूच जिले के झगाड़िया सीट से स्वयं छोटूभाई चुनाव जीते थे। इस साल के शुरु में, वसावा ने आप के साथ चुनाव-पूर्व गठजोड़ की घोषणा कर दी थी, लेकिन यह समझौता उन्होंने एकपक्षीय रूप से मई में खत्म कर दिया था।

## बाल श्रम के...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बताया कि, अभियुक्त मोहम्मद सय्यूम उन्हें यहां लेकर आया है। बच्चों ने बताया कि, वह उनसे जबरन चूड़ियां बनवाने का काम करवाता है। करीब पंद्रह घंटे काम कराने के बाद भी उन्हें भरपेट भोजन भी नहीं दिया जाता। इसके अलावा न तो उन्हें बाहर आने-जाने दिया जाता है और ना ही किसी व्यक्ति से बातचीत करने देता है। इस पर पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया।

# भारत जोड़ो यात्रा अब तीन दिन पहले, 3 दिसंबर को आएगी राजस्थान में

## पिड़ावा से राजस्थान में प्रवेश करेगी, 6 जिलों से होते हुए मेवात में जायेगी, मालाखेड़ा में बड़ी सभा होगी

■ पायलट, गहलोत, डोटासरा सहित सभी नेता यात्रा में मौजूद रहेंगे।

■ जिन 6 जिलों में भारत जोड़ो यात्रा जाएगी, वो पायलट की मजबूत पकड़ वाले क्षेत्र माने जाते हैं।

जयपुर, 8 नवम्बर (का.प्र.)। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का कार्यक्रम राजस्थान में कुछ बदलाव के साथ जारी होगा क्योंकि जो यात्रा 6 दिसंबर को राजस्थान में प्रवेश करने वाली थी वह अब 3 या 4 दिसंबर को ही राजस्थान में आ जाएगी। यात्रा को लेकर यह तय है कि रूट में बड़ा बदलाव नहीं है। वह झालावाड़ के बाद कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, दौसा और अलवर होते हुए मेवात में जाएगी। इस दौरान अलवर के मालाखेड़ा में राहुल गांधी की बड़ी आमसभा होगी।

बदलाव के बाद संभावित कार्यक्रम के अनुरूप यात्रा अब 3 से 4 दिसंबर की मध्यरात्रि झालावाड़ जिले के पिड़ावा से राजस्थान में प्रवेश करेगी।

यहां मध्यप्रदेश और राजस्थान की सरहद पर इसका स्वागत मुख्यमंत्री अशोक गहलोत करेंगे। इस मौके पर पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट, प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिहं डोटासरा, सभी मंत्री और विधायकों सहित पार्टी पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। यात्रा की तैयारियों के सिलसिले में जयपुर आए विभाकर शास्त्री ने बताया की यात्रा का रूट एक दो दिन में फाइनल कर दिया जाएगा और उसके बाद विस्तृत कार्यक्रम जारी किया जाएगा।

इससे पहले मुख्यमंत्री गहलोत ने शुक्रवार को खान मंत्री प्रमोद जैन भाया से मुलाकात कर यात्रा की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। मध्यप्रदेश की सरहद तक राहुल के साथ वहां के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और कमलनाथ भी आएंगे।

दिग्विजय सिंह तो राजस्थान में भी यात्रा के साथ रहेंगे लेकिन कमलनाथ वापस लौट जाएंगे। संभावित कार्यक्रम के अनुसार यात्रा के दौरान कांग्रेस पार्टी की ओर से विभिन्न कॉलेजों और यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं से भी राहुल गांधी की मुलाकात करवाई जाएगी। यात्रा प्रमुख रूप से झालावाड़-बारां, कोटा-बूंदी के गुर्जर बाहुल्य क्षेत्रों के साथ सवाईमाधोपुर, दौसा अलवर होते हुए मेवात में प्रवेश करेगी। इस क्षेत्र की सभी गुर्जर बहुल सीटों पर सचिन पायलट का खासा प्रभाव माना जाता है।

कांग्रेस पार्टी और सरकार इस यात्रा के जरिए जनता को यह संदेश भी देना चाहेगी कि पार्टी पूर्णत: एकजुट है और सरकार या पार्टी में कहीं कोई गुटबाजी या अस्थिरता का माहौल नहीं है।

यात्रा की तैयारियों का जायजा लेने राहुल के प्रतिनिधि सुशांत मिश्रा व उनकी टीम झालावाड़ पहुंच चुकी है। मिश्रा राहुल की यात्रा के रूट प्रबंधन और मीटिंग का काम देख रहे हैं। मिश्रा ने झालावाड़ के पिड़ावा क्षेत्र का शनिवार को दौरा किया था।

# कांग्रेस का ट्विटर हैण्डल ब्लॉक नहीं होगा

## कर्नाटक हाई कोर्ट ने बैंगलुरु की स्थानीय अदालत के इस संबंध में दिये गये फैसले पर तत्काल रोक लगाई

■ जैसा कि विदित है कि, के.जी.एफ. चैप्टर-2 फेम म्यूज़िक कंपनी ने सोमवार को कांग्रेस के खिलाफ उनकी फिल्म के गानों एवं वीडियो को बिना इजाजत इस्तेमाल करने के आरोप लगाये थे जिस पर बैंगलुरु की कॉमर्शियल कोर्ट ने कांग्रेस व भारत जोड़ो यात्रा, दोनों के ट्विटर हैण्डल को ब्लॉक करने का आदेश दिया था।

बैंगुलुरु, 8 नवम्बर। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कांग्रेस पार्टी और उसकी भारत जोड़ो यात्रा के ट्विटर अकाउंट को ब्लॉक करने वाले विशेष अदालत के एक आदेश को रद्द कर दिया। बेंगलुरु शहरी जिले की एक विशेष अदालत ने सोमवार को ट्विटर को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आईएनसी) और इसकी 'भारत जोड़ो यात्रा' के 'हैंडल' को सुनवाई की अगली तारीख तक ''ब्लॉक'' करने का निर्देश दिया था। हालांकि अब कर्नाटक हाईकोर्ट ने इस फैसले को रद्द कर दिया है। बेंगलुरु शहरी जिले की एक विशेष अदालत का आदेश एमआरटी म्यूजिक द्वारा एक वाद दायर किए जाने के बाद आया था। एमआरटी म्यूजिक 'केजीएफ चैप्टर 2' फिल्म के 'साउंड ट्रैक' का कॉपीराइट धारक है। इसने अदालत में वाद दायर करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपने 'आईएनसी इंडिया' और 'भारत जोड़ो' ट्विटर हैंडल से कुछ वीडियो ट्वीट किए थे जिनमें हिट फिल्म केजीएफ-2 के म्यूजिक का इस्तेमाल किया गया था।

कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि अगर साउंड रिकॉर्ड्स के अवैध इस्तेमाल को प्रोत्साहित किया गया तो इससे म्यूजिक लेबल को नुकसान होगा और बड़े पैमाने पर पाइरेसी को बढ़ावा मिलेगा। कोर्ट ने आगे कहा, 'शिकायतकर्ता ने विशेष रूप से सीडी पेश की और अवैध रूप से इस्तेमाल किए गए गानों के संस्करण के साथ ऑरिजिनल गाने को दिखाया।

## भारत जी-20 का अध्यक्ष

नई दिल्ली, 8 नवम्बर। एक दिसंबर से भारत जी-20 की अध्यक्षता संभालेगा। इससे पहले प्र.मंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भारत के जी-20 प्रेसीडेंसी के, थीम और वेबसाइट का अनावरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस लोगो और थीम के जरिए हमने एक संदेश दिया है। उन्होंने कहा, मैं भारत की जी20 अध्यक्षता के ऐतिहासिक अवसर पर देशवासियों को बधाई देता हूं। वसुधैव कुटुम्बकम विश्व के प्रति भारत की करुणा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जी-20 ऐसे देशों का समूह है, जिनका आर्थिक सामर्थ्य, विश्व की 85 जीडीपी का प्रतिनिधित्व करता है। जी-20 उन 20 देशों का समूह है, जो विश्व के 75 फीसदी व्यापार का प्रतिनिधित्व करता है।

## कर्नाटक में कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष ने मणि...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

ने यह नाम भारतवासियों का उपहास करने के उद्देश्य से दिया था तथा बहुत से लोगों ने इसे चुनौती भी दी थी। अपनी बात पर दृढ़ता से अड़े हुये जर्कीहोली ने कहा कि ''हिन्दू'' शब्द का अर्थ बहुत गंदा है तथा उन्होंने अपनी इस टिप्पणी को वापस लेने के कांग्रेस नेतृत्व के हुक्म के आगे सिर झुकाने से इंकार कर दिया। जब मीडियाकर्मियों ने कांग्रेस नेतृत्व के आदेश पर उनकी प्रतिक्रिया जाननी चाही, तो उन्होंने मीडियाकर्मियों से कहा, ''मैं सही हूँ, वे भी इस बात को स्वीकार करते हैं कि हिन्दू शब्द फारस से आया है। मैंने तो किसी की आलोचना भी नहीं की है, और हिन्दूओं की तो बिल्कुल भी नहीं। इसलिये माफी माँगने का या बयान को वापस लेने का प्रश्न ही कहाँ उठता है। अगर मैं गलत सिद्ध हो जाऊं, तो क्षमा माँगने की तो बात ही क्या है, मैं पार्टी विधायक पद से इस्तीफा दे दूँगा।''

उन्होंने रविवार को कर्नाटक के बेलागावी जिले की एक जनसभा को संबोधित करते हुए वस्तुत: कहा था कि ''हिन्दू'' एवं ''हिन्दू धर्म'' शब्दों की उत्पत्ति या मूल पर चर्चा होनी चाहिये, क्योंकि ये शब्द ''हमारे'' नहीं हैं। उन्होंने कहा, ''हिन्दू शब्द की उत्पत्ति कहाँ से हुई? क्या यह शब्द हमारा है? यह फारसी है।'' उन्होंने कहा कि तत्कालीन फारस आज इराक, ईरान, कज़ाकिस्तान तथा अफगानिस्तान के रूप में हैं। कांग्रेस महासचिव तथा कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने जर्कीहोली के बयान की निन्दा की तथा उनकी टिप्पणी से पार्टी को अलग रखने की कोशिश की। लेकिन जो नुकसान हो सकता था, वह हो चुका है क्योंकि भाजपा नेता कांग्रेस पर सीधा हमला बोल रहे हैं तथा इसे हिन्दू-विरोधी बता रहे हैं।

भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि यह संभव है कि अल्पसंख्यक समुदाय के वोट प्राप्त करने की कोशिश में, राहुल गांधी ने, अपनी भारत जोड़ो यात्रा के कर्नाटक से गुजरते समय ये टिप्पणियाँ अपनी पार्टी नेताओं तक पहुँचाई हों। भाजपा नेता का मकसद साफ था- ऐसे समय पर, जब राजनीति एवं राज्य व्यवस्था साफ तौर पर बँटी हुई है, कांग्रेस को हिन्दू-विरोधी तथा अल्पसंख्यक-समर्थन पार्टी के रूप में प्रस्तुत करना।

इस बात को भाँपते हुये, कांग्रेस की कोशिश है कि वह स्वयं को इस पूरे विवाद से अलग रखे, लेकिन इस मुद्दे को बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत करने की भाजपा की दक्षता के चलते, कांग्रेस ने भाजपा को एक ऐसा मुद्दा थमा दिया है कि वह कांग्रेस को कहीं का नहीं छोड़े। भाजपा ने, अधिकृत रूप से, ट्विटर पर कांग्रेस के लिये एक जटिल प्रश्न रखते हुये, उससे पूछा कि क्या कर्नाटक के कार्यकारी अध्यक्ष सतीश जर्कीहोली की टिप्पणी कांग्रेस पार्टी का विचार है।

इधर कांग्रेस नेता सुरेजवाला ने एक ट्वीट में कहा है: ''हिन्दू एक जीवन-शैली एवं सभ्यता से जुड़ी एक वास्तविकता है। कांग्रेस ने हमारे राष्ट्र का निर्माण इस रूप में किया है कि वह प्रत्येक धर्म, आस्था एवं धार्मिक मत का सम्मान करे। यह भारत का सारतत्व है। सतीश जर्कीहोली से जुड़ा बयान अत्यधिक दुर्भाग्यपूर्ण तथा खारिज किये जाने योग्य है। हम (कांग्रेस) साफ तौर पर इसकी भर्त्सना करते हैं।''

## कुलदीप कुमार कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता बने

नयी दिल्ली, 8 नवंबर (वार्ता)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप कुमार को राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पार्टी महासचिव संगठन तथा संचार विभाग के महासचिव ने इस पद के लिए कुमार के नाम की संस्तुति दी है और उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि कुमार हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष रहे हैं। उन्हें तत्काल प्रभाव से राष्ट्रीय प्रवक्ता के तौर पर काम शुरू करने के लिए कहा गया है।

# भारत का पहला प्राइवेट रॉकेट जल्द लॉन्च होगा

## हैदराबाद स्थित निजी कंपनी ''स्काईरूट एयरोस्पेस'' ने घोषणा की कि, रॉकेट अपने साथ तीन लोगों को स्पेस (अंतरिक्ष) में ले जायेगा, इसकी लॉन्चिंग 12 से 16 नवम्बर के बीच होगी

■ स्काईरूट एयरोस्पेस देश की पहली निजी कंपनी है जो अपना खुद का स्पेस मिशन लॉन्च करने जा रही है।

■ गौरतलब है कि, 2020 में भारतीय स्पेस प्रोग्राम को निजी कंपनियों के लिए खोलने की घोषणा हुई थी, इतने कम वक्त में इस कंपनी ने अपना खुद का रॉकेट तैयार कर लिया है, यह कंपनी के लिए एक खास उपलब्धि है।

नई दिल्ली, 8 नवम्बर। भारत का पहला प्राइवेट रॉकेट विक्रम-एस 12 नवंबर से 16 नवंबर के बीच लॉन्च के लिए तैयार है। हैदराबाद स्थित अंतरिक्ष स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस ने मंगलवार को यह घोषणा की। स्काईरूट एयरोस्पेस का पहला मिशन, जिसका नाम प्रारंभ है, तीन लोगों को ले जाएगा। इसे श्रीहरिकोटा में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के लॉन्चपैड से लॉन्च किया जाएगा। स्काईरूट एयरोस्पेस के सीईओ और सह-संस्थापक पवन कुमार चंदना ने कहा, ''अधिकारियों ने 12 नवंबर से 16 नवंबर के बीच लॉन्च विंडो को नोटिफाई किया है। मौसम की स्थिति के आधार पर अंतिम तारीख तय की जाएगी।

इस मिशन के साथ ही, स्काईरूट एयरोस्पेस भारत की पहली प्राइवेट कंपनी बन जाएगी जिसने अंतरिक्ष में रॉकेट लॉन्च किया हो। इसे एक नए युग की भी शुरुआत माना जा रहा है और इसे साल 2020 में प्राइवेट सेक्टर के लिए खोला गया था। स्काईरूट एयरोस्पेस के सीईओ नागा भरत डाका ने कहा,'' विक्रम-एस रॉकेट एक सिंगल-स्टेज सब-ऑर्बिटल लॉन्च व्हीकल है जो तीन लोगों को ले जाएगा और अंतरिक्ष लॉन्च वाहनों की विक्रम श्रृंखला में अधिकांश तकनीकों का परीक्षण और सत्यापन करने में मदद करेगा। चंदना ने कहा कि इसरो और इन-स्पेस (इंडियन नेशनल स्पेस प्रमोशन एंड ऑथराइजेशन सेंटर) के अमूल्य समर्थन के कारण ही स्काईरूट इतने कम समय में विक्रम-एस रॉकेट मिशन को तैयार कर सका। भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के संस्थापक और प्रसिद्ध वैज्ञानिक विक्रम साराभाई को श्रद्धांजलि के रूप में स्काईरूट के लॉन्च वाहनों का नाम विक्रम रखा गया है। हैदराबाद में स्थित, स्काईरूट अंतरिक्ष में कमर्शियल सैटेलाइट्स को लॉन्च करने के लिए अत्याधुनिक अंतरिक्ष लॉन्च व्हीकल बनाता है।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600